



HISTORY OF INDIAN ART

(A complete theory book of Fine Arts for Class XII as per CBSE Syllabus)


In English & Hindi



Ashok Kumar Gupta
(National Awardee Teacher)









HISTORY OF INDIAN ART

(A complete theory book of Fine Arts for class XII as per CBSE syllabus)

ASHOK KUMAR GUPTA

(National Awardee Teacher)

Delhi Public School

BHEL Ranipur, Haridwar

The Theory syllabus is same
for
Painting (049)
Graphics (050)
Sculpture (051)
Applied Art (052)

चिर-स्मृति में

प्रिय

आनन्द

(22.9.1985 - 06.01.2010)

जो

असमय, अकारण अव्यक्त हो गया

Objective

(History of Indian Art)

The objective of including the history of Indian art for the students is to familiarize them with the various styles and modes of art expressions from different part of India. This would enrich their vision and enable them to appreciate and develop an aesthetic sensibility to enjoy the beauty of nature and life. The students will also have an opportunity to observe and study the evolution of its mutations and synthesis with other style and the rise of an altogether new style. The students should be made aware of art as a human experience. The teachers should be able to expose them to the wide range of artistic impressions, the media and the tools used.

The history of Indian art is a long one. Hence the students would be acquainted with brief glimpses of the development of Indian Visual art as are required for concept formation. Examples included in the course of study are selected because of their aesthetic qualities and are intended purely as guidelines.

Grateful to-

* National Gallery of Modern Art, New Delhi.
* Maharaja Sawai Singh Museum, Jaipur.
* Lalit Kala Akademi, New Delhi.
* National Museum, New Delhi.
* Kala Bhavana, Santiniketan.
* Indian Museum, Kolkata.
* Chitrashala, Mysore.

Author & Publisher : **Ashok Kumar Gupta**
T-47 Shivalik Nagar, BHEL, Ranipur,
Haridwar-249403.
Tel. 09837290088.
E-mail : ashok.hwr@gmail.com

First Edition : 2010.

Price : Rs. 190/- Only.

Cover design & Printing : **Shivalik Computers**
D-46, Shivalik Nagar, BHEL Ranipur,
Haridwar – 249403.
Ph. 09837025946

Book available at : **M/S Bhargava Marketing**
Radhika Palace,
Gali Labour Inspector Office,
Devpura, Hardwar (UK)
Tel. 01334-325212 Mob. 09837474551

प्रस्तावना

परमात्मा शिव की दृष्टि से प्राप्त अनन्त ऊर्जा का फल मेरी यह पुस्तक HISTORY OF INDIAN ART है। प्रस्तुत पुस्तक बारहवीं कक्षा के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर लिखी गई है। मुझे पूरा विश्वास है कि सरल भाषा में लिखी गई यह पुस्तक कला के छात्रों, शिक्षकों, कला प्रेमियों एवं कला महाविद्यालयों के छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। इतिहास बदलता नहीं पर लिखने वाले उसे अपने-अपने ढंग से प्रस्तुत करते हैं। हमारे विचार से पुस्तक की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह कक्षा एवं छात्रों की जरूरतों के अनुरूप हो। इस पुस्तक के लिए मेरा यही प्रयास है।

यह पुस्तक हम अपने चौबीस वर्षीय पुत्र आनन्द को अर्पित कर रहे हैं जो असमय, अकारण ही अव्यक्त हो गया। हम पति-पत्नी निर्जीव एवं विचार शून्य हो गये। आज हम दोहरी जिन्दगी का निर्वहन कर रहे हैं। बाहर से सामान्य हैं पर अन्दर से असहय पीड़ा में हैं। इस अकथनीय अन्तर्वेदना की घड़ी में हमारी प्यारी बेटी अंशु निरन्तर अपनी उपस्थिति का एहसास दिलाकर जीवनदायिनी शक्ति प्रदान करती है। अपने छात्रों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों की आँखों की सहानुभूति हममें असीम ऊर्जा का संचार करती है जिसके फलस्वरूप इस पुस्तक का कार्य पूरा हो सका है। मेरी धर्मपत्नी किरण विज्ञान की अध्येता होकर भी अनेक विषयों में रुचि रखती हैं। ईमानदारी से देखा जाये तो अवसाद की ऐसी घड़ी में भी यह पूरी की पूरी पुस्तक उनके अथक परिश्रम का परिणाम है। उनकी प्रेरणा एवं प्रयासों से ही हम इस प्रकार के रचनात्मक कार्यों को कर पाते हैं। वे जीवन के हर कदम पर हमें मजबूती प्रदान करती हैं।

हम कृतज्ञ हैं अपने ओजस्वी प्राचार्य श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय जी के जिनका सहयोग व समर्थन हमारे जीवन के कठिन से कठिन परिस्थितियों में मिलता आ रहा है जिसे चन्द शब्दों में व्यक्त कर पाना हमारे लिए कठिन है। मेरे लिए तो यह असीम अनुभूति स्वरूप है। हम अन्तर्मन से अपना आभार व्यक्त करते हैं मैडम श्रीमती उमा पाण्डेय का जिन्होंने इस पुस्तक के हिन्दी भाग की अशुद्धियों को सही करके भाषा को जीवन्त बनाया है। मेरी पहली पुस्तक में भी इन्होंने अपना पूरा योगदान किया है।

हम आभारी है राष्ट्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के अवकाशप्राप्त सचिव एवं उत्तरांचल कला परिषद, देहरादून के अध्यक्ष प्रो0 भगवती प्रकाश कम्बोज का जिनका स्नेह हमेशा ही मेरे साथ बना रहता है। उनके द्वारा लिखे गये आशीर्वाद के शब्दों ने हमारी इस पुस्तक की गरिमा को बढ़ाया है। हम हार्दिक रूप से आभारी हैं डॉ. सुखबीर सिंह के जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर इस पुस्तक के अंग्रेजी भाग की कमियों को दूर करके एक सुन्दर स्वरूप दिया है। मेरी पहली पुस्तक में भी इनका पूरा योगदान रहा है। हम धन्यवाद देते हैं श्री करतार सर्वजीत सिंह का जिन्होंने कम्प्यूटर टाइपिंग के वक्त आये तकनीकी रूकावट को दूर करने में अपना सहयोग दिया।

अन्त में, हम श्री अरूण भाटला, शिवालिक कम्प्यूटर्स, हरिद्वार को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने बहुत ही धैर्यपूर्वक पुस्तक की रूप-रेखा को ध्यान में रखते हुए ठीक समय पर हमारी इच्छानुसार इसकी छपाई की है। सभी पाठकों से मेरा विनम्र निवेदन है इस पुस्तक को उत्तम बनाने के लिए यदि उनका कोई भी सुझाव हो तो उसे अवश्य भेजें, मैं हृदय से उसका स्वागत करूँगा।

अशोक कुमार गुप्ता
हरिद्वार, 2010

FOREWORD

I am delighted to write this foreword for the book written by Mr. Ashok Kumar Gupta who is Head of the Painting Department. This book is an attempt in continuation to already written book for class XI. As a futuristic and visionary person, he thought and worked to have a complete module of syllabus at +2 level. I have heard and received many praises and complements for the previous book written by Mr. A. K. Gupta. The present book will cater to the requirements of class XII students. His all the creations, be it in the form of paintings, drawings and sketches, have always been outstanding and acted as torch bearer. I hope this book will also prove to be a light house for the students at secondary level of CBSE, New Delhi.

Mr. A. K. Gupta is passing through a very difficult phase because of some personal tragedies in his life and despite it he could complete the mission of writing this book. On this occasion I pray the Almighty God to grant him strength to continue his noble work of writing books for the students of secondary level of CBSE, New Delhi.

With best wishes,

K. C. PANDEY
PRINCIPAL
DPS Ranipur, Haridwar.

PRELUDE

The goal of education does not end simply with impacting of the knowledge in a specific area rather it encompasses the whole life of the pupil. Essentially it enables the latter to realize all his potentials – physical, intellectual, moral and spiritual in a integrated manner. Thus, in a subtle way, education implies a process of cultural transmission through dissemination and motivation of the higher values of life along with the curricular programmed. Teacher plays the pivotal role in this process. His vision, philosophy and dynamism are the key to the success of the system as well as to his individual efforts. Perhaps for this reason the teacher is believed to be a friend, a philosopher and a guide of his pupils always.

Over a few years since I have known Shri Ashok Kumar Gupta, besides being consistently and actively involved in the creative pursuits as a painter, he has also been playing the role of a true and dedicated teacher successfully. His efforts to author books for the senior art classes, I believe, is sure to extend the benefits of his long experience in the field to the respective pupils all over as well as the system. I hope his second book for the art students of class XII will also be a fruitful valuable contribution, and of course believably, and I wish it so, not the last.

Prof. B. P. Kamboj
Former Secretary
Lalit Kala Akademi,
New Delhi – 110 001

CONTENTS

Sr. No	Lesson Name	Page Number
1.	**Indian Miniature Painting**	13
	1. 1. Pal School	
	1. 2. Western Indian Painting or Jain School	
	1. 3. Central Indian Painting	
2.	**The Rajasthani School**	17
	2.1. Origin and development	
	2.2. Sub-Schools: Mewar, Bundi, Jodhpur, Bikaner, Kishangarh And Jaipur	
	2.3. Main features of the Rajasthani School	
	2.4. Study of the following Rajasthani Paintings	
	(i) Maru-Ragini	
	(ii) Raja Aniruddha Singh Hara	
	(iii) Chaugan Players	
	(iv) Krishna on Swing	
	(v) Radha (Bani-Thani)	
	(vi) Bharat meets Rama at Chitrakut	
3.	**The Pahari School**	35
	3.1. Origin and development	
	3.2. Sub-Schools: Basohli and Kangra	
	3.3. Main features of the Pahari School	
	2.4. Study of the following Pahari Paintings	
	(i) Krishna with Gopis - Basohli	
	(ii) Raga Megha - Kangra	
4.	**The Mughal School**	44
	4.1. Origin and development	
	4. 2. Main features of the Mughal School	

4. 3. Study of the following Mughal Paintings
(i) Krishna Lifting Mount Goverdhan
(ii) Babur Crossing River Sone
(iii) Jahangir Holding a Picture of Madona
(iv) Falcon on a Bird Rest
(v) Kabir and Raidas
(vi) Marriage Procession of Dara Shikoh

5. The Deccan School 58
5.1. Origin and development
5. 2. Main features of the Pahari School
5. 3. Study of the following Deccan Paintings
(i) Dancers – Hyderabad
(ii) Chand Bibi Playing Polo (Chaugan) – Gol Konda

6. New Era in Indian Art 65
6.1. An introduction
6. 2. Rama Vanquishing the pride of the ocean
6. 3. Evolution of the Indian National Flag

7. The Bengal School of Painting 70
7. 1. Origin and development of the Bengal School
7. 2. Main features of the Bengal School
7. 3. Contribution of Indian Artists in the struggle for - National Freedom Movement
7. 4. Study of the following Paintings of the Bengal School:
(i) Journey's End – Abanindranath Tagore
(ii) Parthsarathi – Nandlal Bose
(iii) Radhika – M. A. R. Chughtai

8. The Modern Trends in Indian Art 83
8. 1. An introduction
8. 2. Study of the following Paintings:
(i) Magician – Gaganendranath Tagore
(ii) Mother and child – Jamini Roy

(iii) Woman Face – Rabindranath Tagore

(iv) Three Girls – Amrita Sher Gil

8. 3. Study of the following pieces of Sculptures:

(i) Triumph of Labour – D. P. Roy Chowdhury

(ii) Santhal Family – Ramkinker Baij

9. Study of the following works of contemporary (Modern) Indian Artist: 97

9.1. Paintings:

(i) Mother Teresa – M. F. Husain

(ii) Birth of poetry – K. K. Hebbar

(iii) Gossip – N. S. Bendre

(iv) Untitled – G. R. Santosh

(v) Diagonal – Tyeb Mehta

9.2. Graphic Prints:

(i) Whirl-Pool – Krishna Reddy

(ii) Children – Somnath Hore

(iii) Devi – Jyoti Bhatt

(iv) Of Walls – Anupam Sud

(v) Man, Woman and Tree – K. Laxma Goud

9.3. Sculptures:

(i) Standing Woman – Dhanraj Bhagat

(ii) Cries Un-heard – Amar Nath Shehgal

(iii) Ganesha – P. V. Janakiram

(iv) Figure – Sankho Chaudhury

(v) Chaturmukhi – Aekka Yadagiri Rao

10. Bilbliography 127

11. Plates 129

Unit-1

INDIAN MINIATURE PAINTING

India has been very well known for several of its traditions, artistic pursuits and cultural heritage. The Jain and Buddhist traditions of paintings are the roots from which many branches of Indian art have developed. Indian miniatures from ages have also been a source of joy to millions of people all over the world.

A painting in small size, executed in water colour and on any surface is called miniature painting. It was generally executed on palm leaves, wooden boards, ivory, clothes and papers etc. Miniature painting flourished from the beginning of the 16^{th} century A.D. to the mid 19^{th} century A.D. in different schools e.g. Pal, Jain, Rajasthani, Mughal, Deccan and Pahari School.

PAL SCHOOL

Pal School was developed in Bengal under the patronage of Pal king Raja Dharm Pal and Raja Dev Pal. The first generation of miniature paintings was executed on manuscripts. These manuscripts were mostly executed on special quality of Palm leaves of (22.25 X 2.5) square inch in Bihar, Bengal and Orissa between 11^{th} and 15^{th} century A.D. The subject matter of these paintings was taken from Mahayan Buddhist manuscript 'Pragyaparmita' and 'Jatak Tales'.The style was naturalistic and displayed characteristics of Ajanta adopted to miniature scale. The main artists of this school were Dhiman and his son Bittapal. The illustrated versions of these manuscripts are found from Nepal, Bengal and the university of Nalanda and Vikramshila in Bihar. The style had been also spread in Nepal, Tibet and Burma with some variations.

In the composition mostly sava chasma faces are painted having closed eyes, flat head and very long nose, which lies across the other cheek. Maximum three figures have been used in a painting. The main figure of the composition has always been painted in middle of palm leaf with larger size in a square or rectangular block. In composition some scripts are written in 5 or 6 lines in Devnagri on both sides of painting in bright ink. No name of artist is written in these paintings. Earth colours and mineral colours are used to illustrate deities of Mahayan Buddhist religion and the Lord Buddha. Red, yellow, blue, white and black colours are used. Golden colour is not used but pink, green and purple colours are also used. Finishing of painting is done with blue or black colour. These manuscripts were supposed to be sacred and worshiped, hence no name of artist is written.

भारतीय लघु चित्रकला

सदियों से भारतवर्ष को सम्पूर्ण विश्व में अपनी विभिन्न परम्पराओं, कलात्मक क्रिया–कलापों और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। मुख्यरूप से जैन एवं बौद्ध परम्परा के चित्र भारतीय चित्रकला के मूल स्रोत हैं जहाँ से इसकी अनेक शाखाएँ विकसित हुई हैं। प्राचीन काल से ही भारतीय लघु चित्रकला संसार के करोड़ों लोगों की पसन्द है।

किसी समतल सतह पर जलरंग से बने, छोटे आकार के चित्रों को लघु चित्र कहते हैं। यह प्रायः ताल पत्र, भोज पत्र, लकड़ी के बोर्ड, हाथी दाँत, कपड़े और कागज इत्यादि पर बनाये जाते थे। लघु चित्रकला का उत्थान काल 16 वीं सदी के प्रारम्भ से लेकर 19 वीं सदी के मध्य तक विभिन्न स्कूलों पाल, जैन, राजस्थानी, मुगल, दक्कन और पहाड़ी स्कूलों के अन्तर्गत हुआ है।

पाल स्कूल

पाल स्कूल का विकास बंगाल के राजा धर्मपाल और राजा देवपाल के संरक्षण में हुआ था। पहली पीढ़ी के लघु चित्र हस्तलिखित पोथियों पर बने थे। इन पोथियों को विशेष प्रकार के ताल पत्रों पर 11 वीं सदी से 15 वीं सदी के मध्य बिहार और उड़ीसा में लिखा गया है। इन ताल पत्रों का क्षेत्रफल 22.25 × 2.5 वर्ग इंच है। इन लघुचित्रों की विषय वस्तु बौद्ध महायान पोथी 'प्रज्ञापरमिता' और जातक कथाओं से ली गई है। इन चित्रों की रूपाकंन शैली स्वाभाविक है और इनमें अजंता के चित्रगत गुण विद्यमान हैं। इस स्कूल के मुख्य कलाकार धीमान और उसका पुत्र वीतपाल था।

ये चित्रांकित पोथियाँ नेपाल, बंगाल, बिहार के नालन्दा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय से प्राप्त हुई हैं। थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ इस शैली का विस्तार नेपाल, तिब्बत और बर्मा में भी हुआ है। इन चित्रों में अधिकतर बन्द आँखों वाले सवाचश्म चेहरों को चित्रित किया गया है। इनके सिर चपटे और गाल को स्पर्श करते हुए लम्बे नाक बने हैं। एक चित्र में अधिकतर तीन आकृतियों के चित्र बनाये गये हैं। संरचना की मुख्य आकृति को ताल पत्र के बीच बने वर्गाकार या आयताकार खानों के मध्य बड़े आकार में बनाया गया है। इस आकृति के दोनों ओर चमकदार स्याही से देवनागरी लिपि में पाँच–छः पंक्तियाँ लिखी हुई हैं। महायान बौद्ध धर्म के उपास्यों और भगवान बुद्ध के चित्रों को इन पोथियों में खनिज रंगों में चित्रित किया गया है। प्रयोग में लाये गये रंग नीले, पीले, लाल, हरे, सफ़ेद और बैंगनी हैं। चित्रों को अन्तिम रूप देने में नीले एवं काले रंगों का प्रयोग किया गया है। ये हस्तलिखित पोथियाँ पवित्र मानी जाती थीं और पूजन के लिए प्रयुक्त होती थी इसलिये इन पर कलाकारों का नाम लिखना वर्जित था।

WESTERN INDIAN PAINTING OR JAIN SCHOOL

It is a highly conservative style of Indian miniature painting. It flourished from 10th century to 15th century A.D. in Western India especially in Gujarat. These are largely devoted to the illustration of Jain religious texts e.g. 'Kalakacharya' and 'Kalpasutra. The oldest examples of this school are the paintings of Parshavanath, Neminath and Rishabhnath. These paintings have been mostly executed on Tala Patra. Later on, non-Jain paintings of Hindu manuscripts are also found in Malwa, Baroda, Calcutta, Surat, Pune, Bombay and Bikaner. Hence Jain School paintings are renamed as Western Indian Painting. In this style, faces are generally shown in profile. Each face has straight and pointed nose with very small and double chin. Its eyes are bulging out over empty space having a line of kajal which reaches up to the ear. Eyeball is depicted by putting dots. Broad jaws, broad chest and narrow waist are the specialty of the figures of this style. Main figure of the painting is made larger than others. The outlines of body and drapery are not clearly visible due to lack of space. Dhoti and other clothes of the saints have been shown pearl white or golden. In the background river, mountain, trees and birds have been painted. The birds appear like toy bird made of the ball of clothes. These manuscripts are written in very bright colours e.g. red, yellow, blue and green etc. 14th century onwards, gold colour has been introduced as the influence of Persian style. These paintings have been finished by using black ink pen or nib. Sometimes, white portion of the paper is left to depict white colour. The margin around the painting has also been decorated.

पश्चिम भारतीय चित्रकला या जैन चित्र कला

विशेष रूप से इस कला का विकास पश्चिमी भारत के गुजरात राज्य में 10 वीं सदी से 15 वीं सदी के बीच हुआ था। यह चित्रकला की कट्टर पंथी शैली है। इनका चित्रांकन जैन धर्म की धार्मिक पुस्तकों 'कलाकाचार्य' और 'कल्पसूत्र' को आधार मानकर किया गया है। इस स्कूल के प्राचीनतम चित्रों में पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और ऋषभनाथ आदि के चित्र बनाये गये हैं। इस स्कूल के अधिकांश चित्र ताल पत्र पर चित्रित हैं। बाद में इस शैली में बने कुछ अजैन चित्र मालवा, बड़ौदा, कोलकाता, सूरत, मुम्बई, पुणे और बीकानेर आदि में पाये गये। इसलिये जैन चित्रकला के नाम को बदल कर पश्चिम भारतीय चित्रकला रखा गया। इस शैली में बनायी गयी मानवाकृतियों के चेहरे पार्श्व हैं। प्रत्येक चेहरे की नाक नुकीली और सीधी, ठुड्डी छोटी तथा दोहरी है। इनके बाहर की ओर निकली हुई आँखों में लगाये गये काजल की पतली रेखा, खाली स्थान को भेदती हुई कानों तक पहुँचती है। इनके नेत्र गोलकों को बिन्दु द्वारा दिखाया गया है। इस शैली में बनायी गयी मानवाकृतियों की छातियाँ चौड़ी, जबड़े संकुचित और कमर पतली है। इन चित्रों के पृष्ठ भाग में नदी, नाले, पहाड़, पेड़–पौधे, पक्षी आदि चित्रित हैं। इस शैली में बने चिड़ियों के चित्र कपड़े से बनायी गयी चिड़ियों के खिलौने जैसे लगते हैं। इन हस्तलिखित पोथियों को चमकदार रंगों से देवनागरी लिपि में लिखा गया है। इन चित्रों में लाल, नीले, पीले और हरे रंग का प्रयोग किया गया है। 14 वीं सदी के बाद ईरानी शैली के प्रभाव से इनमें सुनहरे रंगों का प्रयोग दिखाई देता है। इन चित्रों में बनी प्रत्येक आकृतियों की बाह्य रेखाओं को काले रंग की स्याही से पतले निब वाले कलम से बनाया गया है। कहीं–कहीं सफ़ेद रंग को दिखाने के लिये कागज के तल को ही छोड दिया गया है। इन चित्रों में भी मुख्य आकृतियाँ अन्य आकृतियों से बड़ी है। जगह के अभाव के कारण उनके शरीर एवं परिधानों का चित्रांकन स्पष्ट नहीं है। संतों की धोतियाँ और अन्य कपड़े मोती की तरह सफेद या सुनहरे दिखते हैं। उनके ऊपर के वस्त्रों और मुकुट को विशेष रूप से सजाया गया है।

CENTRAL INDIAN PAINTING

Central Indian painting was developed in present Madhya Pradesh state from 11^{th} to 16^{th} century A.D. This miniature art style excelled as the fusion of all existing miniature art styles from all parts of the country. Malwa was its main centre and Mandu was its earliest seat. Mandu's Kalpa-Sutra illustrations of 1439 A.D. are the earliest known examples of the dated miniature in India. Mandu's artists also illustrated 'Niyamat-nama' in 1505 A.D. which reflects the effect of Islamic art on it. Similarly, we find mature and richer art style of miniature paintings in Mandu Ragmala and Ramayana illustrations of 1634 A.D. They are excellent in execution, drawing colour scheme and style. In this style, generally, the small space has been divided into compartments. Each compartment has its own independent episode. Bright basic colours, huge protruding eyes, angular faces, men and women of moderate height with highly charged faces, abundance of motifs and profusion of gold etc. are the characteristics of Malwa miniature painting. The other centers of this art style were at Dhar, Ujjain, Narsinghpur and Narsinghgarh. Besides that, Orchha, Dantia in Bundelkhand and Raghogarh in Malwa were flourished centers of this style. Orchha was initiated as fresco and Dantia was known for its excellent and elaborate illustrations of Ramayana, Mahabharata, Bhagwat Purana and bulk of portraits. Raghogarh artists mostly portrayed royal people. A large bulk of Indian miniature based on the poetry book of 'Rasik Priya' by Keshav Das, the eminent court poet of Orchha Naresh has also enriched its treasure.

मध्यकालीन भारतीय कला

मध्यकालीन भारतीय चित्रकला का विकास वर्तमान मध्यप्रदेश राज्य में 11 वीं से 16 वीं सदी के बीच हुआ था। देश के विभिन्न भागों में बनाये जा रहे तत्कालीन लघु चित्र शैलियों से ही इस चित्र शैली का विकास हुआ। इसका मुख्य केन्द्र मालवा था, पर इसका प्रारम्भिक विकास स्थल मांडु को माना जाता है। मांडु में सन् 1439 ई0 में बनाये गये 'कल्पसूत्र' के दृष्टान्त चित्र सबसे प्रारम्भिक तिथिवार भारतीय लघु चित्रों के उदाहरण हैं। मांडु के कलाकारों ने सन् 1505 ई0 में 'नियामतनामा' के दृष्टान्त चित्र बनाये थे जिन पर मुस्लिम चित्र शैली का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसी प्रकार, हमें इस शैली के और ज्यादा उन्नत लघु चित्र सन् 1634 ई0 में मांडु में बनाये गये 'रागमाला' और 'रामायण' के दृष्टान्त चित्रों में मिलते हैं। ये सभी कृतियाँ रेखांकन, रंग संयोजन और बनावट की दृष्टि से उत्तम हैं। इस शैली में चित्र बनाने के तल को छोटे–छोटे खानों में बाँट दिया जाता था। प्रत्येक खाने में एक स्वतंत्र प्रसंग का चित्रांकन किया जाता था। चमकदार, प्राथमिक रंगों का प्रयोग, बाहर की ओर उभरी हुई बड़ी–बड़ी आँखें, कोणीय चेहरा, औसत ऊँचाई के आवेशित चेहरों वाले स्त्री–पुरूष, किनारों पर बनाये गये बेलबूटे तथा सुनहरे रंगों का प्रयोग आदि मध्यकालीन भारतीय चित्रकला की कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं। इसके अन्य प्रमुख केन्द्र धार, उज्जैन, नरसिंहपुर और नरसिंहगढ़ आदि थे। इसके अलावा बुन्देलखंड स्थित ओरछा, दांतिया और मालवा स्थित राघोगढ इस शैली के उन्नत केन्द्र थे। ओरछा में अधिकांश भित्ति–चित्र बनाये गये और दांतिया में रामायण, महाभारत, भागवत पुराण आदि के सुन्दर दृष्टान्त–चित्रों की रचना की गई। यहाँ व्यक्ति चित्र का निर्माण भी बहुत अधिक संख्या में किया गया। राघोगढ़ के कलाकारों ने अधिकांशतः राजकीय चित्र बनाये। ओरछा नरेश के दरबारी कवि केशवदास के काव्य संग्रह 'रसिक प्रिया' पर बनाये गये लघु चित्रों के भण्डार ने मध्यकालीन भारतीय लघुचित्रों के खजाने को समृद्ध बनाया है।

RAJASTHANI SCHOOL
Origin and Development

Rajasthani School of miniature painting flourished between 16th to early 19th century in the principalities of Rajasthan. Dr. A. K. Coomarswami, the great scholar of Indian Art History discovered this school and introduced it as a Rajput school. Later, this school was called Rajasthani School. Rajasthan is divided in to two parts by the Aravalli parvat. On the west are the Jodhpur, Bikaner and Jaisalmer, to the east Mewar, Bundi, Jaipur, Kishangarh and Kotah. First of all, the Painting started in Rajasthan from Mewar and then spread to Bundi and other parts of the state.

It was inspired and influenced by Jain manuscript painting of Gujarat along with Indian traditional art. 'Krishna Leela' is the most popular theme in the Rajasthani School. These topics have been derived from the literary works of Surdas, Keshavdas, Tulsidas, Meerabai, Beharilal and Bhgwata-Purana. Earlier, this style was inspired by Vaishanava religion. At that time, the followers of Ramanuj like Vallabhacharya and Chaitanya Mahaprabhu etc. had reached this religion to the climax. Important illustrations of the Ramayana and Mahabharata of this school are also found. Besides this theme, later on, paintings have been done on romance, general folk themes, illustrations for Ragmala, Barahmasa and Nayak-nayika bheda etc. Mewar, Bundi, Jodhpur, Bikaner, Kishangarh and Jaipur are the sub-schools of Rajasthani School of miniature paintings.

राजस्थानी स्कूल
(उद्‌गम एवं विकास)

राजस्थानी लघु चित्रों का विकास राजस्थान के प्रमुख भू–भागों में 16 वीं सदी से 19 वीं सदी के मध्य हुआ था। भारतीय कला जगत के प्रमुख इतिहासकार डॉ0 आनन्द कुमार स्वामी ने इस स्कूल में बने चित्रों को खोजा और इसे राजपूत स्कूल का नाम दिया। बाद में यह राजस्थानी स्कूल के नाम से प्रसिद्ध हुआ। अरावली पर्वत माला राजस्थान को दो हिस्सों में बाँटती है, इसके पश्चिम में जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर हैं तथा पूरब में मेवाड़, बूंदी, जयपुर, किशनगढ़ और कोटा है। सर्वप्रथम इस कला का जन्म मेवाड़ में हुआ फिर इसका विस्तार बूंदी से होता हुआ राज्य के अन्य भागों में पहुँचा।

यह कला जैन पोथी चित्रकला के साथ–साथ भारतीय पारंपरिक चित्रकला से प्रभावित एवं उत्प्रेरित है। राजस्थानी स्कूल का सबसे लोकप्रिय विषय 'कृष्ण–लीला' है। इन प्रसंगों को सूरदास, केशवदास, तुलसीदास, मीरा आदि के साहित्यिक पुस्तकों और भागवत पुराण आदि से लिया गया है। आरम्भ में यह शैली वैष्णव सम्प्रदाय से अनुप्राणित थी। उस समय संत रामानुज के अनुयायियों बल्लभाचार्य और चैतन्य महाप्रभु आदि ने इसे चरमोत्कर्ष पर पहुँचाया था। इस स्कूल में रामायण और महाभारत के संदर्भों पर भी बनाये गये दृष्टान्त चित्र मिले हैं। इसके अलावा, इस स्कूल में साधारण प्रेम–प्रसंग, लोक गाथा, रागमाला, बारहमासा, नायक–नायिका भेद आदि विषयों पर भी चित्र बनाये गये। मेवाड़, बूंदी, जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़ और जयपुर आदि राजस्थानी लघु चित्रकला के उप स्कूल हैं।

MEWAR SCHOOL

Mewar School flourished under the patronage of Rajput kings in a completely indigenous folk art style. This School attained its height during the reign of Maharaja Jagat Singh (1628-1652). Sahibdin, a court painter of Mewar and Manohar, an artist from Mandu were noted painters of this school. Sahibdin painted Nayak-nayika bheda, Bhagwat-Purana and series of Ragmalas paintings. He also painted the themes from the social and cultural life and transformed Mewar painting from primitive folk style into sophisticated style.

The background in Mewar School was decorated with bright flat colours. Decorative natural scenes with simple architectural details are present. Human figures painted in this style have oval faces, long pointed nose, fish like eyes, narrow forehead and small mouth. The male figures were shown longer than female figures. Main garments of male figures were Jama, patka and turban while female figures wore choli, lahenga and transparent odhani. The use of contrast colour in figure in comparison to the background adds special beauty. To depict night, sky is painted with black or smoke colour. Stars and moon are shown with white colour. The elephants and camels painted in this style look more natural than the birds.

मेवाड़ स्कूल

मेवाड़ स्कूल का विकास राजपूत राजाओं की सरक्षता में स्वदेशी लोक कला शैली के रूप में हुआ था। यह स्कूल महाराजा जगत सिंह (1628–1652ई0) के शासन काल में चरमोत्कर्ष पर पहुँचा। मेवाड़ का दरबारी कलाकार साहिबदीन और मांडु का कलाकार मनोहर इस स्कूल के प्रसिद्ध चित्रकार थे। साहिबदीन ने नायक–नायिका भेद, भागवत पुराण और रागमाला चित्रों की श्रृंखला बनायी साथ ही उसने सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर भी चित्र बनाये। उसने मेवाड़ शैली के प्रारम्भिक लोक शैली स्वरूप कों परिष्कृत किया।

मेवाड़ के चित्रों का पृष्ठ भाग चमकदार एवं सपाट रंगों से बना है। इस पर सजावटी प्राकृतिक दृश्य, विस्तृत वास्तुकला आदि का चित्राकंन है। इसमें चित्रित मानवाकृतियों के चेहरे अण्डाकार नाकें लम्बी तथा नुकीली, मछलियों जैसी आँखें, संकरे ललाट और मुख छोटे बनाये गये हैं। पुरुषों की लम्बाई महिलाओं से अधिक है। पुरुषों के मुख्य वस्त्र जामा, पटका और पगड़ी है, जबकि महिलाओं को लहंगा, चोली और पारदर्शी ओढ़नी में दिखाया गया है। पृष्ठ भाग की तुलना में मानवाकृतियों में विरोधी रंगों का प्रयोग किया गया है जो इन चित्रों की सुन्दरता को बढ़ाते हैं। रात्रिकाल को चित्रांकित करने के लिये काला या धुएँ जैसा आकाश चित्रित किया गया है। चाँद और सितारे सफ़ेद रंग से बनाये गये हैं। इस शैली में बनाये गये हाथी और ऊँट, चिड़ियों की अपेक्षा अधिक स्वाभाविक दिखते हैं।

BUNDI SCHOOL

Bundi School developed in Kotah, Bundi and Jhalmar in the beginning of the 17th century A.D. under the reign of Raja Ram Singh and Raja Arjun Singh. This school reached its climax in the middle of 18th century A.D. In the beginning, this school had the effect of Mewar School and Mughal School. Later on, it came as independent school. In this style, nature has been depicted in real form. Red brown complexion of face is special quality of Bundi style. They had round faces, long chin and eyes like lotus petals. The female faces are shown soft and smiling. Light and shade shown near the eyes, show the depth. The male figures are painted healthy, strong and courageous. The ladies are painted in choli, ghangra and odhani while males are shown in Muslim type of jamas, churidar pajama and Mughal turban.

The favourite themes of this school are Ragmala, Barahmasa and Rasikpriya. Lord Krishna is painted in blue colour. Later on the complexion of human faces are replaced by flesh pink colour. Bright colours like orange and green are mostly used in proper proportion. Gold and silver colours have also been used. Red colour sky and lotus pond with bird are the special style of Bundi School. Water has been shown in silver colour. Clouds and sunrise are also beautifully painted. Background is painted with dark colour. The notable works of this school are mural decoration of the Chitrasala of Bundi palace. Bundi artists had special gift to portray elephants. The main painters are Dondia, Surjanmal, Ahmad ali, Ramlal, Shri Kishan, Sadhuram and Utkalram etc.

बूंदी स्कूल

बूंदी स्कूल का विकास राजा राम सिंह और राजा अर्जुन सिंह के शासन काल में 17 वीं सदी के आरम्भ में कोटा, बूंदी और झालमार में हुआ था। यह स्कूल 18 वीं सदी के मध्य में अपने चरम पर था। इस स्कूल के प्रारम्भिक चित्रों पर मेवाड़ स्कूल एवं मुगल स्कूल के चित्रों की छाप है पर बाद में यह एक स्वतंत्र स्कूल के रूप में विकसित हुआ। इस शैली में प्रकृति को स्वाभाविक रूप में चित्रांकित किया गया है। लाल–भूरे चेहरे बूंदी स्कूल की विशेष पहचान हैं। इनके चेहरे गोल, ठुड्डी लम्बी तथा आँखें कमल जैसी चित्रांकित हैं। स्त्री चेहरे कोमल और मुस्कुराते हुये लगते हैं। आँखों के पास गहराई को दिखाने के लिये छाया और प्रकाश का प्रयोग किया गया है। पुरुष स्वस्थ, ह्रष्ट–पुष्ट और साहसी दिखाई देते हैं। स्त्रियों के परिधान घाघरा, चोली और ओढ़नी है जबकि पुरुषों को मुस्लिम परिधान जामा, चूड़ीदार पाजामा और टोपी में दिखाया गया हैं।

इस स्कूल के पसंदीदा विषयों में रागमाला, बारहमासा और रसिक प्रिया आदि के संदर्भ शामिल हैं। कृष्ण को नीले रंग में दिखाया गया है जबकि बाद में अन्य मानवाकृतियों के चेहरे का रंग बदल कर मांसल गुलाबी कर दिया गया है। चटख रंगों में नारंगी, हरे आदि को समुचित अनुपात में व्यवहार किया गया है। इनमें सुनहरे एवं रुपहले रंगों का भी प्रयोग है। इस शैली में आसमान का रंग लाल, कमलों से भरे सरोवर, चिड़ियाँ आदि का विशेष रूप से चित्रण है। इसमें जल को रुपहले रंग से दिखाया गया है। इसमें सूर्योदय और बादलों का चित्रण भी बहुत सुन्दर ढ़ंग से हुआ है। चित्रों के पृष्ठभाग गहरे रंगों से बने हैं। बूंदी स्कूल की अप्रतिम कृतियाँ बूंदी महल की चित्रशाला में बनाये गये भित्ति–चित्रों में देखी जा सकती हैं। बूंदी के कलाकार हाथियों के चित्र बनाने में विशेष रूप से दक्ष थे। इस स्कूल के मुख्य चित्रकार डोन्डिया, सुरजनमल, अहमदअली, रामलाल, श्री किशन, साधुराम तथा उत्कलराम आदि हैं।

JODHPUR SCHOOL

Rathore clan of Rajput of Central India, Rao Jodha founded Jodhpur in 1459. Initially Jodhpur painters painted in Jain style. Jodhpur style developed during (1760-1780) A.D. in the reign of Bijay Singh. The soft and rhythmic lines and jewel like colour composition excelled this style as a separate sub-school of Rajasthani miniature. The relative size of Jodhpur miniature art is bigger than that of others. This school reached its climax during the reign of Man Singh (1803-1843) A.D. A series of 121 paintings painted in 1820 A.D. based on "Dhola and Marwani" ballad are assets of this school.

Due to Mughal impact, graceful and romantic portraits of ladies have been painted in outline against a dark background. 'A lady flying kite' is one of its best examples. The female figures are shown having uplifted forehead, sharp nose like beak of parrot, eyes like wagtails stretched up to ear, slim waist and long legs. They are dressed in bright colour gorgeous Rajput costumes. They are decorated with variety of ornaments. Male figures have beautiful moustache and side burns. Their turbans are shown very high. Big architectural scenes are painted in white colour. Background is generally full of dense forest. Highly decorative designs, sparkling of colours like enamel on a dark background and angular legs of animals are special features of Jodhpur school. The main artists of this school were Jitmal, Dana, Shivdas, and Kalu etc. The subject matter of this school is episodes from Krishna Leela, Ramayana, Nayak-nayika bheda, Barahmasa, Panchtantra, Shiva-Purana etc.

जोधपुर स्कूल

मध्य भारत के राजपूत राठौर वंश के राजा राव जोधा ने सन् 1459 ई0 में जोधपुर की स्थापना थी। जोधपुर शैली का विकास सन् 1760 ई0 से सन् 1780 ई0 के बीच राजा विजय सिह के शासनकाल में हुआ। आरम्भ में जोधपुर के कलाकार जैन शैली में चित्र बनाया करते थे। बाद में इनमें कोमल तथा लयात्मक रेखाओं और रत्नों जैसे चमकने वाली रंग योजना का प्रयोग होने लगा और यह स्वतंत्र रूप से राजस्थानी लघु चित्रकला की अलग शाखा के रूप में विकसित हुई। जोधपुर के लघु चित्र अपेक्षाकृत बडे आकार के हैं। यह स्कूल अपने चरमोत्कर्ष पर राजा मान सिह (1803–1843ई0) के शासनकाल में पहुँचा। स्थानीय लोक कथा 'धोला और मारवानी' के आधार पर सन् 1920 ई0 में बनी 121 चित्रों की एक शृंखला इस शैली के चित्रों की धरोहर है।

मुगल प्रभाव के कारण इस शैली में स्त्रियों के लालित्यपूर्ण प्रणय चित्र भी गहरे रंग की पृष्ठ भूमि पर बनाये गये हैं। इस शैली के श्रेष्ठ चित्रों में से एक 'ए लेडी फ्लाइंग काइट' है। स्त्री आकृतियों के ललाट ऊँचे उठे हुये, नाक तोते की चोंच जैसी नुकीली, खंजन पक्षी की तरह कानों तक खिंची हुई आँखें, कमर पतली और पैर पतले हैं। उनके राजपूतों जैसे परिधान भव्य एवं चटकीले हैं। वे अनेक प्रकार के आभूषणों से सुसज्जित हैं। पुरुष आकृतियों की मूँछें एवं कनपटियाँ बहुत सुन्दर बनाई गई हैं। वे ऊँची पगड़ी बांधे हुये दिखाये गये हैं। बड़े–बड़े भवनों के दृश्यों को सफेद रंग से दिखाया गया है। साधारणतया चित्र का पृष्ठ भाग घने जंगलों से भरा है। अत्यधिक अलंकृत डिजाईन, गहरी पृष्ठ भूमि में सजावटी मीनाकारी की तरह झिलमिलाते रंग, पशुओं के कोणीय पैर आदि जोधपुर स्कूल की मुख्य विशेषतायें हैं। इस स्कूल के प्रमुख कलाकार जीतमल, दाना, शिवदास, कल्लू आदि हैं। इस स्कूल की विषय वस्तुओं में कृष्ण लीला, रामायण, नायक–नायिका भेद, बारहमासा, पंचतंत्र तथा शिव पुराण आदि से लिये गये प्रसंग शामिल हैं।

BIKANER SCHOOL

Bikaner was founded by the sixth son of Rao Jodha, the founder of Jodhpur in1485. Since long Bikaner had been an important centre of Rajasthani miniature paintings. Bikaner School developed under the patronage of Rathore clan of Rajput Kings, like Raja Rai Singh, Raja Karan Singh and Raja Anup Singh after 17th century A.D. with a high Mughal character. In 1750 A.D. Bikaner accepted Mughal sovereignty and a large number of artists from Aurangzeb's court migrated to Bikaner. Ustad Hamid Ruknuddin, a famous painter was one of them. He illustrated themes of Rasik priya and Bhagwat Purana in this style. He was also expert in painting female figures and portraiture. Ali Raza , Hasan Raza, Nuruddin, Sahibdin and Lufe etc. were also the master painters of Bikaner school. Ali Raza and his son Hasan Raza worked for Raja Karan Singh and painted a large number of portraits in Shahjahan style with Mughal impact. 'Versha Vihar' is an important work of famous nature painter Lufe. Bikaner school reached its climax during the reign of Raja Anup Singh (1647-1696). The best form of these miniatures can be seen in the illustration of Barahmasa and Ragmala. Similarly, wall paintings done on the gates of Chandra Mahal and Suzan Mahal are marvellous. The decoration of Anup Mahal and Phool Mahal done in this style is worth seeing.

Though most of the artists of this school were Muslims yet they painted Hindu's themes very efficiently. In Bikaner style, half closed eyes, small chin, tight lips, thin wrists of female figures have been painted. Males are shown having narrow chest and tilted downwards moustaches. The ladies ghangharas are decorated with diagonal stripes and fine works. Clouds have been painted in circular manner. The leaves of trees are shown painted in cluster of repeated pattern. The domes and lattices painted in this style have clear Mughal effect. Its colour composition is soft and depicts spiritualism. Mostly purple, grey, green and badami colours are used with tonal variations. The fine drawing, clever use of jewel like colours, landscapes details etc. are the characteristics of Bikaner style. The subject matter of this school is based on the themes from Ramayana, Mhabharata, Krishna legend, Ragmalas, Barahmasa and love scene of Radha-Krishna etc. The hunting scenes and portraits are also painted in this style. 'Krishna supporting mount Goverdhan' is the finest masterpiece of Bikaner school painted by Ruknuddin's son Sahibdin in 1690 A.D..

बीकानेर स्कूल

जोधपुर के संस्थापक राजा राव जोधा के छठे पुत्र ने सन् 1485 ई0 में बीकानेर को बसाया था। तब से ही बीकानेर राजस्थानी लघु चित्रों का मुख्य केन्द्र बना रहा, लेकिन बीकानेर स्कूल का विकास 17 वीं सदी के बाद राजा राय सिंह, राजा करण सिंह, राजा अनूप सिंह आदि राठौर वंश के राजपूत राजाओं के संरक्षण में हुआ। इस स्कूल पर मुगल शैली का बहुत अधिक प्रभाव है। सन् 1750 ई0 में बीकानेर ने मुगल आधिपत्य को स्वीकार कर लिया था तब औरंगजेब के दरबार से बहुत से कलाकार बीकानेर आये थे। उनमें एक प्रमुख कलाकार उस्ताद हामिद रूकनूद्दीन था जिसने इस शैली में 'रसिक प्रिया' और भागवत पुराण के दृष्टान्त चित्र बनाये। वह स्त्री एवं पुरूष दोनों के पोट्रेट्स बनाने में निपुण था। बीकानेर स्कूल के प्रमुख कलाकार अली रज़ा, हसन रज़ा, नुरूद्दीन, साहिबदीन, लुफे आदि थे। अली रज़ा और उसके पुत्र हसन रज़ा ने राजा करण सिंह के लिये शाहजहाँ कालीन मुगल शैली में अनेक पोट्रेट्स बनाये। प्रसिद्ध प्रकृति चित्रकार लुफे की एक महत्त्वपूर्ण कृति 'वर्षा विहार' है। 'राजा अनूप सिंह के शासन काल (1647–1696ई0) के दौरान बीकानेर स्कूल अपनी चरम सीमा पर पहुँचा। 'बारहमासा' और 'रागमाला' के दृष्टान्त चित्रों में इस स्कूल के लघु चित्रों का सर्वोत्तम रूप देखा जा सकता है। इसी प्रकार, चन्द्रमहल और सुजानमहल के द्वार पर बनाये गये भिति चित्र भी अत्यन्त सुन्दर हैं। अनूप महल और फूलमहल में इस शैली में की गयी सजावट दर्शनीय है।

यद्यपि इस शैली के अधिकांश कलाकार मुस्लिम थे फिर भी उन्होंने हिन्दू संदर्भो का चित्रण खूबसूरती से किया है। बीकानेर शैली में स्त्री आकृति की आँखें अधखुली, ठुड्डी छोटी, होंठ पतले और कलाइयाँ पतली बनी हैं। पुरुषों की छातियाँ संकरीं और मूँछें नीचे की ओर मुड़ी हैं। स्त्रियों के घाघरे को तिरछी पट्टियों से सजाया गया है। बादलों को गोलीय स्वरूप में चित्रांकित किया गया है। वृक्षों के पत्तों को गुच्छानुमा रूप में बनाकर उसे अनेक बार प्रयोग में लाया गया है। गुम्बद और जालियाँ आदि मुगल शैली मे बनायी गयी है। इनका रंग संयोजन कोमल एवं आध्यात्मिकता से भरपूर है। इनमें ज्यादातर बैगनी, हरे और राख जैसे रंगों को हल्के से लेकर गहरे रंगों में प्रयोग किया गया है। उत्कृष्ट रेखांकन, रत्नों जैसे झिलमिलाते रंगों का प्रयोग, विस्तृत प्रकृति दृश्य चित्रण आदि बीकानेर शैली के चित्रों की मुख्य विशेषताएँ हैं। इस स्कूल में चित्रित विषय वस्तुओं के प्रसंग रामायण, महाभारत, कृष्णावतार, रागमाला, बारहमासा, राधा–कृष्ण प्रेम आदि पर आधारित हैं। इस शैली में पोट्रेट्स और शिकार दृश्य भी बनाये गये हैं। रूकनूद्दीन के पुत्र साहिबदीन के द्वारा सन् 1690 ई0 में बनाया गया चित्र 'गोवर्द्धन पर्वत उठाते हुये कृष्ण' बीकानेर स्कूल की एक अद्वितीय पेंटिग है।

KISHANGARH SCHOOL

A very small estate Kishangarh is surrounded by Jaipur, Jodhpur, Shahpur and Ajmer. This estate was inherited by Raja Kishan Singh in 1609 A.D., the eighth son of Raja Udai Singh of Jodhpur. Kishangarh is situated near Gundalia Lake. The end of 18th century is remarkably known as the closure time of the most of Rajasthani sub-schools and sparkling birth of Kishangarh School. This school flourished as one of the prominent schools of Rajasthan. The credit of flourishing this school goes to its scholar ruler Raja Sawant Singh (1748-1757). He himself was a great poet, critic, artist and musician. He wrote 76 books under his pen name Nagari Das. Being the follower of Vallabh sect he was devotee of Lord Krishna. He fell in deep love with an extraordinarily beautiful maid servant named Bani-Thani. She was very smart and well dressed always. Her name matched with her personality in each and every aspect. In his poems, he described Bani-Thani as Radha. Nagari is another name of Radha. Hence, he took his pen name Nagari Das (The servant of Radha). In 1757, he accepted asceticism and went to live at Brindawan with Bani-Thani where he died seven years later. It was the heavenly beauty of Bani-Thani which inspired the painters of Kishangarh to paint Radha most beautifully. The most famous artist of this school is Nihalchand whose painting Bani-Thani is supposed to represent Kishangarh school. He was a court painter of Raja Sawant Singh. He painted hundreds of beautiful paintings. Some other artists of Kishangarh School were Chhotu, Amirchand, Surdhwaj, Bhawani Das, Surajmal, Meghraj and Sitaram etc.

In the beginning, the theme of painting of this school was only Radha-Krishna. But later on, the themes from Geet-Govind, Bhagwat purana, Bihari Chandrika (written by Nagari Das), Nayak Nyika bheda and Harem scenes etc. have been painted. The most important feature of Kishangarh School is depiction of women. They are painted having long eyes narrower than Jodhpur style curved upwards, exaggerated arch of eyebrows, decorative hair curl hanging in front of ear, thin lips, long straight nose and pronounced chin. The depiction of eyes and hanging hair lock has got a special place in Kishangarh School. Ladies are painted flexible, slim and tall. Their profile faces are long with high sloping forehead. Their long beautiful fingers and long neck fully decorated with pearl garland of different style also add beauty to these paintings. Their wrists, arms and fingers are fully decorated with bangles, armlets and rings. In Kishangarh School, Radha and Krishna have been treated as soul and the supreme God. Mostly, primary colours red, yellow, blue and white have been used. Silver and gold colours add extra beauty to these paintings. Rhythmic, soft and graceful elliptical lines have been used in this style. Soon after the death of Raja Sawant Singh, the Kishangarh School reached its climax. The beautifully painted Radha-Krishna is hall mark of this school.

किशनगढ़ स्कूल

जयपुर, जोधपुर, शाहपुर और अजमेर से घिरा किशनगढ़ एक छोटी सी रियासत थी जो जोधपुर के राजा उदय सिंह के आठवें पुत्र राजा किशन सिंह को सन् 1690 ई0 में विरासत में मिली थी। किशनगढ़ गुण्डालिका झील के पास अवस्थित है। 18 वीं सदी के अन्त में राजस्थानी शैली के लगभग सभी उप–स्कूल बन्द होने के कगार पर आ गये थे तभी किशनगढ़ स्कूल का जन्म हुआ। इसे बाद में राजस्थानी स्कूल का एक मुख्य उप–स्कूल माना गया। इस स्कूल के विकास का श्रेय यहाँ के एक विद्वान एवं प्रतिभा सम्पन्न शासक राजा सावंत सिंह (1748–1757 ई0) को जाता है। वे स्वयं एक महान कवि, कलाकार, कला समीक्षक एवं संगीतकार थे। उन्होने नागरीदास उपनाम से 76 पुस्तकें लिखी हैं। वल्लभ संप्रदाय के अनुयायी होने के कारण वे भगवान कृष्ण के परम उपासक थे। वे अपनी एक अत्यन्त सुन्दर नौकरानी 'बनी–ठनी' से प्यार करने लगे जो हमेशा सजी–धजी रहती और आकर्षक दिखती थी। उसका नाम उसके व्यक्तित्व से हर प्रकार से मेल खाता था। अपनी कविताओं में उन्होंने 'बनी–ठनी' को राधा के रूप में वर्णित किया है। नागरी, राधा का दूसरा नाम है इसलिये उन्होने अपना नाम नागरीदास (राधा का सेवक) रख लिया। सन् 1757 ई0 में वे संन्यास लेकर बनी–ठनी के साथ वृन्दावन में रहने लगे, जहाँ 7 वर्षों के बाद उनका निधन हो गया। बनी–ठनी की स्वर्गिक सुन्दरता से प्रेरित होकर किशनगढ़ स्कूल के कलाकारों ने राधा को बेहद खूबसूरत चित्रित किया है। इस स्कूल के एक प्रसिद्ध चित्रकार निहालचन्द थे, जिनकी कृति 'बनी–ठनी' किशनगढ़ स्कूल का प्रतिनिधित्व करती है। वे राजा सावंत सिंह के दरबारी कलाकार थे। उन्होंने एक सौ से अधिक सुन्दर चित्र बनाये। किशनगढ़ स्कूल के कुछ और मुख्य कलाकार छोटू, अमीर चन्द, सूरध्वज, भवानीदास, सूरजमल, मेघराज और सीताराम आदि थे।

प्रारम्भ में इस स्कूल में चित्रण का विषय केवल 'राधा–कृष्ण' ही था लेकिन बाद में गीत गोविन्द, भागवत पुराण, बिहारी चंद्रिका (नागरीदास लिखित) नायक–नायिका भेद, हरम दृश्य आदि के प्रसंग भी चित्रित किये गये। किशनगढ़ स्कूल की सबसे प्रमुख विशेषता नारी चित्रण है। इस स्कूल में चित्रित स्त्रियों की धनुषाकार आँखें, जोधपुर स्कूल से संकरी हैं तथा ऊपर की ओर वक्र लिये हैं। उनकी धनुषाकार भौंहें, कान के ऊपर लटकती घुंघराली लटें, पतले होंठ, सीधी लम्बी नाक तथा ठुड्डी को उभार लिये दिखाया गया है। किशनगढ़ स्कूल में आँखों और लटकती लटों का चित्रण विशेष रूप से किया गया है। स्त्रियाँ लचीली, छरहरी एवं लम्बी हैं। उनके चेहरे पार्श्व तथा ललाट ऊँचा और ढलुआ बनाया गया है। लम्बी–लम्बी सुन्दर उँगलियाँ और तरह–तरह के मोतियों की माला से सुसज्जित उनकी लम्बी गरदन इस शैली के चित्रों की सुन्दरता में चार चाँद लगा देते हैं। उनकी कलाइयाँ, बाहें और उँगलियाँ क्रमशः चूड़ियों, बाजूबंदों और अँगूठियों से सजी हुई चित्रित की गई हैं। किशनगढ़ स्कूल में राधा–कृष्ण को आत्मा एवं परमात्मा के स्वरूप में चित्रित किया गया है। मुख्यतः लाल, पीले, नीले और सफेद रंगों को बिना मिश्रित किये हुये प्रयोग किया गया है। सुनहरे ओर रुपहले रंगों के प्रयोग से इन चित्रों की सुन्दरता बहुत अधिक बढ़ी है। इस शैली में लयात्मक, कोमल और दीर्घ वृतीय रेखाओं का प्रयोग बहुलता से हुआ है। राजा सावंत सिंह की मृत्यु के बाद किशनगढ़ स्कूल अपनी चरम सीमा पर पहुँचा। राधा–कृष्ण के सुन्दर चित्र इस स्कूल की पहचान हैं।

JAIPUR SCHOOL

Raja Sawai Jai Singh (1693-1793) A.D. established Jaipur kingdom in a properly planned and nice way. The rulers of Jaipur were great lover of art and patronized paintings. Jaipur was the first Rajasthani kingdom which allowed Mughals in Rajasthan that caused Mughal influence on Rajasthani art and architecture by strong mutual and cultural exchange. Initially, Mughal impact dominated this indigenous art style. But later on, in late 18th century A.D., the Rajasthani effect dominated the Mughal style under the personal inspiration of Jaipur kings so the birth of Jaipur School. Jaipur School has special place in the history due to its originality. The development period of this school is from (1700-1900) A.D. Jaipur School reached its climax during the reign of Raja Pratap Singh (1779-1803) A.D. He was a great lover of art and devotee of lord Krishna. Originality in Jaipur style is seen till the reign of Swai Ram Singh (1835-1900) A.D.

Jaipur style shows unique union of devotion, romance and emotion. Lines are flexible, soft and rhythmic. The use of light and shade is clearly visible. The human faces are round and of medium size. Their eyes are painted long like fish. Females have bright face, red lips, fleshy bodies and predominant breasts. Males have robust bodies, round nose, yellow face and hair reaching up to ear. They wear pajamas and turbans in which diamonds and pearls are studded. Their shoe tips are pointed and high. The ghangharas of ladies are painted in dark colours. Ornamental border and profusion of gold colour add beauty to this style. The painted animals and birds like cows, elephants, horses, peacock etc. look natural and beautiful. Romantic love scenes from harem have also been painted nicely. Jaipur style is also known for its life size portraits of most of its ruler done on wall and canvas. The best example of Jaipur style can be seen in Shisodia palace. The main artists of this school were sahibram, Ghasilal, Lal chitara, Maula Baksh, Hirachand, Guman and Hukma etc. 'Behari Satsai' is one of the best painted manuscripts of this school. Artist Lal Chitara was expert in bird's paintings. Sahibram was expert of portraits. The main themes of this school are related with Ragmala, depiction of seasons, Rag Raginis, Krishna Leela, Ramayana, Mahabharata, Hunting scenes, Musical concerts and Romantic scenes from heram etc.

जयपुर स्कूल

राजा सवाई जय सिंह (1693–1793 ई0) ने अपनी राजधानी जयपुर को सुन्दर तथा योजनाबद्ध तरीके से बसाया था। जयपुर के शासक कला प्रेमी थे तथा उन्होंने कला को संरक्षता प्रदान की थी। जयपुर पहली राजधानी थी, जिसने मुगलों से सांस्कृतिक आदान–प्रदान आरम्भ किया। फलतः राजस्थानी कला एवं वास्तुकला पर मुगल प्रभाव बढ़ने लगा। प्रारम्भ में इस स्वदेशी कला शैली पर मुगल प्रभावों की अधिकता रही, लेकिन बाद में, जयपुर राजाओं की व्यक्तिगत प्रेरणा से इस शैली का वर्चस्व बढ़ने लगा और मुगल प्रभाव घटा जिससे जयपुर स्कूल का जन्म हुआ। अपनी मौलिकता के कारण जयपुर स्कूल का इतिहास में अपना विशिष्ट स्थान है। इस स्कूल का विकास काल (1700–1900 ई0) तक माना जाता है। राजा प्रताप सिंह (1779–1803 ई0) के शासन काल में जयपुर स्कूल ने अपनी ऊँचाईयों को छुआ। वे महान कला प्रेमी तथा भगवान कृष्ण के उपासक थे। जयपुर शैली के चित्रों में मौलिकता सवाई राम सिंह (1835–1900 ई0) के शासन काल तक दिखाई देती है।

जयपुर शैली में प्रेम, समर्पण एवं भावनाओं का अद्‌भुत मेल है। रेखायें लचीली, कोमल और लयपूर्ण हैं। इस शैली में प्रकाश एवं छाया का प्रयोग स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मनुष्यों के चेहरे मध्यम आकार के और गोल हैं। उनकी आँखें मछलियों की तरह लम्बी बनाई गई हैं। महिलाओं के चेहरे ओजपूर्ण, होंठ लाल, शरीर मांसल और स्तन उभरे हुये चित्रांकित हैं। पुरुषों का शरीर हृष्ट–पुष्ट है। उनकी नाक गोल, चेहरे पीले तथा बाल कानों तक बनाये गये है।। वे हीरे–मोती जड़ित पैजामा और पगड़ी पहने हैं। उनके जूतों के सिरे नुकीले और ऊँचे हैं। स्त्रियों का घाघरा गहरे रंगों से बनाया गया है जिसमें सुनहरे रंग की सुन्दर अलंकृत किनारियाँ बनी हैं। इस शैली में बनी गायें, घोड़े, हाथी और मोर आदि पशु–पक्षी बहुत सुन्दर एवं स्वाभाविक दिखते हैं। हरम के प्रणय दृश्यों को भी इस शैली में बड़े ही आकर्षक ढ़ंग से चित्रांकित किया गया है। जयपुर शैली, अपने शासकों के दीवारों और कैनवास आदि पर बनाये गये पोर्ट्रेट्स के लिये भी प्रसिद्ध है। जयपुर शैली के सर्वोत्तम नमूनों को सिसोदिया भवन में देखा जा सकता है। इस स्कूल के मुख्य कलाकार साहिबराम, घासीलाल, लाल चितारा, मौलाबक्श, हीराचंद, गुमन और हुक्मा आदि थे। 'बिहारी सतसई' इस स्कूल में चित्रित श्रेष्ठ हस्तलिखित पोथियों में से एक हैं। इस स्कूल का लाल चितारा नामक कलाकार पक्षी चित्रण में और साहिबराम पोट्रेट्स बनाने में दक्ष था। जयपुर स्कूल की प्रमुख विषय वस्तुओं में रागमाला, मौसम चित्रण, कृष्ण लीला, रामायण, महाभारत, शिकार दृश्य, संगीत सभायें और हरम के प्रणय दृश्य आदि शामिल हैं।

MAIN FEATURES OF THE RAJASTHANI SCHOOL

Rajasthani paintings were done for the divine pleasure and mental satisfaction of the artists. They were not court painters. They painted each and every aspect of human life from king to common people. The themes from Shringar-rasa were also main subject matter of this school. The sacred love of Radha-Krishna, religious themes based on Ramayana and Bhagwata, Raga-raginis, Barahmasa, Nayak-nayika bheda and the general life of masses were the favourite themes of the Rajasthani School. The love of Radha-Krishna was regarded as the symbol of love between Soul and God in this school.

Faces are generally shown in profile. Both the male and female figures show suppleness and emotion in their large eyes. The Rajasthani style is identified by its primitive vigour, bold outlines, regional idioms, local sceneries, highly decorative designs and competent techniques. In Rajasthani School, nature has been depicted as if it shares the same emotions of sorrow and happiness according to the mood of human beings. They painted different types of trees, flora and fauna, mountains, water spring etc. Similarly healthy cows, elephants, horses, peacock and other birds were also painted nicely in this school. In Rajasthani style, colours have been very carefully used. The main colours are primary but different colours like gold and silver have also been used in the paintings. Bold, rhythmic and graceful elliptical lines have been used in this school. The thin lines are also full of softness.

राजस्थानी स्कूल की मुख्य विशेषताएँ

राजस्थानी स्कूल के चित्रकार मुख्य रूप से अपने आध्यात्मिक आनंद और मानसिक संतुष्टि के लिये चित्र बनाते थे। ये लोग दरबारी कलाकार नहीं थे। इन कलाकारों ने जनसाधारण से लेकर राजा–महाराजाओं के जीवन के प्रत्येक प्रसंगों पर चित्र बनाये हैं। श्रृंगार रस के प्रसंग इस स्कूल के मुख्य विषयों में से एक है। राधा–कृष्ण का पवित्र प्रेम, रामायण एवं महाभारत के धार्मिक प्रसंग, राग–रागिनी, बारहमासा, नायक–नायिका भेद, भारतीय लोक जीवन आदि राजस्थानी स्कूल की मनपसंद विषय वस्तुएँ थीं। इस स्कूल में राधा–कृष्ण का प्रेम, आत्मा एवं परमात्मा के प्रेम का प्रतीक माना गया है।

साधारणतया इस स्कूल के सभी चित्रित चेहरे पार्श्व हैं। स्त्री एवं पुरुष दोनों ही आकृतियों की बड़ी–बड़ी उनींदी आँखें भावपूर्ण लगती हैं। इन चित्रों में प्राथमिक एवं बाह्य रेखायें स्पष्ट दिखाई देती हैं। इनमें क्षेत्रीय मुहावरों का, स्थानीय दृश्य चित्रों और अलंकृत डिजाईनों का भरपूर उपयोग होने से राजस्थानी स्कूल का विकास एक सशक्त शैली के रूप में हुआ है। राजस्थानी स्कूल में प्रकृति चित्रण मानव जीवन के मनोभावों के अनुसार बहुत ही स्वाभाविक रूप से किया गया है। इसमें चित्रांकित पेड़–पौधे, झाड़–झाड़ियाँ, फूल–पत्तियाँ, पहाड़, झरने आदि सभी विशेष प्रकार से बनाये गये हैं। इसी प्रकार स्वस्थ गायें, घोड़े, हाथी, मोर और अन्य पक्षी भी बड़े सुन्दर ढंग से चित्रित किये गये हैं। राजस्थानी स्कूल के चित्रों में प्राथमिक रंगों का प्रयोग बड़ी कुशलता से किया गया है तथा अन्य रंगों के साथ सुनहले एवं रुपहले रंगों का भी प्रयोग दिखाई देता है। इस शैली में प्रयोग की गई रेखाएँ शक्तिशाली, लयात्मक, लालित्यपूर्ण और स्पष्ट हैं। इनमें पतली रेखाओं को भी अत्यन्त कोमलता से खींचा गया है।

MARU RAGINI
(PLATE-1)

It is a tempera painting done by Sahibdin, a famous painter of Mewar School on the series of Ragmala in 18th century. In this painting, a king and his queen are riding on a well decorated camel in desert area, shown as a background. Foreground is in light green colour. The king is holding a flower in his right hand and looking towards the queen. The sky is painted in deep blue colour to depict night. Two male escorts with stick on their shoulder are running side by side with the camel. One attendant is leading the camel. A white colour racing dog is shown ahead of the escorts. The dresses of all the figures are in flat transparent colour with the impact of the Mughal style. 'Maru Shri Ragini' is written on the top of this miniature painting. The whole composition is in the state of rhythmic motion. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

मारू रागिनी

मेवाड़ स्कूल के प्रसिद्ध चित्रकार साहिबदीन ने इस रागमाला शृंखला के टेम्पेरा चित्र को 18 वीं सदी में बनाया है। इस चित्र में एक राजा अपनी रानी के साथ एक सुसज्जित ऊँट पर बैठा है तथा हाथ में एक फूल पकड़ कर अपनी रानी की ओर देख रहा है। इसके पृष्ठ भाग में रेतीले मरुस्थलीय क्षेत्र को दर्शाया गया है। चित्र का अग्र भाग हल्के हरे रंग से बना है जिसमें दो पुरुष रक्षक अपने–अपने कंधों पर छड़ी रखकर ऊँट के साथ–साथ दौड़ रहे हैं। एक सेवक ऊँट की ओर देखते हुए उसके आगे–आगे चल रहा है। एक सफ़ेद रंग का धावक कुत्ता रक्षकों के आगे दौड़ता हुआ दिखाया गया है। रात का दृश्य दिखाने के लिये आसमान को गहरे नीले रंग से चित्रांकित किया गया है। सभी मानवाकृतियों के परिधानों पर मुगल शैली का प्रभाव दिखाई देता है तथा ये पारदर्शी रंगों से बने हैं। इस लघु चित्र के ऊपर 'मारू श्री रागिनी' लिखा हुआ है। संपूर्ण चित्र–संरचना में लय एवं गति का अनुभव होता है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

RAJA ANIRUDDHA SINGH HARA
(PLATE-2)

This tempera painting of Bundi School is painted by a famous artist Utkalram in 18th century A.D. in decorative Mughal style. The Raja Aniruddha Singh Hara is seated with a sword on a decorated white colour galloping horse. He is holding the reins of the horse through both of his hands tightly. His scabbard and sword-hilt are painted nicely in the combination of red and cadmium yellow. He is dressed in typical Mughal style royal costume along with turban. His turban is painted beautifully in the mixture of cadmium yellow and brown. His profile face looks very young, soft and innocent. His pajama is in dark orange colour. He is decorated with variety of ornaments. The background is painted in dark colour in the combination of blue, black and red. The entire composition is focused on Aniruddha Singh and his horse. Both front legs of horse are uplifted in air. It is shown balanced on its back legs. The head of the horse is painted smaller than its body which resembles like a decorative wooden toy. The fluttering tail of the horse marks the speed of the racing horse. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

राजा अनिरूद्ध सिंह हाड़ा

इस टेम्पेरा पेंटिग को बूंदी स्कूल के प्रसिद्ध चित्रकार उत्कलराम ने अलंकृत मुगल शैली में 18 वीं सदी में बनाया है। इसमें राजा अनिरूद्ध सिंह हाड़ा को तेज भागते हुये सफ़ेद रंग के सुसज्जित घोड़े पर, तलवार के साथ बैठा हुआ दिखाया गया है। वे अपने दोनों हाथों से भागते हुये घोड़े की लगाम पकड़े हुये पारंपरिक राजसी परिधान और पगड़ी में चित्रांकित किये गये हैं। पीले और भूरे रंग के सम्मिश्रण से बनाई गई उनकी पगड़ी बहुत सुन्दर दिख रही है। उनका पाजामा गाढ़े नारंगी रंग का है। उनका पार्श्व चेहरा युवा, कोमल और निश्छल दिखाई देता है। उन्हें अनेक प्रकार के आभूषणों से सजाया गया है। चित्र का पृष्ठ भाग नीले, काले और लाल रंगों के संयोजन से गहरे रंग में बना है। सम्पूर्ण चित्र–संरचना का मुख्य केन्द्र बिन्दु राजा अनिरूद्ध सिंह और उनका घोडा है। इसमें तलवार की मूठ और म्यान को पीले और गाढ़े लाल रंग से रंगा गया है। घोड़े के अगले दोनों पाँव हवा में ऊपर उठे हैं। वह अपनी पिछली टांगों पर पर संतुलित दिख रहा है। घोड़े की गति का अन्दाज इसकी लहराती हुई पूँछ से लगाया जा सकता है। घोड़े के सिर का आकार उसके शरीर की तुलना में छोटा है जिससे वह काठ के घोड़े जैसा दिखता है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

CHAUGHAN PLAYERS
(PLATE-3)

It is a horizontal tempera painting of Jodhpur School, painted by Dana in 18th century A.D. On the upper side of painting, two princesses are shown sitting on their horses facing each other. They are playing polo with their four lady companions. They are also sitting on their horses in the lower side of painting. Though these horses are running in the opposite directions, the companion's faces are on the same side where princesses are looking. They are trying to control the ball by long polo sticks. All ladies have profile faces, high rounded foreheads and elongated eyes. The companions have covered their heads with odhani. All the dresses are of pure Rajputana style and well decorated. Their bell shaped ghaghras are shown fluttering on the back of horses. Very bright colours have been used in this painting. The whole composition is against a light and flat green background. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

चौगन प्लेयर

इस क्षैतिज टेम्पेरा पेंटिग को जोधपुर स्कूल के मुख्य कलाकार दाना ने 18 वीं सदी में बनाया है। इस चित्र के ऊपरी भाग में दो राजकुमारियाँ अपने–अपने घोड़ों पर आमने–सामने बैठी हुई दिख रही हैं। वे अपनी चार स्त्री सहेलियों के साथ पोलो खेल रही हैं जिन्हें चित्र के निचले भाग में अपने–अपने घोड़ों पर बैठे हुये दिखाया गया है। यद्यपि उनके घोड़े विपरीत दिशा में दौड़ रहे हैं पर उनकी सभी सहेलियों के चेहरे उसी तरफ चित्रित किये गये हैं जहाँ राजकुमारियाँ देख रही हैं। सभी अपनी–अपनी लम्बी पोलो छड़ी से पोलो गेंद को नियंत्रित करने में में व्यस्त हैं। सभी स्त्री आकृतियों के चेहरे पार्श्व, ललाट ऊँचे एवं गोल तथा आँखें लम्बी एवं खिंची हुई दिखाई गई हैं। सभी सहेलियों के सिर ओढ़नी से ढ़के हैं। घोड़े की पीठ पर घंटियों के आकार में उनके लहंगे लहराते हुये दिखाये गये हैं। सभी परिधान अलंकृत एवं शुद्ध राजपूताना शैली में चित्रित हैं। इस चित्र में बहुत अधिक चटख रंगों का प्रयोग हुआ है। पूरी चित्र संरचना सपाट हल्के हरे रंग के पृष्ठ भाग से निखर कर बाहर आ रही है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

KRISHNA ON SWING
(PLATE-4)

It is a marvelous tempera painting of Bikaner School done by Nuruddin in 17th century. This painting is divided into two parts by the trees and typical Rajasthani style sand mound. Each part is used to depict two different scenes of Radha-Krishna. The leaves of trees are shown in detail in miniature pattern. In the upper left part of this painting Krishna is shown sitting on a well decorated hexagonal swing and Radha is sitting in front of Krishna in the balcony on a red carpet. She has taken support of a dark brown pillow. They are staring each other. The blue complexioned Krishna has a tiara on his head and white garland of flowers in his neck. A golden dupatta is also put on his shoulders. He is in orange colour dhoti. Radha is shown in traditional Rajasthani ghanghra, choli and transparent odhani. In the lower second portion of the painting, Radha and Krishna are sitting separately under two different trees on red carpet supported by a pillow. Krishna is shown on left side while Radha is painted on the right. Radha's attendant is standing in front of Krishna. Probably, she is passing Radha's message to Krishna. In this portion, Krishna is also wearing the same dress but his dhoti is yellow. Radha is wearing yellow coloured ghanghra, choli and transparent odhani. The maid of Radha has worn light purple striped ghanghra, choli and transparent odhani. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

झूले पर कृष्ण

इस उत्कृष्ट टेम्परा चित्र को बीकानेर स्कूल के कलाकार नुरुद्दीन ने 17 वीं सदी में बनाया है। यह चित्र वृक्षों और विशेष प्रकार के रेतीले टीले से दो हिस्सों में बँटा है। प्रत्येक हिस्से का प्रयोग राधा–कृष्ण प्रेम के दो विभिन्न दृश्यों को दिखाने के लिये किया गया है। इस चित्र में पेड़ों के पत्तों को गुच्छा नुमा रूप में चित्रित किया गया है। इस चित्र के ऊपरी भाग में बाईं तरफ कृष्ण एक ओर सुसज्जित षट्कोणीय झूले पर बैठे हैं तो दूसरी ओर के छज्जे पर, कृष्ण के सम्मुख, राधा लाल दरी पर बैठी है। उसने गहरे भूरे रंग के तकिये की टेक लगायी है। वे दोनों एकदूसरे को निहार रहे हैं। नीले रंग के शरीर वाले कृष्ण के सिर पर मुकुट है और गले में सुन्दर सफ़ेद फूलों की माला है। उनके कंधे पर सुनहरे रंग का दुपट्टा है तथा वे नारंगी रंग की धोती पहने हैं। राधा परंपरागत राजस्थानी परिधान घाघरा, चोली और पारदर्शी ओढ़नी में दिखाई गई है। चित्र के निचले, दूसरे हिस्से में राधा और कृष्ण दो अलग–अलग पेड़ों के नीचे, लाल रंग की दरी पर अपने–अपने तकियों के सहारे बैठे हैं। कृष्ण को बायीं ओर और राधा को दायीं ओर चित्रांकित किया गया है। ठीक बीच में, राधा की एक परिचारिका कृष्ण के सम्मुख खड़ी है जो शायद कृष्ण को राधा का संदेश दे रही है। चित्र के इस भाग में कृष्ण अपने उन्ही वस्त्रों में चित्रित है पर यहाँ उनकी धोती का रंग पीला है। राधा पीले रंग की घाघरा, चोली और पारदर्शी ओढ़नी में सजी हुई चित्रित है। राधा की परिचारिका को भी पट्टीदार हल्के बैगनी रंग का घाघरा, चोली और पारदर्शी ओढ़नी में दिखाया गया है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

RADHA (BANI-THANI)
(PLATE-5)

This is a world famous painting of Kishangarh School in tempera medium, painted by genius artist Nihalchand in 18th century A.D. The Government of India has also issued a Postal Stamp on this painting. While making this painting, the master painter Nihalchand had reached beyond the mundane to the heights of spiritualism. He put life in this painting and made the beauty of Bani-Thani divine and immortal. Her elongated beautiful profile face and sloping forehead are painted in peach colour. Her long wag tailed eyes are tinged slightly with lotus pink hue. Her arch like eyebrow, sharp pointed nose, thin red lips, pronounced chin and long black curly hair flowing down to her shoulders are painted nicely and patiently. Her wrists full of bangles and bracelets and decorative curl of hair spiraling down to the cheek in front of the ear add extra beauty to this painting. She is holding golden edge of her transparent printed veil in her right hand delicately. She has two beautiful lotus buds in left hand. She is wearing variety of ornaments mostly decorated with white pearl beads. The beauty of her head locket, ear rings, rings and long broad pearl necklace is worth seeing. Her palms and the fingers' head are painted red. Her smile is enigmatic like Monalisha. Her dress and jewelleries mirror the real taste of the contemporary Rajput style. The background is painted in deep blue colour. On the whole this painting has a special place in the treasure of Indian miniature.

राधा (बनी–ठनी)

किशनगढ़ स्कूल के प्रतिभाशाली कलाकार निहाल चन्द ने इस विश्व प्रसिद्ध चित्र को 18वीं सदी में टेम्पेरा माध्यम में बनाया है। भारत सरकार ने इस अति सुन्दर लघु चित्र पर डाक टिकट भी जारी किया है। ऐसा माना जाता है कि इस बनी–ठनी के चित्र को बनाते समय कलाकार निहाल चन्द सांसारिकता से ऊपर अध्यात्म की ऊँचाई पर पहुँच गया था। इस चित्र रचना में उन्होंने अपनी प्रतिभा की पराकाष्ठा से 'बनी–ठनी' के सौन्दर्य को दैवी रूप प्रदान कर उसे सजीव एवं अमर बना दिया है। उसका लम्बा, सुन्दर सा पार्श्व चेहरा और ढ़लुआ ललाट हल्के खरबूज़ी रंग से बनाये गये हैं। खंजन पक्षी की तरह उसकी पतली लम्बी आँख में, कमल के रंग जैसा हल्का गुलाबी खुमार भरा है। इसकी धनुषाकार भौहें, सीधी नुकीली पतली नाक, पतले–पतले लाल होंठ, उभरी हुई ठुड्डी और कंधे से नीचे तक लटके काले घुंघराले बालों को बहुत ही सुन्दर ढ़ंग से धैर्यपूर्वक चित्रित किया गया है। उसकी चूड़ियों एवं कड़ों से भरी हुई कलाइयाँ और कान के सामने गाल पर बालों की मुड़ी हुई लट इस चित्र की सुन्दरता में चार चाँद लगा देती हैं। वह अपने दाहिने हाथ से बड़ी ही कोमलता से, अपने छापेवाली पारदर्शी ओढ़नी के सुनहरे किनारे को पकड़े है। इसके बायें हाथ में दो सुन्दर कमल की कलियाँ हैं। वह विभिन्न प्रकार के आभूषणों से सुसज्जित है जिसमें से अधिकतर सफ़ेद मोतियों से अलकृत है। इसकी माँग का टीका, झुमका, नथ और गले का चौड़ा मोतियों का लम्बा हार आदि सभी दर्शनीय एवं प्रशंसनीय है। इसकी हथेली और उँगलियों के पोरो को लाल रंग से रंगा गया है। इसकी मुस्कान भी मोनालिसा की तरह रहस्यात्मक है। इसके परिधान और सभी आभूषण समकालीन राजपूत शैली के हैं। इस चित्र का पृष्ठ भाग गाढ़े नीले रंग का है। निस्संदेह, यह चित्र भारतीय लघु चित्र खजाने में विशिष्ट है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

BHARAT MEETS RAMA AT CHITRAKUT
(PLATE-6)

This extraordinary tempera painting of Jaipur School was painted by talented artist Guman in 18th century. Its theme is based on famous emotional episode Bharat-Milap of Ramayana. In this painting, Bharat came to Chitrakut for taking back his elder brother Rama to Ayodhya with his three mothers and Gurus. In this miniature, 49 human figures have been wonderfully depicted in nine different groups. Each group narrates an independent scene regarding Bharat-Milap episode. The main aim behind each scene is to make Rama agree for returning to Ayodhya. In the background, Rama's green coloured beautiful hut at Chitrakut is shown in the midst of dense forest. At its left, a small portion of mountain with shrubs and triangular blue sky are shown. In the foreground, a thin stretch of Saryu River, full of blooming lotuses is shown. The whole episode has been depicted in the middle ground of the painting. In the left of river Saryu, green trees are painted nicely. The nine different scenes of this episode are co-related. In the first scene, eager and curious mothers are coming with their female attendants from the left. In the second scene, Rama is greeting his mothers along with Sita and Laxman. In the third scene at the top, Kaikeyee is embracing Rama near his hut. In the fourth scene, Rama is touching the feet of Kaushalya. In the fifth scene, Sita is talking with her mother in laws. Three female maids are also present with them. In the sixth scene, behind the trees Rama is lying on the feet of his Gurus. A male attendant is also standing there. In the seventh scene, after listening the news of his father's death from Maharshi Vashishtha, Rama becomes unconscious. A male attendant is also sitting there. In the eight scene in the centre of middle ground, Rama is sitting in polite posture and discussing with his Guru. Bharat is standing near by while Laxman and Shatrughna are sitting there. In the last scene, Rama, Sita and Laxman are saying good bye to all in the right corner of this miniature after promising that they would come back Ayodhya after completing 14 years of exile and fulfilling their father's order. Green, yellow ochre, white, blue and red colours are wisely used in it. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

चित्रकूट में भरत–राम मिलाप

जयपुर स्कूल के इस अप्रतिम टेम्परा पेंटिग को 18 वीं सदी के प्रतिभा सम्पन्न कलाकार गुमन ने बनाया है। यह रामायण के उस प्रसि‌द्ध भावनात्मक संदर्भ 'भरत–मिलाप' पर आधारित है जिसमें भरत अपने गुरुओं और माताओं के साथ अपने बड़े भाई राम को अयोध्या वापस ले जाने के लिये चित्रकूट आते हैं। इस लघु चित्र में 49 मानवाकृतियों को बड़ी ही चतुराई से नौ विभिन्न समूहों में चित्रांकित किया गया है। प्रत्येक समूह भरत–मिलाप शृंखला से संबंधित एक स्वतंत्र दृश्य की कहानी को प्रदर्शित करता है। प्रत्येक दृश्य के पीछे का एकमात्र उद्‌देश्य राम को अयोध्या वापस ले जाने के लिये सहमत करना है। इस चित्र के पृष्ठ भाग में राम की चित्रकूट में बनी सुन्दर कुटिया घने जंगलों के बीच दिखायी गयी है। इसके बायें भाग में, हरे–भरे पौधों से भरा पहाड़ी का एक हिस्सा और त्रिभुजाकार नीला आसमान दिखाई दे रहा है। इस चित्र के अग्रभाग में, सरयू नदी की पतली धारा दिख रही है जिसमें कमल के फूल खिले हैं। सरयू नदी के बायें किनारे पर, हरे–भरे वृक्षों का एक सुन्दर झुरमुट भी दिखाई दे रहा है। संपूर्ण नौ प्रसंगों का चित्रण, इस लघु चित्र के मध्य भाग में किया गया है। पहले दृश्य में, राम की इच्छुक और जिज्ञासु माताएँ अपनी परिचारिकाओं के साथ, चित्र के बायें भाग से आती हुई दिख रही हैं। दूसरे दृश्य में, राम अपनी माताओं को सीता और लक्ष्मण के साथ प्रणाम कर रहे हैं। तीसरे दृश्य में, सबसे ऊपर कुटिया के पास चित्र के मध्य भाग में माता कैकेयी राम को गले लगा रही है। इसके ठीक बाईं ओर, चौथे दृश्य में, राम कौशल्या का चरण स्पर्श कर रहे हैं। इसके ठीक दाहिनी ओर, पाँचवें दृश्य में, सीता अपनी सासों से कुशल–क्षेम पूछ रही है। साथ में तीन परिचारिकायें भी बैठी है। पेड़ों के समीप सबसे नीचे, छठे दृश्य में, राम अपने गुरुओं को दण्डवत् प्रणाम कर रहे हैं। वहीं पर एक पुरूष सहयोगी भी खड़ा है। सातवें दृश्य में, महर्षि वशिष्ठ से अपने पिता की मृत्यु का समाचार सुनकर राम मूर्छित हो जाते हैं, यहाँ पर भी एक सहयोगी बैठा है। चित्र के मध्य भाग में, ठीक केन्द्र पर बनाये गये आठवें दृश्य में, राम अपने गुरुओं से विनम्रतापूर्वक विचार–विमर्श कर रहे हैं, पास में भरत खड़े हैं, वहीं पर लक्ष्मण और शत्रुघ्न बैठे हैं। अंतिम दृश्य में, राम, सीता और लक्ष्मण सबको समझा बुझा कर विदा कर रहे हैं कि वे लोग 14 वर्षों के बाद अपने पिता की आज्ञा पूरी करके अयोध्या अवश्य लौटेंगे। इसमें सफ़ेद, हरे, पीले, नीले, लाल एवं काले रंगों का सुन्दर प्रयोग किया गया है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

PAHARI SCHOOL
Origin and Development

The original area in which Pahari School flourished is regarded as Himalayan foothills of Punjab, Garhwal and Jammu.Initially, Pahari paintings came in light through a book 'Rajput Painting' written by Dr. Anand Coomar Swami in 1916. Metcalf was the first man to discover Pahari Painting in Kangra. After a long research, the birth place of Pahari School is taken Basohli and Guler. In the beginning, Pahari painting is done as folk art. Fanatic Mughal emperor Aurangzeb was the biggest enemy of art and culture. The most of the artists of the Mughal School were compelled to take shelter for their livelihood in nearby hilly Hindu kingdoms of Jammu and Punjab in the 17th century and originated a new style called Pahari School. It is developed as a mixture of the techniques used in regional folk art, Mughal and Rajasthani miniatures. During the reign of Raja Sansar Chand, the Pahari School reached its climax in 18th century. It flourished independently and acquired its original and refined form. Its main sub-school is Kangra and Basohli. Kangra style developed along the eastern part of river Ravi while Basohli style flourished along its western part. Main centers of Pahari School were Chamba, Nurpur, Basohli, Guler, Kangra, Kullu, Garhwal etc.

पहाड़ी स्कूल
(उद्‌गम एवं विकास)

पहाड़ी स्कूल का विकास मूल रूप से हिमालय की तलहटी में स्थित पंजाब, गढ़वाल और जम्मू में हुआ है। पहाड़ी चित्रकला के विषय में पहली जानकारी डॉ0 आनन्द कुमार स्वामी की पुस्तक 'राजपूत पेंटिग' से प्रकाश में आई। सर्वप्रथम मेटकाफ नामक व्यक्ति ने पहाड़ी पेंटिग की खोज कांगरा में की थी। एक लम्बे अनुसंधान के बाद, बसोहली और गुलेर को पहाड़ी स्कूल का जन्म स्थल माना गया है। आरंभ में, यह पहाड़ी चित्रकला, लोक कला के रूप में प्रचलित थी। कट्टर मुगल बादशाह औरंगजेब, भारतीय कला और संस्कृति का सबसे बड़ा दुश्मन था। इसीलिये 17 वीं सदी में मुगल स्कूल के अनेक कलाकार जीविकोपार्जन हेतु आस–पास के पहाड़ी हिन्दू रियासतों पंजाब, गढ़वाल और जम्मू आदि से जुड गये और एक नये स्कूल का विकास किया जो पहाड़ी स्कूल के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस शैली का विकास, वास्तव में स्थानीय लोक कला, मुगल शैली और राजस्थानी शैली के समन्वय से हुआ। 18 वीं सदी में, राजा संसारचंद के शासन काल में पहाड़ी कला अपने चरमोत्कर्ष पर थी जहाँ स्वतंत्र रूप से, इसका मौलिक स्वरूप में विकास हुआ। इसके मुख्य उप–स्कूल कांगरा और बसोहली हैं। कांगरा शैली का विकास रावी नदी के पूर्वी किनारे पर और बसोहली शैली का विकास इसके पश्चिमी किनारे पर बसे क्षेत्रों में हुआ। इसके मुख्य केन्द्र चम्बा, नूरपुर बसोहली, गुलेर, कांगरा, कुल्लू और गढवाल आदि माने जाते हैं।

BASOHLI SCHOOL

Basohli was a small estate in Kathua district of present Jammu and Kashmir state. Basohli style was developed as mixture of local folk and religious art traditions and refined realism of Mughal miniature. This style attained its individual style and reached its climax during the Raja Kripal Pal of Basohli. The main centers of this school were at Kulu, Chamba, Mandi, Nurpur, Suket, Bilaspur and Nalagarh. One can see the influence of Vaishnava cult on Basohli paintings because mainly artists painted Lord Krishna and His various moods. The themes from Ramayana, Mahabharat and Bhagwat purana, ten incarnations of Lord Vishnu, Geet Govinda, Barahmasa, Nayak Nayika bheda are their subject matter. Here, Radha-Krishna have been painted as a symbol of Soul and God which conveys a spiritual message that soul has to cross many obstacles to meet Almighty power and finally submerges into God.

Basohli paintings are beautiful and pleasant. These are full of love, romance, moods, emotions and spiritualism. Profile human faces are painted in bright intense flat colours. Lovelorn lotus like large eyes and use of posture of hands for expressing thought and emotions are the main features of Basohli School. Ornamental landscapes and high horizon are painted as its other special quality. It was just a tradition in Basohli School artists to paint one inch wide blue sky called high horizon at the top of the composition. Females are shown wearing luxurious lanhegha, half sleeved choli and transparent veils. Men and women both are also decorated with variety of ornaments on their hands, legs, ears and neck etc. Males are shown in Mughal angrakhas, tight pajamas and various types of turbans. There is much stress on colour scheme in this style. The clarity in designs, forms, figures and emotions etc. are shown by colours. Mostly red, yellow, blue and green are used. Each colour used has its own symbol e.g. red represents the love and blue colour for Krishna. Krishna is wearing yellow dhoti. His upper half is naked. He is wearing a long white pearl garland and jeweled crown with peacock plumes along with other ornaments. Ornamentally designed carpets, pillows, decorated gates, carved wooden pillars and latticed windows etc. add extra beauty to this school paintings. Light and heavy rains are shown by dotted and straight lines. Sunlight is depicted by yellow colour. Flat background with simplified forms of trees and high horizon are special identity of Basohli style. The portrait named king of Chamba Jeet Singh and king of Kangra Sansarchand made by Nainsukh is worth seeing portraiture in Basohli style. Devidas, Manku, Nainsukh, Golu and Ranjha were main artists of this school. Illustrated Rasmanjari of Bhanudutta during the reign of Raja Kripal Pal reflects characteristic features of this school.

बसोहली स्कूल

वर्तमान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कठुआ जिले में उस समय बसोहली एक छोटी रियासत थी। बसोहली शैली का विकास स्थानीय लोक कलाओं, कलात्मक धार्मिक परंपराओं और मुगल शैली में प्रयुक्त उत्कृष्ट यथार्थ निरूपणों के मेल से हुआ। बसोहली के राजा कृपाल पाल के शासन काल में यह स्कूल अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचा और इसका स्वरूप निखर कर मौलिक बना। इस स्कूल के मुख्य केन्द्र कुल्लू, चम्बा, मंडी, नूरपूर, सुकेत, विकासपुर और नालागढ़ थे। बसोहली स्कूल के चित्रों पर हम वैष्णव संप्रदाय का प्रभाव पाते हैं क्योंकि इस स्कूल के लगभग सभी मुख्य कलाकारों ने भगवान कृष्ण और उनकी विभिन्न मुद्राओं के चित्र बनाये हैं। साथ में रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, भगवान विष्णु के दस अवतार, गीत गोविन्द, बारहमासा, नायक–नायिका भेद आदि के प्रसंग भी इस स्कूल में चित्रित किये गये हैं। यहाँ भी राधा–कृष्ण को आत्मा और परमात्मा के रूप में चित्रित किया गया है जो यह आध्यात्मिक संदेश देता है कि आत्मा को परमात्मा से मिलने के लिये अनेक बाधाओं को पार करना पड़ता है, तब कहीं जाकर आत्मा परमात्मा में विलीन होती है।

बसोहली स्कूल के सभी चित्र सुन्दर एवं आकर्षक हैं। इनमें प्यार, स्नेह, मनोभाव, प्रेम और अध्यात्म का अथाह सागर भरा है। इनमें मानव आकृतियों के पार्श्व चेहरे चमकदार, चटख और सपाट रंगों से बनाये गये हैं। कमल की पंखुडियों जैसी प्यार भरी आँखों के साथ मनोभावों को व्यक्त करने के लिय हाथ की विभिन्न मुद्राओं का प्रयोग किया गया है जो इस शैली के मुख्य गुण हैं। इस स्कूल के चित्रों में, अलंकृत दृश्य चित्रण और ऊँचे क्षितिज की प्रधानता है प्रत्येक चित्र में लगभग एक इंच चौड़ा हल्का नीला आसमान सबसे ऊपर बनाना, जिसे ऊँचा क्षितिज बनाना कहते है, बसोहली स्कूल के कलाकारों की परम्परा बन गया था। स्त्रियों को मंहगे, भव्य लहगों, आधी आस्तीन की चोली और पारदर्शी ओढ़नियों में दिखाया गया है। सभी स्त्री–पुरुष आकृतियों के नाक–कान, हाथ–पैर आदि को आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। पुरुषों को मुगल अंगरखों, चुस्त पैजामाओं और अनेक प्रकार की पगड़ियों में दिखाया गया है। चित्रों की किनारियों को लाल, पीले और भूरे रंगों से बनाया गया है। इस शैली में, मानवाकृतियों के मनोभावों के चित्रण और रंग संयोजन पर विशेष ज़ोर दिया गया है। ज्यादातर लाल, पीले, हरे और नीले रंग का प्रयोग अधिकता से किया गया है। इसमें प्रयुक्त प्रत्येक रंग का अपना एक प्रतीक है। जैसे – लाल रंग का प्रयोग प्रेम के देवता के लिये और नीले रंग का प्रयोग भगवान कृष्ण के लिये हुआ है। मुख्य रूप से कृष्ण के शरीर को नीला दिखाया गया है। उनकी धोती पीली है। उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा नग्न है। वे अनेक प्रकार के आभूषणों के साथ–साथ, एक सफ़ेद लम्बी माला और मोर पंख युक्त रत्नजडित मुकुट पहने दिखाये गये हैं। अलंकृत डिजाईन वाली दरियाँ, तकिये, सजावटी द्वारों, लकड़ी के खुदाई वाले स्तंभों और जालीदार खिड़कियों आदि के चित्रण के कारण इस स्कूल के चित्रों की शोभा और भी अधिक बढ़ गई है। हल्की बारिश को छोटी–छोटी पतली रेखाओं के द्वारा और तेज बारिश को पूरी रेखाओं से दिखाया गया है। धूप को पीले रंग से दिखाया गया है। सपाट पृष्ठ भाग में, सरल रूपों में बनाये गये पेड़ों के चित्र और ऊँचा क्षितिज इस स्कूल की विशेष पहचान हैं। बसोहली शैली मे प्रसिद्ध कलाकार नैनसुख द्वारा बनाया गया पोट्रेट 'चम्बा के राजा जीत सिंह और कांगरा के राजा संसार सिंह' देखने योग्य है। देवीदास, मनकू, नैनसुख, गोलू, रांझा आदि इस स्कूल के मुख्य कलाकार माने जाते है। राजा कृपाल पाल के शासनकाल में बने भानुदत्ता की 'रस मंजरी' के दृष्टान्त चित्र, इस स्कूल की सभी विशेषताओं को प्रतिबिम्बित करते हैं।

KANGRA SCHOOL

Kangra paintings have been considered one of the best miniature paintings of the world. This school was born in 18th century as a mixture of Rajasthani and Mughal style. It reached its peak due to its real splendour under the sincere patronage of Kangra Raja Sansar Chand (1775-1823) A.D. Kangra School flourished due to devotion and efforts of the refugee artists of Aurangzeb's court and local folk Pahari artists of Guler and Chamba. After a series of long research works, it is noticed that Kangra paintings are painted in planned manner after removing all the defects of Rajasthani and Mughal miniatures. Kangra style has its own original virtues and traditions. Guler, Nurpur and Tira Sujanpur were main centers of Kangra School. Manku and his two sons Khushala and Fattoo, Kishanlal, Basia, Purkhoo etc. were the main artists of Kangra School. Their selfless devotion to the art enriched the art heritage of India. Raja Sansar Chand's devotion to Krishna cult and his love for romantic literature inspired the Kangra School artists to paint on the themes like love, romance, religion and literature. They painted numerous paintings based on different episodes of Ramayana, Mahabharata, Bhagwat-Purana, Jaidev's Geet-Govinda, Keshav Das's Rasikpriya, Beharilal's Sat-sai, Barahmasa and Ragmala. They also painted general life scenes like workers in the field, people taking warmth of the fire, festivals like Holi and fairs etc. very gracefully. 'The worship of mount Goverdhan' a theme painted from Bhagwat-Purana is the finest and alive example of Kangra painting, now in J. K. Modi collection, Mumbai.

The matchless impressive female figures painted with required facial expressions have put life in Kangra School paintings. They are slim and soft. Their round profile face, large bow like eyes and long fingers are able to express internal sentiments effectively. They are painted wearing traditional Indian garments choli, lahenga and transparent veil. They are decorated with payal, bangles, rings, garlands and kumkum on forehead. Males are shown in angrakha, pajama, and turban. Krishna has always been shown in yellow dhoti and blue naked body. There is very alive and natural depiction of birds and animals in this school. The main characteristic of Kangra School is its unparallel and matchless drawing. Kangra school artists mastered the art of free hand drawing. The beautifully flowing lines add rhythm, softness and delicacy to the composition. They used very fine lines with great care to show internal sentiments and facial expressions. Kangra artists mostly used very bright red, yellow and blue colours. They used mixed colours like pink, green and mauve etc. Application of gold and silver colours has increased the beauty, reality and brightness of Kangra paintings. These colours are used in beautifying garments, ornaments, utensils, furniture, to show moonlight and lightening also. Similarly, the depiction of trees, mountains, flowers, falls etc. has been marvellously painted in this style. Like the natural beauty of Kangra valley, Kangra miniature paintings have matchless beauty. Kangra paintings have been painted on special type handmade paper and are popularly known as 'Sialkoti' paper.

कांगरा स्कूल

कांगरा स्कूल के लघु चित्र विश्व के सर्वोत्तम लघु चित्रों में से एक हैं। इस स्कूल का जन्म 18 वीं सदी में राजस्थानी एवं मुगल शैली के सम्मिश्रण से हुआ। राजा संसारचंद (1775–1823 ई0) के कुशल संरक्षण में यह स्कूल अपनी खूबसूरती के कारण अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचा। कांगरा स्कूल के विकास में मुगल शासक औरंगजेब के दरबार से विस्थापित कलाकारों और स्थानीय पहाड़ी क्षेत्रों जैसे गुलेर, चम्बा आदि के लोक कलाकारों का योगदान एवं समर्पण बड़ा ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है। एक लम्बे अनुसंधान के बाद यह पाया गया है कि कांगरा के लघु चित्रों में राजस्थानी और मुगल स्कूल की कमियों को बड़े ही सुनियोजित ढ़ंग से हटाया गया है। कांगरा शैली के अपने मौलिक गुण एवं परंपराएँ हैं। गुलेर, नूरपुर और तीरा सुजानपुर आदि कांगरा स्कूल के मुख्य केन्द्र थे। कांगरा स्कूल के मुख्य कलाकार मनकू और उसके दो पुत्र खुशाला एवं फत्तू, किशन लाल, बसिया, पुरखू आदि थे जिनके कला के प्रति स्व रहित समर्पण ने भारतीय कला की विरासत को समृद्ध किया है। कृष्ण संप्रदाय के प्रति राजा संसारचंद का प्रेम और उनके रोमांटिक साहित्य से लगाव ने कांगरा शैली के चित्रकारों को प्यार, रोमांस, धर्म एवं साहित्य आदि विषयों पर चित्र बनाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने रामायण, महाभारत और भागवत पुराण आदि के प्रसंगों पर चित्र बनाने के साथ ही जयदेव लिखित 'गीत गोविन्द' केशवदास लिखित 'रसिक प्रिया', बिहारी लिखित 'सतसई', बारहमासा, रागमाला आदि के संदर्भो पर अनगिनत चित्र बनाये। उन्होंने खेतों में काम करते लोग, आग तापते लोग, होली, मेले आदि लोक–जीवन के विषयों को भी पूरी तन्मयता से चित्रित किया है। कांगरा शैली में भागवत पुराण के प्रसंग पर बनी एक उत्कृष्टतम कृति 'द वरशिप ऑफ माउंट गोवर्द्धन' (गोवर्द्धन पर्वत की पूजा) है जो अब जे0के0 मोदी, मुम्बई के व्यक्तिगत संकलन में है।

अद्वितीय, प्रभावशाली एवं हाव–भाव से परिपूर्ण महिलाओं के चित्रण के कारण कांगरा स्कूल के चित्र जीवन्त लगते हैं। इसमें चित्रित स्त्रियाँ, छरहरी एवं कोमल दिखाई गई हैं। उनके गोल, पार्श्व चेहरे, धनुषाकार बड़ी–बडी आँखों एवं लम्बी–लम्बी उँगलियों आदि से आंतरिक मनोभावों को सक्षमता से व्यक्त किया गया है। वे सभी पारंपरिक भारतीय परिधान लहंगा, चोली और पारदर्शी ओढनी में चित्रांकित हैं। उन्हें पायल, चूड़ियाँ, अंगूठियाँ, मालाएँ आदि के साथ ललाट पर कुमकुम लगा कर सजाया गया है। पुरुषों को अंगरखा, पैजामा और पगडी में दिखाया गया है। कृष्ण को हमेशा नीले रंग के अर्द्ध नग्न शरीर और पीली धोती में दिखाया गया है। इस शैली में पशु–पक्षियों का चित्रण भी बहुत ही सहज, सरल, जीवन्त एवं स्वाभाविक रूप से किया गया है। अद्वितीय और अप्रतिम रेखांकन, कांगरा शैली के चित्रों का मुख्य गुण है। कांगरा शैली के चित्रकार हाथ से स्वतंत्र रूप से चित्रांकन (Free hand drawing) करने की कला में दक्ष थे। सतत और बहती हुई रेखाओं के प्रयोग के कारण पूरी चित्र संरचना कोमल, लयात्मक, गतिशील और लालित्य पूर्ण दिखाई देती है। उन्होंने बडी चतुराई से पतली–पतली रेखाओं द्वारा आन्तरिक मनोभावों को भी चेहरे के हाव–भाव द्वारा व्यक्त किया है। कांगरा के कलाकार अधिकतर चटख लाल, पीले और नीले रंगों का प्रयोग करते थे। मिश्रित रंगों में, गुलाबी, हरा, बैगनी आदि रंगों का प्रयोग है। सुनहरे एवं रुपहले रंगों के प्रयोग किये जाने से कांगरा स्कूल के चित्रों की यथार्थता और सुन्दरता अत्यधिक बढ़ गई है। इन रंगों के प्रयोग से परिधानों, आभूषणों, बरतनों, फर्नीचरों, बिजली की कडक, चाँदनी रात आदि की सुन्दरता को और अधिक आकर्षक बनाया गया है। इसी प्रकार, इस शैली में बने पेड़, पहाड़, फूल, झरने आदि बड़े आकर्षक हैं। कांगरा घाटी की प्राकृतिक सुन्दरता की तरह ही कांगरा शैली के लघुचित्र अद्वितीय है। कांगरा शैली के चित्रों को हैण्डमेड कागज पर बनाया गया है। इस कागज को 'सियालकोटी' कागज़ भी कहते हैं।

MAIN FEATURES OF PAHARI SCHOOL

The Pahari paintings are painted in the best combination of Mughal, Rajasthani and folk style and yet these are able to maintain their original existence. In this school, artists specially used the beauty of women and nature to depict love, romance and mood. The romanticism and divine love of Radha-Krishna are popularly painted in a very emotional style. This is because people living in hills, mostly followed Krishna cult.

Classical literature, music, religious theme from Indian mythology and local culture etc. are the favorite subject matter of this school. The very bright colours have been used. The stylistic use of gold and silver added extra brightness and glamour.

The credit for flourishing the Pahari School goes to the small kings of Hill estates starting from Jammu to Tehri and Pathankot to Kullu. The main centers of this school were Basohli, Guler, Kangra, Chamba, Mandi, Garhwal, Jammu & Kashmir, Dharmshala etc. These paintings are done on a special type handmade paper called 'Sialkoti' papers. This school is famous for free hand drawing. Even very fine lines have been used with great care to show internal sentiments and facial expressions.

The animals and birds are very lively depicted in such a manner that their presence is need of the painting and symbolizes emotions e.g. a cawing crow is painted as a symbol of arrival of hero of the painting. Painted royal palaces, lattices and domes look like made up of marbles. It reflects the effect of matured Mughal style on Pahari School. The tempera technique is used in Pahari School paintings.

The faces of the human beings are profile. Beautiful female figures are the speciality of Pahari School. They are slim and attractive. Their large eyes, round face and long fingers are used to depict various sentiments. They look like ideal Indian women wearing traditional garments and transparent veils. They are decorated with variety of ornaments. Males are shown in traditional costumes like angrakha, pajama and turban.

पहाड़ी स्कूल की मुख्य विशेषताएँ

यद्यपि पहाड़ी चित्रकला मुगल, राजस्थानी और स्थानीय लोक कलाओं के सर्वोत्तम समन्वय से विकसित हुई फिर भी इस कला का अपना मौलिक स्वरूप है। इस स्कूल के चित्रकारों ने प्रेम, रोमांस और मानव जीवन के अन्य पहलुओं को चित्रित करने में प्रकृति एवं स्त्री के सौन्दर्य का भरपूर प्रयोग किया है। इसमें राधा–कृष्ण के दैवी स्नेह और प्रणय प्रसंगों को बड़े ही भावपूर्ण ढंग से चित्रांकित किया गया है। इसका मुख्य कारण था कि पहाड़ के अधिकांश लोग भगवान कृष्ण के अनुयायी थे।

इस स्कूल की विषय वस्तुओं के संदर्भ साहित्य, संगीत, भारतीय धर्म ग्रंथ और लोक संस्कृति आदि से लिये गये हैं। इनमें चटख और चमकदार रंगों का प्रयोग किया गया है। इन चित्रों की चमक और आभा सुनहरे और रुपहले रंगों के प्रयोग से बढ़ी है।

पहाड़ी स्कूल को विकसित करवाने का श्रेय जम्मू से टिहरी और पठान कोट से कुल्लू तक के छोटे–छोटे पहाड़ी राजाओं को जाता है। इस स्कूल के मुख्य केन्द्र 'बसोहली, गुलेर, कांगरा, चम्बा, मंडी, गढ़वाल, जम्मू एवं कश्मीर, धर्मशाला आदि थे। इन चित्रों को विशेष प्रकार के हैण्डमेड कागज़, जिसे सियाल कोटी कागज भी कहते हैं, पर बनाया गया है। कांगड़ा स्कूल के चित्रों का रेखाकंन मुक्त हस्त से किया गया है। इस शैली में, बड़ी चतुराई से पतली–पतली रेखाओं के द्वारा आन्तरिक मनोभावों को चेहरों के हाव–भाव से दिखाया गया है।

इस शैली में पशु–पक्षियों का जीवन्त चित्रण इस प्रकार किया गया है मानो वे चित्रांकित आकृतियों के प्रतीक हों, इसमें काँव–काँव करता हुआ कौआ नायक के आगमन के प्रतीकार्थ चित्रित है। राजसी महलों, जालियों और गुम्बदों को संगमरमरी रूप में चित्रित किया गया है जो पहाड़ी स्कूल पर परिपक्व मुगल शैली के प्रभाव को प्रतिबिम्बित करते हैं। पहाड़ी स्कूल के सभी चित्र टेम्पेरा तकनीक में बनाये गये हैं।

इनमें चित्रांकित सभी मानवाकृतियों के चेहरे पार्श्व हैं। सुन्दर–सुन्दर स्त्रियों का चित्रण पहाड़ी स्कूल के चित्रों में हुआ है। वे सभी आकर्षक एवं छरहरी हैं। उनकी बड़ी–बड़ी आँखों, गोल चेहरों और लम्बी उँगलियों का प्रयोग विभिन्न मनोभावों को व्यक्त करने के लिये किया गया है। परंपरागत परिधानों और पारदर्शी ओढ़नी में वे आदर्श भारतीय नारी दिखाई देती हैं। उन्हें तरह–तरह के आभूषणों से भी सजाया गया है। पुरुष वर्ग को परम्परागत परिधानों जैसे अंगरखा, पैजामा और पगड़ी में चित्रांकित किया गया है।

KRISHNA WITH GOPIS
(PLATE-7)

This is one of the most charming tempera paintings of Basohli School painted on Geet-Govind series. In this painting, Lord Krishna is shown in happy mood with Gopis at the bank of river Yamuna. All the eight Gopis decorated in luxurious costumes are expressing their sincere regards and emotions to Lord Krishna. The colour complexion of Krishna is blue. He is wearing bright yellow colour dhoti and a jewel decorated crown with peacock feather on his head. The upper portion of his body is naked and decorated with variety of ornaments. All the figures have profile face, sloping head, eyes like lotus petals and sharp nose. In the centre of this miniature, Lord Krishna is embracing two Gopis, third Gopi is touching his feet, fourth is in knee down posture and praying him; fifth is in stooping posture with her palms folded; sixth is holding a fan like round structure; seventh is looking back and eighth is holding a white chauri. Facial expressions of members of whole group are divine and spiritual. To depict vibrant forest scene of Vrindavan in the background, variety of trees of nearly same height are painted in a queue in different colours. They have repeated patterns of geometrical leaves and are shining like enamel colours. Blue coloured high horizon has been shown at the top of the painting. In the foreground, a narrow stretch of river Yamuna has been depicted by a fine white flowing line. Enamel like colours and shining emerald embedded in the painting of the trees are used to make the atmosphere spiritual. The artist of this painting is unknown and it is a collection of National Museum, New Delhi.

गोपियों के संग कृष्ण

यह चित्र गीत–गोविन्द के संदर्भों पर बनाये गये चित्रों की शृंखला में बसोहली स्कूल के अत्यन्त आकर्षक चित्रों में से एक है। इस चित्र में कृष्ण यमुना नदी के किनारे आठ गोपियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। भव्य परिधानों में सजी आठों गोपियाँ, अपने–अपने भावों के श्रद्धा सुमन भगवान कृष्ण को अर्पित कर रही हैं। श्री कृष्ण के शरीर का रंग नीला है। वे पीली धोती एवं मोर–पंख युक्त मुकुट पहने हैं। उनके शरीर का ऊपरी भाग नग्न है, जिसे विभिन्न प्रकार के आभूषणों से सजाया गया है। इसमें सभी मानवाकृतियों के चेहरे पार्श्व, ढ़लुआँ ललाट, तीखे नाक और कमल की पंखुड़ियों जैसी आँखें दिखाई गई हैं। इस लघु चित्र के मध्य भाग में भगवान कृष्ण दो गोपियों को गले लगा रहे हैं, तीसरी उनके चरण स्पर्श कर रही है, चौथी गोपी अपने घुटनों पर झुक कर उनकी वन्दना कर रही है तो पाँचवी ने हाथ जोड़ कर मस्तक झुका रखा है। छठी गोपी ने पंखे जैसी गोल छतरी पकड़ी है तो सातवीं पीछे मुड़कर देख रही है और आठवीं गोपी के हाथ में सफ़ेद रंग का चंवर है। सभी गोपियों के चेहरों का भाव दैवी और आध्यात्मिक है। चित्र के पृष्ठभाग में, वृन्दावन के खूबसूरत जंगल के दृश्य को लगभग समान आकार के, एक कतार में बनाये गये विभिन्न रंगों के चमकते हुये वृक्षों से दिखाया गया है। उनके पत्ते ज्यामितीय आकार के गुच्छों में बनाये गये हैं तथा उसी को बार–बार चित्रित किया गया है, जिनकी चमक रंगीन मीने की तरह हैं। पूरी चित्र संरचना बसोहली शैली में बनी हुई है क्योंकि इसमें ऊँचे क्षितिज को हल्के नीले रंग से दिखाया गया है। इस चित्र के अग्र भाग में यमुना नदी की पतली धारा को सफ़ेद रंग की बहती हुई रेखा द्वारा अंकित किया गया है। मीना जैसे चमकते हुए रंग और पेड़ों में जड़े गये रत्नों के प्रभाव सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक बनाते हैं। इस चित्र को बनाने वाले चित्रकार का नाम अज्ञात है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

RAGA MEGHA
(PLATE-8)

This is a beautiful and attractive tempera painting of Kangra School of 18th century. In this painting, Lord Krishna is blowing a conch on the varanda of a white temple. He is looking towards the sky as if he were inviting the clouds for rain. He is wearing yellow dhoti and yellow dupatta. His upper portion of the body is naked. His complexion is painted in blue colour as usual. He has special type of crown decorated with peacock feather on his head, ghunghrus tied on his ankles and a white garland. Radha is looking at Krishna raptly in her delicate style. She is standing under a huge Kadamb tree on which peacock is sitting, in white pink ghanghra yellow veil and light green choli. She has been decorated with a variety of ornaments like head locket, nose ring, necklace, ear rings and armlets etc. She is watching the divine deed of Lord Krishna surprisingly. A beautiful maid holding a chhatra (Special type of umbrella) decorated with green leaves is shown in pace with Lord Krishna. She is also in traditional costumes. All the three painted figures have profile face, bow like large eyes, sharp nose and thin red lips. The side view of temple and half portion of Kadamb tree are shown visible in the painting. In the upper portion of the painting, the sky is fully covered with dense clouds. These clouds are painted in a colourful combination of blue, black and purple. The flashes of lightning are shown in sparkling yellow wavy lines. Six swans are shown flying below the clouds in a beautiful manner in a queue. The artist of this painting is not known. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

राग मेघ

यह 18 वीं सदी में बना, कांगरा स्कूल का एक सुन्दर एवं आकर्षक टेम्पेरा चित्र है। इस चित्र में, भगवान कृष्ण एक सफेद मंदिर के बरामदे पर खड़े होकर शंख बजा रहे हैं मानो वर्षा के लिये बादलों को आमन्त्रित कर रहे हों। वे पीली धोती और पीले दुपट्टे में चित्रित हैं। उनके शरीर का ऊपरी भाग नग्न है। उनका शरीर हमेशा की तरह नीले रंग में बना है। उनके सिर पर विशेष प्रकार का मोर पंख युक्त मुकुट, पैरों में घुंघरू और गले में सफ़ेद फलों की माला है। राधा उन्हें आनंदित होकर पूरी तन्मयता से निहार रही है। वह एक विशाल कदम्ब के पेड़ के नीचे सफ़ेद–गुलाबी घांघरे, हरी चोली और पीली ओढ़नी में खड़ी है। राधा को मांग टीका, नथ, हार, झुमके, बाजूबंद आदि अनेक प्रकार के आभूषणों से युक्त दिखाया गया है। वह भगवान कृष्ण के इस दैवी कृत्य को आश्चर्य चकित होकर देख रही है। एक परिचारिका हरे पत्तों से सजे विशेष प्रकार के छत्र को लेकर कृष्ण के साथ खड़ी है। वह भी पारंपरिक परिधान में दिखाई गई है। तीनों मानवाकृतियों के चेहरे पार्श्व, धनुष जैसी बड़ी आँखें, पतली नाक और लाल होंठ हैं। इसमें मन्दिर के समीप का दृश्य और कदम्ब के पेड़ का आधा भाग बहुत सुन्दर चित्रांकित है। पेड़ के ऊपर एक मोर बैठा हुआ दिखाया गया है। इसमें बादलों को नीले, काले और बैगनी रंगों के सम्मिश्रण से बनाया गया है। चमकती हुई बिजली को चमकीले पीले रंग की लहरदार रेखाओं द्वारा अंकित किया गया है। बादलों के ठीक नीचे छः बगुलों का एक समूह कतार में उड़ता हुआ चित्रित किया गया है। इस पेंटिग के कलाकार का नाम अज्ञात है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

Unit-2

THE MUGHAL SCHOOL

Origin and Development

Real founder of Mughal School was Akbar, The Great. Later on, this style of miniature painting flourished under the patronage of Mughal Emperors. They had a traditional love for art, music and literature. Their ancestors were Mangoles who came here from Central Asia. At that time, Central Asia was the main centre of art and culture of China and Europe. After their arrival in India, in early part of 16th century A.D., they saw Indian paintings. They gave a great honour to Indian artists. These Indian artists introduced a new style of paintings known as Mughal paintings i.e. the combination of Rajasthani style and Persian style. The true development of Mughal School is remarkable from Akbar to Jahangir.

मुगल स्कूल

इस शैली का विकास मुगल शासकों के संरक्षण में हुआ था। वे लोग परम्परागत रूप से कला, संगीत और साहित्य के अनुरागी थे। उनके पूर्वज मंगोल थे जो मध्य एशिया से यहाँ आये थे। उस समय मध्य एशिया, चीन एवं यूरोप की कला और संस्कृति का मुख्य केन्द्र था। 16वीं सदी के आरंभ में भारत आगमन के बाद सर्वप्रथम उनकी नजर भारतीय चित्रों पर पड़ी। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय कलाकारों को बहुत सम्मान दिया। बाद में इन्हीं कलाकारों ने मुगल शासकों की संरक्षता में राजस्थानी और ईरानी चित्र शैली के मिश्रण से चित्रकला की एक नई शैली को विकसित किया। जो मुगल लघु चित्र शैली के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मुगल स्कूल का वास्तविक विकास महान मुगल शासक बादशाह अकबर के शासन काल में हुआ तथा जहाँगीर के शासन काल तक उत्तरोत्तर विकसित होता रहा।

BABUR
(1526-1530)

Babur was the first Mughal emperor in India. He was from Timur family who established Mughal rule in India. Though his life was full of struggles yet he had love for art and painting. He visited Herat, a famous centre of Islamic art and culture; where he saw the paintings of Bihzad Shah Musavir, a genius painter of Persian School, known as the 'Rapheal of the East' that impressed him very much. Babur longed for the familiar artistic splendour of Herat in India, but he could not do so due to his political position. He was mostly in the battle field and died in 1530 A.D.

HUMAYUN
(1530-1556)

Humayun inherited his father's artistic inclination. During the 15 years of exile, he travelled extensively and brought two young artists - Mir Sayyid Ali of Tabrez and Khwaja Abdul Samad of Shiraj to India from Iran. The first major manuscript work of Mughal School 'Dastan-E-Amir-Hamza' had been started during the reign of Humayun and was completed during Akbar's reign under the guidance of Mir Sayyed Ali. This is popularly known as 'Hamza-Nama'. Humayun died in 1556 A.D.

बाबर
(1526–1530)

भारत का सबसे पहला मुगल शासक बाबर था। वह तिमुर वंश से था। सर्वप्रथम उसी ने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी। यद्यपि उसका जीवन संघर्षों से भरा रहा फिर भी वह चित्रकला का अनुरागी था। जब वह इस्लामिक कला एवं संस्कृति का प्रसिद्ध केन्द्र हेरात गया तो वह ईरानी स्कूल के प्रतिभाशाली कलाकार विहज़ाद शाह मुसाविर के चित्रों से बहुत प्रभावित हुआ। बाबर की इच्छा भारत में हेरात जैसा सुन्दर कलात्मक विकास केन्द्र स्थापित करने की थी, लेकिन अपनी राजनैतिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण वह अपनी यह इच्छा पूरा नहीं कर पाया। उसके जीवन का अधिकांश समय युद्ध क्षेत्र में बीता और सन् 1530 ई0 में उसकी मृत्यु हो गई।

हुमायूँ
(1530–1556)

हुमायूँ को कलात्मक अभिरुचि अपने पिता से विरासत में मिली थी। अपने 15 वर्षो के निष्कासन के दौरान उसने वृहत् यात्रायें की और दो युवा ईरानी कलाकारों मीर सैय्यद अली को तब्रेज से और ख्वाजा अब्दुस्समद को शिराज से भारत लाया। मुगल स्कूल की पहली हस्तलिखित पोथी का लेखन एवं चित्रण हुमायूँ के शासन काल में मीर सैय्यद अली के मार्ग दर्शन में आरंभ किया गया था जो अकबर के शासन काल में पूर्ण हुआ। इसे हम्जा–नामा के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है। हुमायूँ की मृत्यु सन् 1556 में हुई।

AKBAR
(1556-1605)

Akbar, at the early age of 13 years, had achieved the throne of Delhi in 1556. He was an extraordinarily intelligent, genius, liberal and generous King and a man of character with broad vision, though he was illiterate. He became very popular in a very short time. He impressed different religions and showed equal respect to them. He followed the Vaishnava cult. He had started a new religion known as 'Deen-e-Illahi', the aim of which was to establish co-relation and compromisation among different religions or to make 'Suleh Kul'. He married Raja Man Singh's sister Jodhabai in the beginning of 16th century. He was very much impressed by Rajasthani paintings and gave great honour to the Indian artists also. It was Akbar's generosity and compromising attitude and effort that brought Persian style and Rajasthani style closer and gave birth to Mughal School. The golden age of Mughal School is regarded from Akbar's reign to his son Jehangir's reign. Akbar was very fond of portrait painting. He himself used to sit for getting his own portrait done. He got several portraits of his courtiers also.

The first major manuscript work of Mughal painting 'Dastan-E-Amir Hamja' had been started during the reign of Humayun and was completed under Akbar's reign. He built a new capital at Fatehpur Sikri. Khwaja Abdul Samad was the director of his art gallery there. He taught painting to Humayun and Akbar both. In his court the artists were both the Hindus and Muslims. A large number of Hindu artists from all over India were recruited to work in his court. He invited Persian and Turkish intellectuals also to translate and illustrate Hindu epics and texts. The important manuscripts translated and illustrated during Akbar's reign were Twarikh-Khandan-Timuria, Razma Nama(Mahabharat), Ramayan (translated in Persian and painted), Bakat Babri(biography of Babur), Akbarnama, Anwar-Sunaheli(Panchtantra), Ayar Danish (Panchtantra), Nal Damyanti, Changez Nama, Zafar Nama,Ain-e-Akbari and Hamza Nama etc.

According to 'Ain-e-Akbari' Akbar had been interested in painting since childhood. In Akbar's reign always two or more artists worked collectively in a group but not more than five. One made sketch; another made figure drawing; third did portraits; fourth one filled colours and finally the fifth artist wrote the script on it. All had mastered their fields. In his art workshop, the chief painters were Mir Sayed Ali and Abdul Samad. Many Indian artists such as Dashwant, Bashawan and Miskin attained great position in his court. Dashwant gave Hindu touch to Persian School. Most of the paintings of Razma Nama (Mahabharat) were executed by him in which matchless paintings of Hindu god and goddesses are present. Other artists of this school were Bihzad, Bhag, Manohar, Daulat, Mansur, Keso, Lal, Shanker, Goverdhan, Inayat, Govind, Jaganath, Madho, Mukund, Mahesh, Tarachand, Ram, Harbansh, Khemkaran etc.

अकबर
(1556–1605)

सन् 1556 ई0 में मात्र 13 वर्ष की आयु में अकबर दिल्ली सल्तनत का मुगल बादशाह बना। यद्यपि वह अशिक्षित था, लेकिन विलक्षण प्रतिभाशाली, बुद्धिमान, उदार, सहृदय और चरित्रवान होने के साथ–साथ वह दूरदर्शी भी था। वह अल्पकाल में ही सबका प्रिय बन गया। वह सभी धर्मों से प्रभावित था और उसने सबको समान रूप से आदर भी दिया। बाद में वह वैष्णव सम्प्रदाय का अनुगामी बना। उसने एक नये धर्म 'दीन–ए–ईलाही' की स्थापना की जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों के बीच सह संबंध और आपसी सामंजस्य को बनाये रखना या 'सुलह कुल' बनाना था। 16वीं सदी के प्रारंभ में उसने राजा मानसिंह की बहन जोधाबाई से विवाह किया। वह राजस्थान की परम्परागत चित्रकला से बहुत प्रभावित होने के कारण भारतीय कलाकारों को अत्यधिक सम्मान देता था। अकबर की उदारता, उसके आपसी सामंजस्य के विचारों तथा प्रयासों से ईरानी शैली और राजस्थानी शैली का समन्वय हुआ उससे जो कला विकसित होकर सामने आई वह मुगल लघु चित्र शैली के नामसे प्रसिद्ध हुई। इस शैली का स्वर्णयुग अकबर के शासनकाल से लेकर जहाँगीर के शासनकाल तक माना जाता है। अकबर को पोट्रेट बनवाने का बहुत शौक था। वह स्वयं अपना पोट्रेट बनवाने के लिये बैठ जाता था। उसने अपने दरबारियों के भी अनेक चित्र बनवाये थे।

मुगल शैली की सबसे पहली हस्तलिखित पोथी 'दास्ताने–ए–अमीर हम्ज़ा' है जिसे हुमायूँ के शासन काल में लिखना शुरू किया गया था और अकबर के शासनकाल में पूरा किया गया। अकबर ने अपनी नई राजधानी की स्थापना फतेहपुर सीकरी में की। जहाँ ख्वाजा अब्दुल समद को अपनी कला दीर्घा का निदेशक बनाया। अब्दुल समद ने हुमायूँ और अकबर दोनों को कला की शिक्षा भी दी थी। उसके दरबार में हिन्दू और इस्लाम दोनों धर्मों के कलाकार थे। उसने भारत के विभिन्न भागों के सभी योग्य कलाकारों की नियुक्तियाँ अपने दरबार में की। हिन्दू धर्म ग्रंथों एवं पुस्तकों के अनुवाद तथा दृष्टान्त चित्र बनवाने के लिये उसने तुर्की एवं ईरान से विद्वानों को आमंत्रित किया। अकबर के शासन काल में अनुवादित एवं चित्रांकित हस्तलिखित पोथियाँ 'तवारीखे–खानदाने–तिमुरिया', 'रज़्मनामा' (महाभारत), 'रामायण' जिसे पारसी में अनुवाद किया गया तथा चित्रित किया गया, 'बाकआत बाबरी' (बाबरी की कथा), 'अकबरनामा', 'अनवार सुहैली' (पंचतंत्र की कहानियाँ), 'अयार–दानिश' (पंचतंत्र), 'नल–दमयती', 'चगेजनामा, 'जाफ़रनामा', 'आइने अकबरी' और 'हम्जानामा' आदि प्रमुख हैं।

आइने अकबरी के अनुसार अकबर की अभिरुचि बचपन से ही चित्रकला में थी। अकबर के शासनकाल में दो या उससे अधिक कलाकार एक साथ मिलकर चित्र बनाया करते थे पर एक समूह में पाँच से अधिक कलाकार नहीं होते थे। एक सिर्फ रेखांकन करता, दूसरा आकृतियाँ बनाता, तीसरा पोट्रेट बनाता, चौथा उनमें रंग भरने का काम करता और अंत में पाँचवां कलाकार उस पर लिखाई का काम करता था। सभी कलाकार अपनी–अपनी विधा में पारंगत थे। उसकी चित्रशाला के प्रमुख चित्रकार मीर सैयद अली और अब्दुल समद थे। दशवन्त, बसावन और मिस्किन जैसे अनेक हिंदू कलाकारों को भी उसके दरबार में उच्च स्थान प्राप्त था। दशवन्त ने ईरानी स्कूल के चित्रों को भारतीय कला का स्पर्श दिया। उसने 'रज्मानामा' (महाभारत) के अधिकांश चित्र बनाये थे जो हिन्दू देवी–देवताओं के मुगल शैली में बने अद्वितीय चित्र हैं। मुगल स्कूल के अन्य प्रसिद्ध कलाकारों में बिहजाद, भाग, मनोहर, दौलत, मंसूर, केशो, लाल, शंकर, गोवर्द्धन, इनायत, गोविन्द, जगन्नाथ, माधो, मुकुन्द, महेश ताराचन्द, राम, हरवंश और खेमकरन आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

JAHANGIR
(1605-1627)

After the death of his father Akbar, Jahangir achieved the throne of the Mughal empire in 1605 A.D. He enjoyed peaceful rule till 1627 A.D. due to his father's administrative talent and his competent wife Begum Noorjahan who looked after the political affairs of the Kingdom, so that he could get indulged in his hobbies. Jahangir was a great lover and appreciator of paintings. In his autobiography 'Tuzuk-e-Jahangiri' he described his greatness, character, purity of heart, foresightedness and talent. He had an ability of art criticism also and he always used to encourage his court artists. During Jahangir's reign, the Mughal miniature reached its climax and became more refined, dignified and charming. He liked to get albums on the different topics of nature, birds, animals, flowers and hunting scenes in realistic manner. Jahangir court painters combined the three influences - Persian, Indian and European. Idea of bird's eye view perspective and border decoration came from Persia, the Indian influence was profile faces and European influences were seen in shading the draperies, human anatomy and natural colour scheme.

During Jahangir's reign, portrait paintings also became very popular. A few female portraits were also illustrated in his time. In the portraits of Akbar's time, the backgrounds were full of architectural and inside scenes of palaces while in Jahangir's time, portraits were of life size having flat greenish background and face either in profile or three quarter profile. During this period, illustrations became outdated. Artists painted fables like stories from Panchtantra e.g. Iyar-danish and Anwar-i-Suhaili. He appreciated the novelty of western art. He had some friends like Captain William Hawkins and Sir Thomas Raw, the English Ambassador. As a result, more and more European influence manifested on Mughal School which increased fineness and beauty of these paintings. The colour became softer and less enamel. Artists started naturalistic representation of landscapes and copy work of European paintings. Aka Raza, a master of Safavid School and his son Abul Hassan were the Chief artists of Jahangir's court. Ustad Mansoor, Bichittar, Bishan Das, Goverdhan, Manohar, Mohd. Murad, Mohd. Nadir, Balchand, Daulat, Madho and Anant were other genius artists of Jahangir's court whose combined efforts made Mughal art reach the highest peak.

जहाँगीर
(1605–1627)

अपने पिता अकबर की मृत्यु के बाद सन् 1605 ई0 में जहाँगीर को मुगल साम्राज्य का ताज मिला। अपने पिता की प्रशासकीय क्षमता और अपनी बेगम नूरजहाँ के सहयोग के कारण वह सन् 1627 ई0 तक शांतिपूर्ण ढंग से राज्य करता रहा। उसकी बेगम सभी प्रकार के राजनैतिक क्रिया–कलापों को देखती थी जिसके कारण वह स्वतन्त्र रहकर अपने शौकों को पूरा कर सका। जहाँगीर को कला से बहुत लगाव था साथ ही वह कला प्रशंसक भी था। उसने अपनी आत्म–कथा 'तुजूक–ए–जहाँगीरी' में अपने गुणों एवं चरित्र की महानता, उदारता, हृदय की पवित्रता, दूरदर्शिता और प्रतिभा आदि का वर्णन किया है। वह कला समीक्षक भी था तथा अपने दरबार के कलाकारों को प्रोत्साहित किया करता था। जहाँगीर के शासन काल में मुगल स्कूल के लघु चित्रों का विकास चरम सीमा पर था तथा उनका स्वरूप पहले की अपेक्षा और भी ज्यादा परिष्कृत, भव्य एवं आकर्षक हुआ। जहाँगीर को प्रकृति, पशु–पक्षी, पुष्प और शिकार आदि विषयों पर आधारित चित्रों का एलबम बनवाने का बहुत शौक था। जहाँगीर काल के कलाकारों ने ईरानी, भारतीय और यूरोपीय प्रभावों से मुगल शैली को और भी उन्नत बनाया। ऊँचाई से नीचे के तरफ चिड़ियों की आँख से दिखाई देने वाले परिदृश्यों (Birds eye view perspective) का चित्रण तथा किनारी सज्जा दोनों गुण मुगल शैली में ईरानी शैली से लिए गये हैं। मानव आकृतियों के पार्श्व चेहरे भारतीय लघु चित्रों से लिये गये तथा परिधानों में छाया–प्रकाश का प्रयोग और मनुष्यों की शारीरिक संरचना का अध्ययन, जिसे पोर्ट्रेट में प्रयोग किया गया है, यूरोपियन प्रभाव से आया है।

जहाँगीर के शासनकाल में पोर्ट्रेट चित्रकला बहुत लोक प्रिय रही। इस समय कुछ महिलाओं के भी पोर्ट्रेट बनाये गये। अकबर काल में बने पोर्ट्रेट के पृष्ठभाग में अन्तःपुर या भवनों के दृश्य बने हैं जबकि जहाँगीर काल के पोर्ट्रेट के पृष्ठभाग सपाट हल्के रंग में बने हैं तथा चेहरे पार्श्व या तीन चौथाई पार्श्व में बनाये गये हैं। इस काल में दृष्टान्त चित्रण का फैशन कम हो गया था। चित्रकार पंचतंत्र आदि के कहानियों पर चित्र और अनुवाद बनाने लगे थे जैसे 'अयार–दानिश' तथा 'अनवर सुहैली' आदि। जहाँगीर ने पश्चिमी कला के गुणों की भी प्रशंसा की। कैप्टन विलियम हॉकिन्स और सर थॉमस रॉ जैसे अंग्रेज राजदूत उसके चुने हुए मित्रों में थे। फलतः मुगल शैली पर यूरोपीय प्रभाव बढ़ता गया जिससे चित्रों की उत्कृष्टता और सौंदर्य दोनों बढ़े। चमकदार रंगों की जगह कोमल रंगों का प्रयोग बढ़ गया। कलाकार दृश्य चित्रों को स्वाभाविक रंग में बनाने लगे साथ ही उन्होंने यूरोपीय चित्रों की नकल करना भी शुरू कर दिया। सफाविद स्कूल का प्रमुख चित्रकार अका रज़ा और उसका पुत्र अबुल हसन दोनों ही जहाँगीर के दरबार के मुख्य कलाकार थे। मुगल कला को चरमोत्कर्ष पर पहुँचाने वाले जहाँगीर के दरबार के प्रमुख कलाकारों में उस्ताद मंसूर, विचित्तर, विशनदास, गोवर्द्धन, मनोहर, मुराद, नादिर, बालचंद, दौलत, माधो और अनंत आदि थे।

MAIN FEATURES OF THE MUGHAL SCHOOL

The workplace of the Mughal School was confined to royal court only. The artists painted for the desire and pleasure of the kings. The art of painting became a profession instead of being mission of the artist. Hence, we do not find originality in Mughal School because the artists had no freedom to express their emotions for art. Mughal emperors were great lover of art. They used to pay much respect, name and fame to the artists. They also honoured them by conferring special titles and used to reward sovereigns also. Thus Mughal School artists led high class life and their aims were to please the emperor. They restricted themselves to royal commands only.

The Mughal paintings are based on Indian and non Indian stories. No doubt, illustrated manuscripts of this school have expanded the essence of Indian religion, literature and its history. The artists of Mughal School also painted the favourite topics of their master like royal splendour, hunting scene, night scene, luxury, nature's beauty, birds and animal etc. Mostly, Nature's beauty has been painted in hunting scenes. Trees, plants, rivers, mountains etc. have been painted with great accuracy. The decoration of garments and ornaments done in Mughal School is also marvelous. The carpets on the floor are full of beautiful designs. The naturalistic treatment of landscapes is the effect of European art on Mughal School. Lively depiction of animals and birds has added an extra jewel in Mughal School. Hunting scenes of Mughal School are full of nice depiction of elephant, horses, lions, deers, tigers and goats. Ustad Mansoor was a noted bird painter of this school whose matchless painting of falcon is world known. Among birds, peacock, ducks and pigeons etc. have been painted very lively.

Every Mughal ruler was very much fond of portrait paintings. Hence, we find abundance of portraiture works of Mughal Emperors in this school which are unparallel. The portraits of Hindu saints like Tulsi, Meera, Surdas, Sufi saints Shekh Salim Chishti, Sant Kabir, Sheikhpool added another feather to the beauty of this school. Emperors used to sit before the artists for getting their portraits painted. It is highly praiseworthy for Mughal artists who painted even each and every hair of beard in the portraits to make it real and natural.

Profile face is the main feature of the Mughal School. It is adopted from Rajasthani School. Specially designed painted ornamental borders around the paintings reflect the effect of Persian style on Mughal School. The brightness of colours used in Mughal school looks like that of enamel. Direct colours have been used without mixing. The use of gold and silver from crown to foot wears reflected the royal luxury of Mughals. The European effects became prominent in the Mughal School. Then artists used natural colour scheme which put life in the paintings.

The calligraphy is an utmost part of painting. So Mughal School paintings are merely manuscripts paintings, not miniature paintings. These are based on long stories on cloth in portfolio size. The depiction of religious manuscripts of Hindu literature in Mughal School shows the symbol of greatness and generosity of Mughal emperors. Mostly, manuscripts were painted during Akbar's reign. It is also a tradition of Mughal School to write the theme of the painting on a special strip in beautiful calligraphy by expert calligraphers. The artists have written their names on the paintings.

मुगल स्कूल की प्रमुख विशेषताएँ

मुगल स्कूल का कार्यक्षेत्र शाही दरबार तक सीमित था। कलाकार बादशाह की इच्छा और उसकी खुशी के लिये चित्र बनाते थे। चित्र बनाना कलाकारों का ध्येय न होकर उनका पेशा बन गया था। इसलिये मुगल स्कूल में मौलिकता नहीं हैं क्योंकि कलाकारों को अपने मनोभावों को व्यक्त करने की स्वतत्रता नहीं थी। वे कलाकारों को बहुत आदर, नाम और यश प्रदान किया करते थे तथा उन्हें विशेष उपाधियाँ और रियासतें आदि भी पुरस्कार में दिया करते थे। इसलिये मुगल स्कूल के कलाकारों का जीवन स्तर उच्च वर्ग का था और उनका मुख्य उद्देश्य शासक को प्रसन्न रखना था। फलतः उन्होंने अपने कला क्षेत्र को शाही फरमान के अन्दर तक ही सीमित कर दिया था।

मुगल चित्रकला की विषय वस्तु भारतीय और अभारतीय दोनों प्रकार के संदर्भों पर आधारित हैं। इस स्कूल में बने दृष्टान्त चित्रों ने निस्संदेह भारतीय धर्म, साहित्य और इतिहास के वैभव को फैलाया है। मुगल स्कूल के चित्रों के शीर्षक एवं प्रसंग उनके शासकों की पसंद पर निर्भर करते थे जो मुख्यतः शाही शानोशौकत, शिकार दृश्य, वैभव, प्राकृतिक सुन्दरता, पशु–पक्षी आदि होते थे। प्राकृतिक सुन्दरता को अधिकतर शिकार दृश्यों में दिखाया गया है। पेड़–पौधे, पहाड़, नदियों आदि का चित्रण बहुत ही वास्तविक दिखता हैं। परिधानों एवं आभूषणों की साज–सज्जा बड़े ही सुन्दर ढंग से की गई है। फर्श पर बिछाये गये कालीन भी आकर्षक डिजाईनों में बने हैं। दृश्य–चित्रों का स्वाभाविक रूपांकन मुगल स्कूल पर यूरोपीय प्रभाव के कारण हुआ है। पशु–पक्षियों का जीवन्त चित्रण मुगल शैली की एक अन्यतम विशेषता है। मुगल स्कूल में बने शिकार दृश्यों में हाथी–घोड़े, बाघ, शेर, हिरण, बकरियों आदि का बड़ा ही सजीव चित्रण हुआ है। उस्ताद मंसूर इस स्कूल का एक प्रमुख पक्षी चित्रकार था जिसके द्वारा बनाया गया 'गिद्ध' का चित्र अद्वितीय और संसार भर में प्रसिद्ध है। पक्षियों में मोर, बत्तख, कबूतर आदि का चित्रण भी जीवन्त है।

लगभग सभी मुगल बादशाह पोट्रेट के बहुत शौकीन थे। इसलिये मुगल बादशाहों के व्यक्ति चित्र बहुत अधिक संख्या में बने हैं, जो आकर्षक एवं अद्वितीय हैं। तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई आदि हिन्दू संतों और शेख सलीम चिश्ती, कबीर, शेख फूल आदि सूफ़ी संतों के व्यक्ति चित्र मुगल स्कूल की सुन्दरता में चार चाँद लगाते हैं। मुगल कलाकारों के इस गुण की प्रशंसा की जानी चाहिये कि उन्होंने व्यक्ति चित्रण में दाढ़ी के एक–एक बाल को भी बड़ी यथार्थता से उभारकर चित्र को सजीव बनाया है।

मुगल स्कूल की विशेषताओं में पार्श्व चेहरों का प्रयोग मुख्य है, जो राजस्थानी स्कूल से लिया गया है। चित्रों के चारों ओर बनी सुसज्जित एवं अलंकृत किनारियाँ मुगल स्कूल पर ईरानी प्रभाव से आई हैं। इस स्कूल में प्रयुक्त रंगों की चमक रत्नों जैसी दिखाई देती है। रंगों को बिना मिश्रित किये हुये प्रयोग किया गया है। सुनहले और रुपहले रंगों का प्रयोग ताज से लेकर जूतों तक में किया गया है जो मुगलों के शान एवं वैभव के प्रतीक हैं। जब मुगल स्कूल में यूरोपीयन प्रभाव आया तो कलाकार स्वाभाविक रंग योजना में चित्र बनाने लगे जिससे ये चित्र सजीव दिखने लगे।

मुगल स्कूल में लिखाई की कला का एक अलग ही महत्त्व रहा है। इसलिये मुगल स्कूल के चित्र, लघु चित्र न होकर पोथी चित्र हैं। लम्बी–लम्बी कहानियों पर आधारित ये चित्र पोर्टफोलियो (संविभाग) आकार के कपड़े पर बने हैं। हिन्दू साहित्य और धर्मग्रंथों के पोथी चित्र बनवाना मुगल शासकों की महानता एवं उदारता का परिचायक है। इस तरह की अधिकांश पोथियाँ अकबर के शासन काल में बनाई गई हैं मुगल स्कूल की एक परंपरा रही है कि लिपिकार चित्र के ऊपर सुन्दर लिपि में चित्र की विषय वस्तु लिखा करते थे। कलाकारों ने भी चित्रों पर अपने नाम लिखे हैं।

KRISHNA LIFTING MOUNT GOVERDHAN
(PLATE-9)

It is one of the early beautiful tempera paintings of Akbar's time. It is painted by noted artist Miskin on the paper in 16^{th} century A.D. In this composition, Lord Krishna is painted in standing position in dark blue colour. His figure is shown larger than all other figures. He is shown lifting mount Goverdhan on little finger of his left hand without any special effort. He has worn pitamber dhoti. His naked upper portion is decorated with a very beautiful long garland of white flowers. This feet touching garland is also decorated with red flowers and green leaves. He is also wearing various ornaments along with peacock feathered special crown on his head. In the right of Lord Krishna, a bright green coloured tree of special kind is shown beautifully. The huge multicoloured mount Goverdhan is shown in nearly half portion of this miniature painting. The technique of applying colours on it mirrors the Persian effect on Mughal School. The depiction of trees, shrubs, grass, deer, monkeys etc. is done nicely on this mountain. The gathering of Brijwasis of all cadre in their regional dresses along with their cattle is painted carefully below the mountain for getting shelter from the deluge caused by Indra, the god of rain. The herd of cow is painted very realistically in Mughal style in the lower part of painting, while a little bit dark blue coloured sky is visible from its top most part. This is a vertical, crowded and nice composition with the prominence of blue colour. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

गोवर्द्धन पर्वत उठाते हुए कृष्ण

यह अकबर के शासन काल के प्रारंभिक चित्रों में से एक है। इसे प्रख्यात कलाकार मिस्किन ने 16वीं सदी में कागज़ पर टेम्पेरा माध्यम से बनाया था। इस चित्र–संरचना में नीले वर्ण के भगवान कृष्ण को खड़ी स्थिति में दिखाया गया है। उनकी आकृति अन्य सभी मानवाकृतियों से बड़ी है। वे अपने बायें हाथ की छोटी उँगली से बिना किसी विशेष प्रयास के गोवर्द्धन पर्वत को उठाये हुये दिखाये गये हैं। वे पीले रंग की धोती पहने हैं तथा उनके शरीर का ऊपरी भाग नग्न है। उनके गले में सुन्दर सफ़ेद फूलों की एक लम्बी माला है। पैरों को स्पर्श करती हुई इस माला को लाल फूलों और हरी पत्तियों से सजाया गया है। उन्हें अनेक आभूषणों और मोर पंखों से सुसज्जित विशेष प्रकार का मुकुट पहने हुये दिखाया गया है। कृष्ण के ठीक दाहिनी तरफ़ चमकदार हरे रंग का विशेष वृक्ष बनाया गया है। विशालकाय और बहुरंगी गोवर्द्धन पर्वत इस लघु चित्र के लगभग आधे भाग में फैला है। पेड़–पौधे, लतायें, घास, हिरण, बंदर आदि इस पहाड़ पर स्वाभाविक रूप से विचरते हुए दिखाये गये हैं। क्षेत्रीय परिधानों में सुसज्जित विभिन्न वर्गों के ब्रजवासी अपने–अपने पालतू पशुओं के साथ वर्षा के देवता इन्द्र के अभिशाप से बचने के लिये इस पहाड़ के नीचे इकठ्ठे दिखाये गये हैं। इस चित्र के निचले भाग में गायों का समूह बड़ी ही यथार्थता से बनाया गया है तथा चित्र के ऊपरी हिस्से में नीले रंग का आसमान दिख रहा है। यह उर्ध्वाधर, भीड़ भरी और अति सुन्दर चित्र संरचना है जिसमें नीले रंग की प्रधानता है। इसमें रंग लगाने का तरीका मुगल स्कूल पर ईरानी प्रभाव को प्रतिबिम्बित करता है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

BABUR CROSSING THE RIVER SONE
(PLATE-10)

This tempera painting is made by Jagnnath on paper during the reign of Akbar in 16th century A.D. In this miniature, emperor Babur is sitting in a royal style on a large boat 'Gunjais' under well decorated throne along with 13 companions for crossing river Sone. Other 14 people are painted in five different boats in various moods and indulged in different activities. Babur is wearing red full sleeve royal dress and a turban on his head. Two fishes are shown swimming right to the Babur's boat. The turbulent wavy motion of water of river Sone has been painted very realistically and beautifully. A well built healthy and decorated dark brown standing horse is shown on one of the boat with a sailor for crossing the river Sone. On another boat, 6 people are engaged in different activities. One is rowing the boat; another is catching a fish and rest of four are enjoying to see fish leapt. One crocodile has opened its mouth in water and two gun men sitting on two differents boats have been shown shooting. They are in red costumes. All the six boats painted have artistic shapes and royal look. A man going with a male goat having a stick in his right hand is painted in the right corner of the foreground. All the rocks painted in this miniature are in brown colour with shading. Dark green trees look realistic. Sky is painted in light blue colour. In the background of this miniature, some houses are also shown. This beautiful historical composition is made in the mixture of Persian and Rajasthani style. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

सोन नदी पार करते हुये बाबर

प्रस्तुत चित्र को 16वीं सदी में अकबर के शासन काल के दौरान कलाकार जगन्नाथ ने बनाया था। यह चित्र कागज़ पर टेम्पेरा माध्यम में बनाया गया है। इसमें बाबर एक बड़ी नाव 'गुजांयश' में अपने तेरह साथियों के साथ शाही अंदाज में सिंहासन पर बैठा हुआ सोन नदी पार कर रहा है। अन्य पाँच नावों पर और भी चौदह व्यक्तियों को विभिन्न मुद्राओं में दिखाया गया हैं जो नाना प्रकार के क्रिया–कलापों में व्यस्त हैं। इस चित्र में बनाई गई सभी नावें कलात्मक एवं राजसी ठाट–बाठ से पूर्ण दिखती हैं। इसमें बाबर को पूरी आस्तीन के लाल राजसी परिधान में पगड़ी पहने हुये दिखाया गया है। बाबर की नाव के ठीक दाईं तरफ दो मछलियाँ तैर रही हैं। सोन नदी के लहरदार तेज प्रवाह को बहुत ही सुन्दर एवं यथार्थ रूप में दिखाया गया है। एक नाव पर गहरे भूरे रंग का सुसज्जित मस्त घोड़ा नाविक के साथ सोन नदी पार कर रहा है। दूसरी नाव पर सवार छः लोग विभिन्न क्रिया–कलापों में संलग्न हैं। एक नाव को खे रहा है, दूसरा मछली पकड़ रहा है तो बाकी के चार लोग फँसती हुई मछली को देख कर प्रसन्न हो रहे हैं। जल में एक मगरमच्छ का मुँह खुला दिखाया गया है। दो अलग–अलग नावों पर सवार दो बन्दूकधारी उस पर बन्दूक ताने हुए हैं। वे लोग लाल पोशाक में हैं। इस चित्र के अग्र भाग में एक आदमी अपने दाहिने हाथ में छड़ी लेकर एक बकरे के साथ जा रहा है। इस चित्र में बनीं सभी भूरी चट्टानें यथार्थ दिखाई दे रही हैं। आसमान हल्के नीले रंग से बनाया गया है। इस लघु चित्र के पृष्ठ भाग में कुछ मकान दिखाये गये हैं। यह सुन्दर एवं ऐतिहासिक चित्र ईरानी और राजस्थानी शैली के सम्मिश्रण से बना है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में हैं।

JAHANGIR HOLDING A PICTURE OF MADONA
(PLATE-11)

This paper tempera painting is made by the famous artist Abul Hassan of Jahangir court in early 17th century A.D. In this composition, Jahangir is shown holding a small picture of Madona in his right hand and is looking at her closely. This portrait is a very special gift to Emperor Jahangir by Father Jessuit of Goa. Jahangir is shown in the centre of this miniature having decorative floral border. Some scripture has been written around it in Persian Nastaliq script in black and golden colour. The golden strips, on which calligraphy is done in black colour have been arranged in a nice way. These strips look like a special type of border design. Four such horizontal strips and two vertical strips have been used in this portrait. The outer ornamental golden floral border adds extra beauty to this portrait. In this portrait, Jahangir is shown very young and handsome. He has profile face, prominent nose, broad forehead, pointed chin and thin lips. He is shown in green coloured royal dress and red turban. He is wearing some pearl necklace in his neck. A copper colour halo painted around his head marks his benevolent personality and saintly nature. Use of soft colours and golden appearance mirror the influence of European and Persian style on Mughal School. This miniature indicates benevolence and liberal attitude of Jahangir towards Christian missionaries also who visited his court. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

मेडोना की तस्वीर पकड़े जहाँगीर

कागज़ पर बने इस टेम्पेरा पेंटिंग को जहाँगीर–दरबार के प्रसिद्ध कलाकार अबुल हसन ने 17वीं सदी के प्रारंभ में बनाया था। इस लघु चित्र में जहाँगीर को मेडोना का एक छोटा फोटो दाहिने हाथ में लेकर, उसे बड़ी तन्मयता से देखते हुए चित्रित किया गया है। इस सुन्दर चित्र को गोवा चर्च के फादर जेस्सूट ने जहाँगीर को उपहार स्वरूप भेंट किया था। फूलों से युक्त सुन्दर किनारियों से अलंकृत इस लघु चित्र के केन्द्र में जहाँगीर को दिखाया गया है जिसके चारों ओर काले एवं सुनहरे रंग से परशियन नाश्तालिक लिपि में कुछ लिखा हुआ है। उन सभी पट्टियों को जिन पर काले रंग से लिखा गया है बड़ी सुन्दरता से सजाकर आकर्षक बनाया गया है। इसमें प्रयुक्त चार पट्टियाँ क्षैतिज और दो पट्टियाँ उर्ध्वाधर है। ये सभी विशेष प्रकार से बनाई गई हैं। सुनहरे रंग के फूलों से अलंकृत सबसे बाहरी चौड़ी किनारी इस व्यक्ति चित्र की सुन्दरता को और भी बढ़ा रही है। इसमें जहाँगीर एक आकर्षक एवं सुन्दर युवक जैसा दिखाई दे रहा है। उसका चेहरा पार्श्व, नाक तीखा, ललाट चौड़ा, ठुड्डी नुकीली और होंठ पतले हैं। वह हरे रंग के राजसी परिधान और लाल रंग की पगड़ी में है। उसके गले में मोतियों की कुछ मालाएँ हैं। सिर के चारों ओर ताँम्बे के रंग में बना प्रभामंडल उसके उदार व्यक्तित्व और साधु स्वभाव को निरूपित करता है। इसी प्रकार इसमें प्रयुक्त सुनहरे और कोमल रंग क्रमशः मुगल स्कूल पर ईरानी एवं यूरोपीय प्रभाव को दिखाते हैं। यह लघु चित्र जहाँगीर के दरबार में आने वाले ईसाई मिशनरीज़ के प्रति उसकी उदारता एवं सहिष्णुता का भी परिचायक है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

FALCON ON A BIRD REST
(PLATE-12)

This is an excellent painting of the notable genius painter, Ustad Mansoor of Jahangir court. He painted it in tempera technique on paper in early 17th century A.D. He was specialist in painting variety of birds as well as master of portraits. A superb falcon that was gifted to the Mughal Emperor Shahjahan by Shah Abbas, Emperor of Iran, was moulded by a cat and it died. Ustad Mansoor painted this tamed falcon resting on a cushioned bird rest with highly realistic details for Jahangir Nama. The isolated profile figure of the falcon is painted in white against a contrast yellow background. The details of its feathers are shown in brown colour. Its sharp beak and round vigilant eyes painted in shades of light brown and deep yellow ochre look very natural. The cruelty in eyes of falcon is also visible in this miniature. Three words are written 'Jahangir Paat-spah' at the top, 'Bahari' near the falcon in the middle and 'Uttam' on the bottom of the painting. A thin thread around the falcon's neck is also painted. This is one of the famous paintings of the world. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

पक्षी आसन पर विश्राम करता गिद्ध

इस अनोखे चित्र को जहाँगीर दरबार के प्रतिभाशाली चित्रकार उस्ताद मंसूर ने बनाया है। यह टेम्पेरा तकनीक से 17वीं सदी में कागज पर बनाया गया चित्र है। उस्ताद मंसूर विभिन्न प्रकार के पक्षियों के चित्र बनाने वाला विशेषज्ञ कलाकार था, साथ ही साथ व्यक्तिचित्र बनाने में भी दक्ष था। इस चित्र में बनाये गये उन्नत नस्ल के गिद्ध को ईरान के राजा शाह अब्बास ने शाहजहाँ को भेंट में दिया था जिसकी मृत्यु एक बिल्ली के आक्रमण से हो गई थी। उस्ताद मंसूर ने इसी पालतू गिद्ध को गद्दीदार पक्षी आसन पर बैठा हुआ चित्रित किया है। गिद्ध के इस वास्तविक और यथार्थ चित्र को जहाँगीरनामा में लगाया गया है। पीले पृष्ठ भाग के विरुद्ध इस गिद्ध का पार्श्व चित्र सफ़ेद रंग से बना हुआ है। इसके पंखों को उभारने के लिये भूरे रंग का प्रयोग किया गया है। भूरे एवं चटख पीले रंग से बनी इसकी तेज एवं नुकीली चोंच तथा चौकस आँखें बहुत ही स्वाभाविक दिखती हैं। इस लघु चित्र में गिद्ध की आँखों की क्रूरता का सजीव चित्रण किया गया है। इस पर तीन शब्द 'जहाँगीर पात स्पाह', 'बहरी', और 'उत्तम' क्रमशः चित्र के शीर्ष पर, गिद्ध के पास मध्य में और नीचे लिखे हैं। इस गिद्ध के गले में लपेटे हुए पतले धागे को भी सुन्दरता से चित्रित किया गया है। यह लघु चित्र विश्व में प्रसिद्ध है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

KABIR AND RAIDAS
(PLATE-13)

This horizontal tempera painting of Saint Kabir and Raidas was painted by Ustad Faquirullah Khan in 17^{th} century A.D. He was chief painter of Shahjahan court and a portrait maker. In this painting saint Kabir is weaving a cloth besides his hut in the rural area. The other great saint Raidas is sitting close to him with a mala of beads. Both saints are in deep meditation and in divine peace which is clearly visible at their faces. The composition reflects the simple and peaceful environment of Indian village. Very fine yellow and brown light and shades are used. The border of this miniature is of blue colour. Though this portrait is very realistic and perfect but looks lifeless as the decline of miniature paintings had begun from Shahjahan's reign. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

कबीर और रैदास

संत कबीर एवं संत रैदास के इस क्षैतिज टेम्पेरा चित्र को उस्ताद फकीरूल्लाह खाँ ने 17वीं सदी में बनाया है। वह शाहजहाँ के दरबार का एक प्रमुख चित्रकार एवं व्यक्ति चित्रक था। यह चित्र एक ग्रामीण जीवन के सहज एवं शान्त वातावरण को प्रतिबिम्बित करता है। इस लघु चित्र में एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कुटिया के समीप संत कबीर को कपड़ा बुनते हुये दिखाया गया है। उनके साथ माला फेरते हुये संत रैदास भी बैठे दिखाई दे रहे हैं। उनके चेहरों के भावों से यह स्पष्ट परिलाक्षित होता है कि दोनों ही संत दैवी शांति और गहन ध्यानयोग की अवस्था में हैं। इसे बनाने में पीले एवं भूरे रंग का प्रयोग छाया और प्रकाश के माध्यम से किया गया है। इस चित्र की किनारी नीले रंग में बनी है। यह चित्र वास्तविक और उत्तम बना है पर जीवन्त नहीं लगता क्योंकि शाहजहाँ के काल से ही मुगल शैली का पतन आरंभ हो गया था। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

MARRIAGE PROCESSION OF DARA SHIKOH
(PLATE-14)

This is a vertical paper tempera painting made by Hazi Mandi in 17th century A.D. in Provincial Mughal School (Oudh). In this painting, a well dressed Dara Shikoh is shown riding on a decorated horse back and he is leading his marriage procession. His father Mughal Emperor Shahjahan is also shown riding on another horse just behind him. A light blue hallo around Shahjahan's head is shown to mark him special. Some of the royal people of the 'Barat' are shown sitting on different horses and some are on foot. The depiction of a large number of horses of different colours in a queue shows the unparallel calibre of this great artist. Some women are also riding on elephant in the background near horizon along with some drummers beating their drums on elephant. The large number of men, women and young children of bride's party is joyfully receiving the barat. Most of the figures of this miniature are shown in profile and few are shown in semi profile. All people of both parties are dressed in bright colour garments decorated with golden colour. They are dancing, clapping, singing and enjoying. Some of them are holding candles in their hands. The lively and brilliant light produced by burning fire-works is painted nicely in this miniature. Marvellous depiction of background, its flora and fauna painted with very fine details add beauty to this miniature. The perspective of whole composition and border decoration are made very carefully. Now, it is a collection of National Museum, New Delhi.

दारा शिकोह की बारात

क्षेत्रीय मुगल स्कूल अवध के अन्तर्गत उर्ध्वाधर कागज़ पर टेम्पेरा तकनीक में बने इस चित्र को हाजी मंडी नामक चित्रकार ने 17वीं सदी में बनाया है। इस लघु चित्र में सुन्दर परिधानों से सुसज्जित दारा शिकोह को एक अलंकृत घोड़े पर बैठे हुये दिखाया गया है। वह अपनी शादी की बारात का नेतृत्व कर रहा है। उसके पिता मुगल सम्राट शाहजहाँ ठीक उसके पीछे दूसरे घोड़े पर बैठे हैं। शाहजहाँ के सिर के चारों ओर नीले रंग का प्रभामंडल बनाया गया है। बारात में शामिल कुछ शाही लोग घोड़े पर बैठे दिखाये गये हैं तो कुछ लोग पैदल चल रहे है। विभिन्न रंगों वाले अनेक घोड़ों के चित्र एक कतार में बनाना, इस महान कलाकार की असीम क्षमता को प्रदर्शित करता है। क्षितिज के नजदीक, इस चित्र के पृष्ठभाग में कुछ महिलायें हाथी पर बैठी दिख रही हैं। साथ में हाथी पर बैठे हुये ढोलकिये भी ढोल बजा रहे हैं। दुल्हन पक्ष के सभी स्त्री–पुरूष और बच्चे खुशी से बारात का स्वागत करते हुये दिखाई दे रहे है। इस चित्र में बने अधिकांश चेहरे पार्श्व तो कुछ अर्द्धपार्श्व में चित्रित हैं। दोनों पक्षों के लोग सुनहले, चमकदार और सुन्दर परिधानों में सुसज्जित हैं। वे लोग नाच रहे हैं, गा रहे हैं और तालियाँ बजा–बजा कर खुशी मना रहे हैं। उनमें से कुछ के हाथों में मोमबत्तियाँ हैं। इस लघु चित्र में पटाखों को जलाने से निकली रौशनी का सुंदर चित्रांकन है। पृष्ठ भाग के उत्कृष्ट दृश्यांकन और पेड़–पौधों के विस्तृत चित्रण से इस लघु चित्र की सुन्दरता और भी बढ़ गयी है। पूरी चित्र संरचना में परिपेक्ष्य और किनारी सज्जा को बडी ही सावधानी से बनाया गया है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

THE DECCAN SCHOOL
Origin and Development

The new era of miniature painting took birth in Deccan after the decline of Behmani rulers. Islamic Behmani rulers were also great lovers of art as they belonged to Persian and Afgani origin, but they were fanatic hence their dimensions of love for art were confined only to decorative floral and ornamental designs. In the southern part of Vindhya mountain Vijaynagar was a powerful Hindu kingdom where Indian art and culture flourished. The murals made in Virupaksh temple at Hampi and Virbhadra temple at Lepakshi representing the episodes from Ramayan and Mahabharat mirror the artistic heritage of Vijaynagar Empire. Bahmani rulers defeated the great Hindu Kingdom of Vijaynagar in the battle of Talikota. After that, the Hindu artists from Vijaynagar and several Mughal painters migrated from the Aurangezeb's court developed a new style of miniature painting in Deccan School. Ahmednagar, Bijapur, Golconda and Hyderabad were main centers of Deccan School.

Deccan School of miniature painting was developed in the plateau region between Narmada and Krishna River in south India during (1560-1800) A.D. Though Deccan School is contemporary to Mughal School but it developed differently. One can see the impact of Chinese, Mughal, European, Persian and even Arabic paintings on Deccan School. In spite of these, basic nature looks like Hindu murals of Vijaynagar's temples. The decorative details, three dimensional effects, use of repetitive motifs, elongated human beings and symmetrical architectures make Deccani miniatures look special.

दक्कन स्कूल
(उद्‌गम और विकास)

बहमनी शासकों के पतन के बाद दक्कन में लघु चित्रों के नये युग का सूत्रपात हुआ। मुस्लिम बहमनी शासक ईरानी एवं अफगानी मूल के थे। उन्हें कला से अगाध प्रेम था लेकिन वे कट्टर थे। इसलिये कला के प्रति उनके प्रेम का आयाम अलंकृत बेल बूटों, फूल पत्तियों और डिजाइनों तक ही सीमित था। उसी समय विंध्य पर्वतमाला के दक्षिणी भू–भाग में एक शक्तिशाली हिन्दू राज्य विजयनगर में भारतीय कला एवं संस्कृति पल्लवित पुष्पित हो रही थी। हाम्पी स्थित विरूपाक्ष मंदिर और वीरभद्र के लेपाक्षी मंदिर की दीवारों पर बने रामायण एवं महाभारत के प्रसंगों पर आधारित भित्ति चित्र विजयनगर की कलात्मक विरासत को प्रतिबिम्बित करते हैं। ताली कोटा के प्रसिद्ध युद्ध में बहमनी शासकों ने विजयनगर के महान शासक को हराया था। उसके बाद विजयनगर के हिन्दू कलाकार और औरंगजेब के दरबार से विस्थापित हुये कलाकारों ने मिलकर दक्कन स्कूल के अन्तर्गत एक नई शैली का विकास किया, पर दक्कन स्कूल का वास्तविक स्वरूप बहमनी शासकों के पतन के बाद सामने आया। अहमदनगर, बीजापुर, गोलकुण्डा और हैदराबाद आदि दक्कन स्कूल के मुख्य केन्द्र थे।

दक्कन स्कूल के लघु चित्रों का चित्रण दक्षिण भारत के नर्मदा एवं कृष्णा नदियों की घाटी क्षेत्र में सन् 1560 ई0 से 1800 ई0 के बीच हुआ। यद्यपि दक्कन स्कूल और मुगल स्कूल समकालीन थे तथापि इस स्कूल का विकास बिल्कुल अलग तरीके से हुआ। इस स्कूल के चित्रों पर चीनी, मुगल, यूरोपीय, ईरानी और अरबी चित्रकला की छाप स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। इसके बावजूद भी उनका मौलिक स्वरूप एवं प्रकृति विजयनगर राज्य के हिन्दू मंदिरों के भित्ति चित्रों जैसी ही दिखती है। विस्तृत अलंकरण, त्रिविमीय प्रभाव, पुनरावृति युक्त किनारियाँ, लम्बे लोगों की आकृतियाँ, एक जैसे भवन आदि के चित्रांकन के कारण दक्कन स्कूल के लघु चित्र अलग दिखाई पड़ते हैं।

AHMEDNAGAR

The earliest examples of Deccan School are contained in the manuscript named 'Tanf-in-Hussain Shah' a book of poems written in the praise of Hussain Nizam Shah-I, King of Ahmednagar (1553-1565). It was executed and illustrated by the orders of his widow after his death. This illustrated manuscript is preserved in Bharat Itihas Sanshodaka Mandal, Poona. The colours used in these paintings are rich and brilliant but the style of application is different from that of northern paintings. The Persian influence can be seen in high horizon, golden background, prussian blue sky and pink mountains, trees and the landscapes. Female figures are painted in traditional Indian style of Mandu and Malawa. They have elongated profile face and body structure. Their feet are pointing in the same directions. They look like puppets and resemble the regional folk art of the murals of various Hindu temples of Vijaynagar. Ahmednagar artists also painted portraits but in Mughal style. The portrait of Burhan Nizam Shah II of Ahmednagar marks Mughal effect. Vasant Raga and RagaHindola are the finest examples in Ahmednagar.

अहमदनगर

दक्कन स्कूल के सबसे प्रारंभिक लघु चित्रों की श्रृंखला अहमदनगर के राजा हुसैन निजाम शाह–प्रथम (1553–1565ई0) की प्रशंसा में लिखे गये काव्य संग्रह 'तनफ–इन–हुसैन' की हस्तलिखित पोथी में संकलित हैं। इस पुस्तक का चित्रण एवं लेखन उनकी विधवा पत्नी की राजाज्ञा से उनकी मृत्यु के बाद किया गया था। यह दृष्टान्त पोथी चित्र अब 'भारत इतिहास संशोधक मंडल', पूना के संकलन में है। इसमें बने चित्रों के रंग बहुत ही चटख एवं चमकीले हैं लेकिन इनमें रंग लगाने का तरीका उत्तर भारतीय चित्रों से बिल्कुल अलग है। इनमें चित्रांकित ऊँचा क्षितिज, सुनहरा पृष्ठ भाग, गहरा नीला आकाश, गुलाबी रंग की पर्वतमालायें, पेड़–पौधे, दृश्य चित्रण आदि पर ईरानी प्रभाव दिखते हैं। स्त्री आकृतियाँ मांडु और मालवा की परंपरागत भारतीय चित्रशैली में बनाये गये हैं। इनके चेहरे लम्बे, खिंचे हुये और पार्श्व हैं। उनके शरीर का ढांचा लम्बाई में खींचा हुआ लगता है। सभी के पैर एक ही दिशा में बनाये गये हैं जो देखने में कठपुतली जैसे लगते हैं। ये विजयनगर के हिन्दू मन्दिरों में बनाये गये भित्ति चित्रों से भी मेल खाते हैं। अहमदनगर के कलाकारों ने व्यक्ति चित्र भी बनाये हैं लेकिन उन सभी पर मुगल शैली की छाप है। अहमदनगर के शासक बुरहान निजाम शाह–द्वितीय का व्यक्ति चित्र स्पष्ट रूप से मुगल शैली में बना है। बसंत राग और हिन्डोला राग अहमदनगर के उत्कृष्टतम चित्रों के उदाहरण हैं।

BIJAPUR

Sultan Ali Adil Shah I (1558-1580), the king of small kingdom of Bijapur accelerated artistic activities during his regime. He commissioned to illustrate the manuscript Nazum-ul-uln (Stars of sciences). This illustrated manuscipt has 876 paintings which are real representative of refined Deccani School in which the human figures are painted in the style of murals of Hindu temples at Hampi and Virbhadra. The whole format, its background and fine calligraphy done in Deccani School reflect Persian effects on it. Ragmala paintings of Bijapur court are very famous in which Indian motifs are beautifully fused. Dhanshri Ragini, Gauri Ragini, Sri Ragini etc. are the noted masterpiece of the Ragmala series. Some excellent Bijapur paintings are preserved in the Bikaner Royal collection. The most famous portrait of Bijapur court is the portrait of Ibrahim Adil Shah II (1580-1626) A.D. who succeeded his uncle Adil Ali Shah at the age of nine years. He himself was a singer, poet, master calligraphist and good patron of art. The Deccani School miniature paintings achieved the height during his reign.

बीजापुर

एक छोटी सी रियासत बीजापुर के शासक सुल्तान अली आदिल शाह–प्रथम (1558–1580 ई0) ने अपने शासन काल में कलात्मक गतिविधियों को बढ़ाया था। उसने 'नज्म–उल–उल्न' नामक पुस्तक पर दृष्टान्त चित्र बनवाने का आदेश दिया था। इसकी हस्तलिखित पोथी में बने 812 लघु चित्र दक्कनी शैली के चित्रों के वास्तविक प्रतिनिधि हैं। इसमें बनी मानवाकृतियाँ हाम्पी और वीरभद्र के हिन्दू मंदिरों के भित्ति चित्रों की भाँति बनायी गयी हैं। चित्र संरचना का संपूर्ण प्रारूप, पृष्ठ भाग, उत्कृष्ट हस्तलिपि आदि इस शैली में ईरानी प्रभाव से आये हैं। बीजापुर दरबार में बने रागमाला चित्रों की शृंखला में भारतीय चित्रात्मक नमूनों को बड़े ही सुन्दर ढंग से मिश्रित किया गया है। धनश्री रागिनी, गौरी रागिनी, श्री रागिनी आदि चित्र रागमाला शृंखला के चित्रों के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। बीजापुर के कुछ उत्कृष्ट चित्र बीकानेर राज के शाही संकलन में भी सुरक्षित हैं। इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय (1580–1626 ई0) का व्यक्ति चित्र बीजापुर दरबार का सबसे प्रसिद्ध पोर्ट्रेट है जो मात्र 9 वर्ष की अवस्था में अपने चाचा आदिल अलीशाह के बाद राजगद्दी पर बैठा था। वह स्वयं गायक, कवि, प्रखर लिपिकार और महान कला संरक्षक था। उसके शासन काल में दक्कन स्कूल चरमोत्कर्ष पर पहुँचा।

GOLKONDA

Abul Hassan Qutb Shah of Golkonda was one of those sultans who provided effective patronage to the Hindu artists of Vijaynagar and refugee artists of Mughal court. Though Golkonda artists painted in Mughal style, they kept alive particular Deccani taste and flavour. This school continued till 18th century A.D. Golden background pink mountains, realistic trees and shrubs are the characteristic of Golkonda School. 'Lady and Myna' and 'Chand Bibi playing polo' are excellent examples of this school. Aurangzeb conquered Golkonda in 1687 A.D. The style of Deccan school continued long after the extinction of Deccani sultanates of Ahmednagar, Bijapur and Golkonda till 17th century A.D. Later on, miniature painting started flourishing in Hyderabad under the royal patronage of Asaf Jah I by Golkonda artists. Rich colours, Deccani faces, highly decorative costumes, rhythmic postures and symmetrical architectures are the distinctive features of this school. 'Dancers' is an excellent painting of this school.

गोलकुण्डा

गोलकुण्डा का शासक, अबुल हसन कुतुब शाह, विजयनगर के हिन्दू कलाकारों और मुगल दरबार से विस्थापित कलाकारों को संरक्षण देने वाले शासकों में एक था। गोलकुण्डा के चित्रकारों ने भी यहाँ के चित्रों को मुगल शैली में बनाया है पर उनमें विशेष दक्कनी प्रभाव और सोच को जीवन्त रखा है। यह स्कूल मुख्य रूप से 18वीं सदी तक चला। सुनहरे पृष्ठ भाग, गुलाबी रंग के पहाड़, वृक्षों, झाड़ियों आदि के यथार्थ चित्रांकन गोलकुण्डा स्कूल के चित्रों की विशेषतायें हैं। 'स्त्री और मैना', 'पोलो खेलती चाँद बीबी' आदि इस स्कूल के सर्वोत्तम चित्रों में से हैं। सन् 1687 ई0 में औरंगजेब ने गोलकुण्डा को अपने अधिकार में ले लिया। अहमदनगर, बीजापुर और गोलकुण्डा आदि दक्कनी सल्तनतों के पतन के बाद भी 17वीं सदी तक दक्कन शैली के चित्र बनाये जाते रहे। बाद में यह लघु चित्रकला गोलकुण्डा के कलाकारों के द्वारा हैदराबाद के शासक आसफ जाह–प्रथम के शाही संरक्षण में विकसित हुई। चटख रंग, दक्कनी चेहरे, अति सुसज्जित आकर्षक परिधान, लयात्मक हाव भाव एक जैसे भवनादि के प्रयोग से इस स्कूल के चित्र विशिष्ट दिखाई देते हैं। 'डॉन्सर्स' इस स्कूल के सर्वोत्तम कृतियों में से एक है।

MAIN FEATURES OF THE DECCAN SCHOOL

Deccan School miniatures are highly decorative. Elongated human beings, repetitive motifs, symmetrical architectures, realistic trees, shrubs, animals, birds etc. make Deccani miniatures look special. Colours used in them are rich and bright but style of application is different from that of northern region. Lavishly used gold colour adds extra charm to these paintings. Deccani School miniature paintings share the features of north Indian paintings e.g. Rajasthani, Mughal and also the paintings of West but keep alive its different original style and essence. In Deccani style, the background is painted much wider than foreground and the sky. The sky and foreground are generally of the same size or have slight difference in the size. Fine calligraphy, high horizon, Prussian blue sky, golden background and pink mountains etc. mirror the Persian influence.Highly realistic trees, flowering shrubs, animals, birds etc. mark the Mughal influence. Naturalism and three dimensional effects in Deccani miniatures are regarded as European influence. The puppets like feet pointing in the same direction are taken from local folk art. Profile faces and transparent veils are painted in Rajasthani style. Highly decorative costumes, jewellery, hair style, etc. are painted to represent the life and customs of great Vijaynagar Empire.

दक्कन स्कूल की मुख्य विशेषताएँ

दक्कन स्कूल के लघु चित्र अत्यधिक अलंकृत हैं। लम्बी मानवाकृतियाँ, पुनरावृति वाले डिजाइनदार नमूने, एक जैसे भवनादि के साथ–साथ यथार्थ रूप से चित्रांकित वृक्ष, झाड़–झाडियाँ, पशु–पक्षी आदि इस स्कूल के लघु चित्रों को आकर्षक एवं विशिष्ट बनाते हैं। इसमें प्रयुक्त रंग चटख एवं चमकदार हैं पर इन रंगों के प्रयोग की तकनीक उत्तर भारतीय क्षेत्रों से भिन्न हैं। सुनहरे रंगों के भव्य प्रयोग से ये चित्र बहुत सुन्दर दिखाई देते हैं। इस स्कूल के चित्रों पर राजस्थानी एवं मुगल शैली जैसे उत्तर भारतीय लघु चित्रों के प्रभाव के साथ–साथ पाश्चात्य चित्रों का भी प्रभाव है। फिर भी इनमें एक अलग तरह की मौलिकता एवं स्वरूप जीवित है। इस शैली के चित्रों के पृष्ठभाग इसके अग्रभाग और आकाश की तुलना में अधिक चौड़े बनाये गये हैं। आकाश एवं चित्र का अग्रभाग लगभग बराबर बनाया गया है। महीन लिखावट, ऊँचा क्षितिज, गहरा नीला आकाश, सुनहरा पृष्ठभाग और गुलाबी रंग से बने पहाड़ आदि दक्कनी चित्रों पर ईरानी प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। इसमें बने पेड़–पौधे, पशु–पक्षी आदि के यथार्थ चित्रांकन में मुगल प्रभाव दिखाई देता है। इसी प्रकार दक्कनी चित्रों में स्वाभाविकता और त्रिविमीय चित्रांकन यूरोपीय प्रभाव को परिलाक्षित करते हैं। इनमें एक ही दिशा में बनाये गये मानवाकृतियों के कठपुतली जैसे पैर क्षेत्रीय लोक कला से लिये गये हैं। इसमें बनाये गये पार्श्व चेहरे, पारदर्शी चुन्नी आदि राजस्थानी शैली से लिये गये हैं। अति सुसज्जित परिधानों, आभूषणों, केश सज्जा आदि में विजयनगर राज्य के जन–जीवन एवं परम्परा को चित्रांकित किया गया है।

DANCERS
(PLATE-15)

This is a romantic tempera painting of Hyderabad School painted in 18th century. Its whole composition is symmetrical, eye catching and highly decorative. In this miniature two innocent girls are dancing rhythmically in Deccani costumes with full vigour, moods and sentiments. Both are well dressed, tall and looking smart. One is wearing red salwar, mustard choli and yellow dupatta and other is dressed in purple salwar, mustard choli and dark pink dupatta. The semi circular expansions in the transparent drapery tied to the waists are painted to mark the beauty of the motion during dancing. Their faces are painted in profile shape, lotus petal type eyes, high neck, long and pointed nose and black tresses reaching up to their waists beautifully. They are wheat complexioned and nicely decorated with various types of ornaments. They are dancing on the open platform between two cream coloured buildings. Their arch shaped body, position of legs and fluttering dupattas mirror their perfect dancing pose. They are holding their hands beautifully in oval shape and facing each other. There is a small fountain in the foreground and in the background a lotus pond full of red and pink lotus has been painted. Their green colour leaves add extra beauty. The background is shown much wider than foreground and the sky. The foreground and the sky are painted approximately of the same size. Besides the lotus pond in background, some buildings and trees are also painted. Blue black sky reflects the Persian effects. Artist is unknown and it is the collection of National Museum, New Delhi.

नर्तकियाँ

यह 18वीं सदी में बना हैदराबाद स्कूल का एक रोमांटिक टेम्पेरा चित्र है। यह चित्र–संरचना पूर्ण रूप से नेत्राकर्षक और अलंकृत है। इस लघु चित्र में दक्कनी परिधानों में सुसज्जित दो निश्छल लड़कियाँ बड़ी तन्मयता से उत्साहपूर्वक तालबद्ध नृत्य कर रही है। दोनों ही आकर्षक, लम्बी एवं छरहरी हैं। एक ने लाल सलवार, मस्टर्ड चोली और चटख गुलाबी दुपट्टा पहन रखा है। उसके कमर से बंधे पारदर्शी कपडे में बना अर्द्धवृत्ताकार फैलाव नृत्य करने से उत्पन्न गति की सुन्दरता को दिखाता है। उनका चेहरा पार्श्व, कमल की पंखुडियों जैसी आँखें, लम्बी एवं पतली नाक, ऊँची गरदन और कमर तक लटकते हुये लम्बे बाल बड़े ही सुन्दर ढंग से चित्रांकित किए गए हैं। उनका रंग गेहुँआ है तथा उन्हें अनेक प्रकार के आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। वे दोनों दो क्रीम रंग के समरूप बने मकानों के बीच बने चबूतरे पर नृत्य कर रही हैं। उनके शरीर की धनुषाकार आकृति, पैरों की स्थिति तथा उनके लहराते दुपट्टे नृत्य की चरम स्थिति को दर्शाते हैं। वे दीर्घ वृत्ताकार रूप से हाथों को पकड़ कर एक दूसरे को देख रही हैं। चित्र के अग्रभाग में एक फव्वारा बना है और पृष्ठ भाग में लाल एवं गुलाबी रंग के कमल के फूलों से भरा तालाब दिखाया गया है। इसमें बने कमल के हरे पत्ते बहुत सुन्दर दिखते हैं। इस चित्र का पृष्ठभाग इसके अग्रभाग और आकाश दोनों से अधिक चौड़ा है। जबकि इसका अग्रभाग और आकाश दोनों समान चौडाई में दिखाये गये हैं। इसके पृष्ठभाग में तालाब के अलावा कुछ भवन आदि भी चित्रित हैं। इसका काला–नीला आकाश ईरानी प्रभाव को प्रतिबिम्बित करता है। इस चित्र को बनाने वाले चित्रकार का नाम अज्ञात है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

CHAND BIBI PLAYING POLO
(PLATE-16)

Chand Bibi was the daughter of Husain Nizam Shah I of Ahmednagar. She was the great Muslim female warrior of Indian history and is best known for defending Ahmednagar against the Mughal forces of Akbar. This famous tempera painting of Golkonda was painted in the early 18th century A. D. in which Chand Bibi is playing polo with her three companions and a polo master. They all are wearing rich and colourful dresses. Chand Bibi is sitting on the white horse and her companions are sitting on red, yellow and blue colour horses. These horses are fully decorated and hoops of the horses are uplifted. Polo master is standing in the centre of lower portion of the composition with his hand uplifted. The posture of Chand Bibi has been painted as if she were trying to possess the white colour polo ball in the uneven green colour polo ground. The background is shown much wider than foreground and the sky. In the foreground, a lotus pond is painted with six aquatic birds. Red, yellow and white coloured lotus are shown in the pond. In the background, rocks, palaces and fort etc are painted. Some dark green trees are shown scattered. White moon in the blue sky shows evening time. The whole composition is attractive and rhythmic. Red, yellow, blue, green, pink and brown colours are used in this miniature with Persian effects. Artist is unknown. Now, it is in the collection of National Museum, New Delhi.

पोलो खेलती हुई चाँद बीबी

चाँद बीबी अहमदनगर के शासक हुसैन निजामशाह–प्रथम की पुत्री थी। वह भारतीय इतिहास की महान वीरांगना थी जिसने अहमदनगर को बचाने के लिये अकबर की सेना से डटकर लोहा लिया था। गोलकुण्डा का यह प्रसिद्ध टेम्पेरा चित्र 18वीं सदी के प्रारंभ में बनाया गया था जिसमें चाँद बीबी अपनी तीन सहेलियों और एक पोलो मास्टर के साथ पोलो खेलती हुई दिखाई गई है। चित्र में सभी भव्य एवं रंगीन परिधानों में सुसज्जित हैं। चाँद बीबी सफ़ेद घोड़े पर बैठी है जबकि उसकी सहेलियाँ क्रमशः लाल, पीले और नीले घोड़ों पर सवार हैं। सभी घोड़े अलंकृत हैं और उन सभी के अगले दोनों पैर हवा में उठे हैं। पोलो मास्टर चित्र के निचले भाग के ठीक मध्य में हाथ उठा कर खड़ा है, चाँद बीबी का हाव–भाव इस प्रकार चित्रांकित है मानों वह उबड़–खाबड़ हरे रंग के पोलो मैदान में सफ़ेद रंग की पोलो गेंद को अपने कब्जे में रखना चाहती हो। इस चित्र का पृष्ठ भाग भी अग्रभाग और आकाश से अधिक चौड़ा दिखाया गया है। इसके अग्रभाग में कमल के फूलों से भरे तालाब में छः जलपक्षी तैर रहे हैं। कमलों का रंग सफ़ेद, लाल और पीला है। इसके पृष्ठ भाग में चट्टानें, महल और किला दिखाया गया हैं। कहीं–कहीं गहरे रंग के वृक्ष भी दिखाये गये हैं। नीले आकाश में निकला चाँद संध्या काल को निरूपित कर रहा है। पूरी संरचना आकर्षक एवं तालबद्ध है। लाल, पीले, नीले, हरे, गुलाबी और भूरे रंगों का प्रयोग ईरानी शैली में किया गया है। कलाकार का नाम अज्ञात है। अब यह चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

UNIT-3

THE BENGAL SCHOOL OF PAINTING

New Era in Indian Art

Traditionally, Indian art was patronized by the Kings and rulers of India. In 18th century onwards, 'divide and rule' policy of British destroyed this system. They became major power of India. In 1765, Lord Clive started collecting taxes in eastern provinces through East India Company by passing the Nawab of Bengal. Britishers tried to demolish our traditional art. Indian artists employed by East India Company were compelled to work in a mixed Indo-European style for the pleasure of Europeans or copied the prints of highly realistic paintings of Europe. Later on this mixture of Indian and European art was knownas Company style. The teachers of western art were invited here for teaching in art schools at Bombay, Calcutta and Madras. The strong influence of British naturalism and the changing socio political conditions of the country washed away Indian artistic heritage and created a vacuum. This low standard Indo-European art could not get Popularity. Thus artists left painting and started doing some other jobs to earn their livelihood. In this age of confusion, appearance of self taught artist Raja Ravi Verma was a boon to the art field. He painted Indian mythological themes in European style. His means and medium both were European. His oleographs of Hindu God and Goddesses are worshiped in millions of Hindu homes even today. However, the art historians and critics regard his paintings as imitation of second class realistic European art having dramatic nature. But his contribution undoubtedly brought the end of Western art in India.

भारतीय कला में नया अध्याय

परम्परानुसार भारतीय कला राजाओं एवं शासकों की संरक्षता में विकसित होती रही थी पर 18वीं सदी में अंग्रेजों के आने के बाद यह व्यवस्था नष्ट हो गई। सन् 1765 में जब लार्ड क्लाइव ने बंगाल के नवाब के विरुद्ध ईस्ट इण्डिया कम्पनी के द्वारा पूर्वी प्रान्तों में टैक्स वसूलना शुरू किया तभी से अंग्रेजों के बनाये इस नियम 'फूट डालो और राज करो' ने हर तरह से हमारी परम्परागत कला एवं संस्कृति को नष्ट करना शुरू कर दिया। इसी क्रम में ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारतीय कलाकारों की नियुक्ति की और उन्हें यूरोप में बने यथार्थवादी चित्रों की नकल करने को बाध्य किया। बाद में इन कलाकारों के द्वारा भारतीय एवं यूरोपीय शैली के मिश्रण से जिस चित्र शैली का विकास हुआ वह 'कम्पनी शैली' के नाम से प्रचलित हुई। बम्बई, कलकत्ता और मद्रास के कला–स्कूलों में यूरोपियन कला शिक्षकों को बुलाया गया जहाँ वे यूरोपियन शैली में कला का प्रशिक्षण देने लगे। अंग्रेजों के वर्चस्व से बदलते हुए सामाजिक व राजनैतिक परिवेश में भारतीय कला का लोप हो गया। भारतीय कलाकारों ने चित्र बनाना छोड़ दिया और अपने जीवन निर्वाह हेतु अन्य साधन अपनाने लगे। इसी उधेड़बुन के समय में स्वशिक्षित कलाकार राजा रवि वर्मा का उदय भारतीय कला के लिए वरदान साबित हुआ। उन्होंने भारतीय पौराणिक विषयों को यूरोपियन शैली में चित्रित करना शुरू किया। उनकी शैली एवं माध्यम दोनो ही यूरोपीयन थे पर विषय शुद्ध भारतीय था। उनके द्वारा बनाये हुए हिन्दू देवी–देवताओं की तस्वीरें आज भी करोड़ों घरों में पूजी जाती है। हालाँकि इतिहासकार एवं कला समीक्षक उनकी कला को नाटकीय स्वरूप वाले द्वितीय श्रेणी के यूरोपीय चित्रों की शृंखला में रखते है पर यह भी परम सत्य है कि उनका यही योगदान भारत में पश्चिमी कला के अन्त का कारण बना।

RAJA RAVI VERMA
(1848-1906)

Raja Ravi Verma is the most popular artist of Hindus because the oleographs of his gods and goddesses are worshiped in millions of homes. He is known as the introducer of new medium 'Oil on canvas' in India. He was born on April 29, 1848 in a small village Kilimanoor of Kerala State in a royal family. The village kilimanoor had been granted to his family in perpetuity by Maharaja of Travancore in recognition of services rendered by his ancestors. He had inborn talent of art. At the age of 14, he was sent to Maharaja of Travancore Ayilyam Tirunal to present three miniature paintings. He recognized his talent and gave him a room in a palace for learning traditional art of Thanjavour from the palace painter Rama Swami Naidu. Later on, he learnt European art from Theodor Jenson, a British painter.

He painted Indian themes in European style based on great Hindu epics Ramayana and Mahabharata. His numerous portraits and compositions are also highly realistic and famous. He used beautiful south Indian women as model for his paintings. In most of the paintings his elder daughter was his model. His works got much national and international recognition during his life time. His famous works are 'Ravana and Jatayu', 'Rama Vanquishing the Pride of ocean', 'Sri Krishna and Balram', and 'Nal-Damyanti' etc. Art historian and critics regard his paintings as imitation of European art for being too dramatic in nature. They also disliked his idea of using models for depicting deities because it has reduced their level to mortal human beings.

राजा रवि वर्मा
(1848–1906)

राजा रवि वर्मा हिन्दुओं के सबसे अधिक लोकप्रिय कलाकार हैं क्योंकि उनके द्वारा बनाये गये हिन्दू देवी–देवताओं के तैल चित्रों के प्रिन्ट आज भी भारतवर्ष के करोड़ों घरों में पूजे जाते हैं। वे कैनवास पर तैल चित्र बनाने वाले पहले भारतीय चित्रकार के रूप में जाने जाते हैं। उनका जन्म 29 अप्रैल 1848 को केरल राज्य के एक सुन्दर गाँव किलीमानूर के एक सुसंपन्न राजसी परिवार में हुआ था। किलीमानूर गाँव उनके पूर्वजों को उनकी सेवाओं के एवज के रूप में त्रावणकोर के महाराजा द्वारा दिया गया था। 14 वर्ष की उम्र में राजा रवि वर्मा को त्रावणकोर के महाराजा आलियम तिरूनाल के पास तीन लघु चित्र उपहार स्वरूप देने के लिए भेजा गया। इन चित्रों को देखकर उन्होंने इनकी प्रतिभा को पहचाना और राजमहल के कलाकार रामा स्वामी नायडू से तंजौर की परम्परागत कला सीखने के लिए महल में ही एक कमरा दे दिया। बाद में उन्होंने यहीं एक ब्रिटिश चित्रकार थियोडोर जेनसन से यूरोपीय कला सीखी।

यूरोपीय शैली में उन्होंने हिन्दू महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के तथ्यों पर अनेक चित्र बनाये। उनके द्वारा बनायी गई मानव आकृतियों वाली चित्र संरचना बहुत ही सुन्दर एवं यथार्थवादी हैं। सभी इतिहासकार और कला समीक्षक उनके चित्रों को मिलावटी यूरोपीय कला कहते हैं क्योंकि उनके चित्रों की प्रकृति नाटकीयता लिए हुए है। वे अपनी चित्र–संरचना में हिन्दू देवी–देवताओं के चित्रों के लिए मॉडलों का प्रयोग करते थे। उन्होंने दक्षिण भारतीय सुन्दर महिलाओं को अपने चित्रों में मॉडल के रूप में प्रयोग किया है। उनके बहुत से चित्रों की मॉडल उनकी बेटी रही है। उनके चित्रों को उनके अपने जीवनकाल में ही अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। उनके प्रसिद्ध चित्र 'रावण एवं जटायु', 'समुद्र का गर्व तोड़ते हुए राम', 'श्री कृष्ण एवं बलराम' तथा 'नल–दमयन्ती' आदि है।

RAMA VANQUISHING THE PRIDE OF THE OCEAN
(PLATE-17)

This is a famous mythological painting of Raja Ravi Verma, painted on an important episode of Valmiki's Ramayana. He successfully seizes this moment and paints it in oil on canvas. This painting shows the Rama's anger at the ocean for his non co-operation to give the way for Lanka. Rama wanted to construct a temporary bridge over the ocean to reach Lanka with his forces for bringing back his wife Sita from Ravana's custody. Rama threatened 'Varuna' God of water that he was able to dry the ocean from his bow and arrow. 'Varuna' along with his wife speedly came forward and requested Rama not to dry the ocean. Then, he allowed angry Rama to build a bridge on the ocean. This is a realistic painting with Western colour treatment. The strong built of Rama is shown semi nude in his fluttering dhoti which depicts the strength of the wind blowing from the ocean. The sky is painted in dark colour. The flow of sea waves is painted as they are striking back from heavy sea rocks. The rocks are shown in the foreground in dark brown colour. Brown, Blue, yellow and peach colours are prominent in this composition. Now it is a collection of Chitrashala, Mysore.

समुद्र का गर्व तोड़ते हुए राम

यह वाल्मीकि रामायण के एक महत्वपूर्ण प्रकरण पर आधारित राजा रवि वर्मा द्वारा बनाया गया प्रसिद्ध पौराणिक तैल चित्र है। राम अपनी पत्नी सीता को रावण की कैद से छुड़ाने के लिए समुद्र पर एक अस्थायी पुल बनाकर अपनी सेना के साथ लंका जाना चाहते थे। इस हेतु समुद्र द्वारा रास्ता नहीं दिये जाने पर राम के उत्पन्न क्रोध को उन्होंने सफलता पूर्वक चित्रित किया है। राम ने जल के देवता 'वरूण' को धमकाते हुए कहा, 'यदि मैं चाहूँ तो अभी अपने धनुष–बाण से इस अभिमानी समुद्र को सुखाकर आगे बढ़ सकता हूँ।' वरूण देवता सपत्नीक तेजी से आगे आये और उन्होंने राम को सेतु बनाने की आज्ञा दे दी तथा समुद्र को न सुखाने की प्रार्थना की। यह एक यथार्थवादी चित्र है जिसमें पाश्चात्य रंग कौशल का प्रयोग किया गया है। इस चित्र में अर्द्धनग्न मजबूत शरीर वाले राम की हवा में उड़ती हुई धोती को देखकर समुद्र के किनारे बहती तेज हवा का अनुमान लगता है। चित्र में आसमान को गहरे नीले–काले रंग में दिखाया गया है। समुद्र की लहरों का बहाव चट्टान से टकराकर वापस लौटने जैसा चित्रित किया गया है। इन चट्टानों को गहरे भूरे रंग से चित्र के अग्रभाग में बनाया गया है। मुख्य रूप से इस चित्र में नीले, पीले और भूरे रंग को प्रयोग में लाया गया है। अब यह तैल चित्र 'चित्रशाला' मैसूर के संकलन में है।

EVOLUTION OF THE INDIAN NATIONAL FLAG
(PLATE-18)

First National Flag – 1906

In 1905 a new awakening came in the youth of Bengal with fresh energy due to the 'Bang-Bhang' movement. From the success of this movement and to express Indianess in 1906 Shachindranath Bose and Sukumar designed a lay out of first National Flag 'Tiranga' for our country. The flag was consisted of three equal horizontal strips of green, yellow and red. In the top green colour strip there were eight white lotuses shown in a row, which represented eight states of that time. On middle yellow strip the word 'Vande Mataram' was written in dark blue colour in Devanagari script. The lowest red strip had a white sun in the left and a white crescent moon with a star in the right side. The first National Flag of India had been unfurled on August 7, 1906 in the Green Park, Calcutta by the gracious hands of great social reformer and freedom fighter, Shri Surendranath Banerjee in the midst of salute of 101 guns because August 7, 1905 had been marked as the 'Virodh Diwas' against the partition of Bengal. On this historical date the slogan 'Vande Mataram' was used first time for expressing the patriotism. Hence, this important slogan was written on the first National Flag.

Middle National Flag – 1921

Again in 1921 second flag was prepared in tricolour under the guidance of Mahatma Gandhi during the meeting of All India Congress Party at Vijaywada. An enthusiastic youth of Andhra Pradesh, Pingali Venkaiyash designed two coloured flag and handed over to Gandhi ji which was made in red and green colour that represented the two major communities Hindu and Muslim of the country. Gandhi ji suggested to add one more white strip as a symbol of the rest of Indian communities and to put a dark blue coloured 'Charkha' in its centre as a symbol of progress. It was second national flag of 1921.

Final National Flag– 1947

On July 22, 1947 finally a new flag was hoisted which was adopted as a National Flag of independent India by Constituent Assembly with some corrections in the middle national flag. This tricolour flag took the new shape with saffron at the top, white on the middle and green as its lowest band. All the three colour bands are of equal size. 'Dharma Chakra' of Sarnath pillar in navy blue colour has been put instead of 'Charkha'. Its length to breadth ratio is 3:2 and the diameter of 'Dharma Chakra' is nearly equal to the band width of white. There are 24 spokes of 'Dharm Chakra' which is the representative of 24 hours of the day. The significance of saffron colour is courage and sacrifices, white symbolizes truth and peace while the green reflects faith and prosperity. Finally circular motion of 'Dharma Chakra' marks continuous cyclic progress of nation along the 24 hours of the day.

भारत के राष्ट्रीय ध्वज का विकास

प्रथम राष्ट्रीय ध्वज – 1906

सन 1901 में 'बंग–भंग' आन्दोलन के कारण बंगाल के युवाओं में नई जागृति तथा असीम ऊर्जा का संचार हुआ। इस आन्दोलन की सफलता के तुरन्त बाद भारतीयता के स्वरूप को प्रदर्शित करने के लिए शचीन्द्रनाथ वोस एवं सुकुमार ने मिलकर देश के पहले राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' का डिज़ाइन बनाया। यह झण्डा हरे, पीले व लाल रंग के तीन बराबर हिस्सों में क्षैतिज पट्टियों को जोड़कर तैयार किया गया था। सबसे ऊपर हरे रंग की पट्टी पर आठ कमल बनाये गये जो तत्कालीन आठ राज्यों के प्रतिनिधित्व के प्रतीक के रूप में थे। बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी लिपि में गहरे नीले रंग से 'वन्दे मातरम्' लिखा हुआ था। सबसे नीचे वाली लाल रंग की पट्टी पर बायीं ओर सफ़ेद सूर्य और दाहिनी ओर चाँद के साथ एक सितारा था। इस राष्ट्रीय ध्वज को सर्वप्रथम कलकत्ता के ग्रीन पार्क में 07 अगस्त 1905 को 101 तोपों की सलामी के बीच महान समाज सुधारक एवं आजादी के योद्धा सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने फहराया था क्योंकि 07 अगस्त 1905 को बंगाल विभाजन के विरोध में 'विरोध दिवस' मनाया गया था। इसी दिन 'वन्दे मात्रम' नारे को पहली बार देशभक्ति को प्रदर्शित करने के लिए प्रयुक्त किया गया था। इसीलिए राष्ट्रीय ध्वज पर इस महत्त्वपूर्ण नारे को अंकित किया गया था।

द्वितीय राष्ट्रीय ध्वज–1921

सन् 1921 में विजयवाड़ा में चल रहे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की सभा में महात्मा गांधी के निर्देशन में दूसरे राष्ट्रीय तिरंगे झण्डे का निर्माण हुआ। आंध्र प्रदेश के अति उत्साही युवक पिंगली वेंक्यांश ने दो रंगों का झण्डा बनाकर गांधी जी को दिया। उस झण्डे में प्रयुक्त लाल एवं हरे रंग की पट्टियाँ देश के दो महत्त्वपूर्ण समुदायों हिन्दू एवं मुस्लिम का प्रतिनिधित्व कर रही थी। गांधी जी अन्य भारतीय समुदायों के प्रतीक के रूप में लाल एवं हरे रंग के बीच सफ़ेद पट्टी जोड़ने को कहा तथा उसके बीचोबीच प्रगति के प्रतीक के रूप में नीले रंग का चरखा अंकित करने का सुझाव दिया। सन् 1921 में बना भारत का यह दूसरा झण्डा राष्ट्रीय ध्वज के रूप में सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया।

तीसरा एवं अन्तिम राष्ट्रीय ध्वज – 1947

इस झण्डे को 22 जुलाई 1947 को स्वतन्त्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में फहराया गया था। इस अन्तिम राष्ट्रीय ध्वज के नये स्वरूप में सबसे ऊपर वाली पट्टी को केसरिया, बीच वाली पट्टी को सफेद तथा नीचे वाली पट्टी को हरे रंग में रखा गया। तीनों पट्टियों के आकार बराबर हैं तथा झण्डे की लम्बाई चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। इस झण्डे में चरखे की जगह सारनाथ स्तम्भ में बने 'धर्म–चक्र' को गहरे नीले रंग में प्रतिस्थापित किया गया है। इस धर्म चक्र का व्यास सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर रखा गया है। इस धर्म चक्र में बनी 24 तीलियाँ.दिन के चौबीस घण्टों का प्रतिनिधित्व करती है। झण्डे में प्रयुक्त केसरिया रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है तथा सफ़ेद रंग सत्य एवं शांति का द्योतक है जबकि हरा रंग उन्नति और विश्वास को प्रस्तुत करता है। झण्डे के मध्य भाग में अंकित धर्म चक्र की वृतीय गति चौबीस घण्टों में निरन्तर होने वाली राष्ट्र की उन्नति का परिचायक है। इस तीसरे व अन्तिम झण्डे को भारतीय संविधान द्वारा स्वीकृत किया गया है, जो हमारे देश की शान है।

BENGAL SCHOOL OF PAINTING
Origin and Development

Indian art has a rich history and tradition. It survived in its suggestive, spiritualistic and symbolic forms till 18th century A.D. This art had the power to reveal life in paintings through forms and colours. After the establishment of East India Company and first war of independence in 1857, a series of political changes ruptured our every walk of life including art and culture. The Britishers left no stone unturned to finish our greatness. The impact of west swept away every thing in the field of traditional Indian art. To teach western art, three art schools were opened at Bombay (Mumbai), Calcutta (Kolkata) and Madras (Chennai) where either students were compelled to copy European art or to make painting as the mixture of Mughal and Western art. Really, it was an age of confusion that caused vacuum and darkness of slavery in expressing our views and ideas. The first encouragement for revival of Indian art was led by the famous European artist E. B. Havell, Principal, Art School, Madras and later on Art School, Calcutta. He appreciated Indian art for its own values. Havell attracted the attention of the world towards the Indian great artistic traditions by his three books namely 'Indian Sculpture and Painting', 'Indian Architecture' and 'The Ideal of Indian Art'. He motivated and inspired Abanindranath to study the techniques used in Mughal, Pahari, Rajput and Ajanta painting to create a new style. After that, Abanindranath painted a series of Radha-Krishna paintings. He also synthesized traditional Indian art, Western art, Chinese art and Japanese art which finally became the style of Bengal School and are knwon as Wash painting.

E. B. Havell and Dr. Anand Coomar Swami enhanced the fame of Abanindranath by exhibiting his paintings. After the foundation of Archeological Survey of India in 1902 the beauty of Indian art spread all over the world. His main students were Nandlal Bose, Asit Kumar Haldhar, K. Venkattappa, Suren Ganguly, Devi Prasad Roy Choudhary etc. who exhibited their paintings on International stage and enhanced the reputation of Indian art which was being ruptured by the British. In short, we can say that it was Havell's constructive ideas, decisions, inspirations and enthusiastic effort of patriotic Abanindranath that gave rebirth to Indian art and laid the foundation stone of Bengal School. Indian sentiments are deeply rooted in the Bengal School. Its main aim was to regenerate the patriotism and to re-establish Indian cultural values.

The life span of the Bengal School corresponds to the last fifty years of struggle for freedom and Abanindranath was the first pioneer of this artistic renaissance. Under the guidelines of Bengal School several new art schools e.g. at Lahore, Lucknow, Calcutta, Madras, Delhi, Jaipur, Mysore were opened all over the country by him and his students' efforts. Gurudev started teaching of art at Santiniketan as a separate department called 'Kala-Bhavana'. Nandlal Bose was the head of painting department there. Being enlightened with patriotic thoughts of Gandhian School and authentic idealist, Nandlal revolted British by his forms, colours and contours. The Haripura congress was a feast of Indian art and its beautification. Available wall space, pillars, stalls and arches were magically decorated by Nandlal Bose and his students on the request of Gandhi Jee. His creations on bamboo mats and on hession were worth seeing. It was the Bengal School of art which saved India from the slavery of expressions.

बंगाल स्कूल के चित्र
(उद्‌गम एवं विकास)

भारतीय कला का एक अलग ही परम्परागत समृद्ध इतिहास है। 18 वीं सदी तक यह आध्यात्मिक, धार्मिक और प्रतीकात्मक रूपों में फलती–फूलती रही। आरम्भ से ही आकारों एवं रंगों द्वारा चित्रों को जीवन्त करने की क्षमता भारतीय कला में थी। ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना और सन् 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के बाद हुई राजनैतिक उथल–पुथल ने भारतीय जीवन के प्रत्येक पहलुओं के साथ–साथ परम्परागत कला एवं संस्कृति की महानता को भी नष्ट कर दिया। अंग्रेजों ने पाश्चात्य कला को प्रभावशाली बनाने हेतु बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में तीन आर्ट स्कूल खोले जहाँ छात्रों को यूरोपियन कला की नकल करना एवं पाश्चात्य तथा मुगल शैली के मिश्रण से चित्र बनाने को बाध्य किया जाने लगा। वास्तव में यह उधेड़बुन का युग था। इस गुलामी के अंधियारे में अपने विचारों को व्यक्त करने का साहस किसी में नहीं था। ऐसी परिस्थिति में भारतीय कला को पुनर्जीवित करने का संकल्प यूरोपियन कलाकार ई0 बी0 हैवेल के मन में आया। वे मद्रास आर्ट स्कूल के प्राचार्य थे जिन्होने बाद में कलकत्ता आर्ट स्कूल में प्राचार्य का पदभार सम्भाला। उन्होंने भारतीय कला के मौलिक गुणों को पहचाना और खुलकर उसकी प्रशंसा की। उन्होंने अवनीन्द्रनाथ टैगोर को अपने संकल्प को पूरा करने हेतु साथ में लिया। अवनीन्द्रनाथ इस कलात्मक पुनर्जागरण के प्रथम कलाकार थे। उन्होंने अवनीन्द्रनाथ को राजपूत, पहाड़ी, मुगल और अजन्ता के चित्रों में प्रयुक्त तकनीकों एवं विषय वस्तुओं का अध्ययन करके अपनी नई सृजनात्मक शैली को विकसित करने को प्रेरित किया। फलस्वरूप अवनीन्द्रनाथ ने 'राधा–कृष्ण' के चित्रों की एक श्रृंखला बनाई। इसके बाद अवनीन्द्रनाथ ने भारतीय परम्परागत कला के साथ–साथ पश्चिमी कला, चीनी व जापानी कला को आत्मसात किया और उसके समन्वय से एक नई शैली को विकसित किया जो वाश पेंटिंग के नाम से विश्व के सम्मुख प्रसिद्ध हुई। ई0 बी0 हैवेल तथा डा0 आनन्द कुमार स्वामी ने इन चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन कर अवनीन्द्रनाथ की प्रतिभा एवं प्रसिद्धि को बढाया। सन् 1902 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान की स्थापना के बाद भारतीय कला की प्रसिद्धि पूरे विश्व में फैल गई। प्रसिद्धि की इसी श्रृंखला में अवनीन्द्रनाथ के शिष्यों में नन्दलाल बोस, असित कुमार हलधर, के0 वेंकटप्पा, देवी प्रसाद राय चौधरी, सुरेन गांगुली इत्यादि की कलाकृतियों की प्रदर्शनी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई जिससे भारतीय कला गौरवान्वित हुई। हैवेल के सृजनात्मक विचार, उनके निर्णय, उनकी प्रेरणाएँ, उनका कुशल निर्देशन तथा देशभक्त अवनीन्द्रनाथ के अदम्य उत्साह पूर्ण प्रयासों ने भारतीय कला को पुनर्जाग्रत किया। यही बंगाल स्कूल की नींव का कारण बना। बंगाल स्कूल की कलाकृतियों में भारतीय भावनायें पूर्णरूप से समाहित थीं। इसका मुख्य उद्‌देश्य देशभक्ति की भावना को पुनर्जाग्रत करना था। इस स्कूल के माध्यम से चित्रकार, मूर्तिकार, कवि, लेखक, विचारक, संगीतकार, समाज सुधारक आदि विभिन्न विधाओं के लोग आजादी के इस संघर्षमय आन्दोलन की मुख्यधारा में शामिल हुए। बंगाल स्कूल का जीवन काल आज़ादी के अन्तिम पचास वर्षों तक चरमोत्कर्ष पर रहा। बंगाल स्कूल के निर्देशन में देश के विभिन्न भागों में जैसे लखनऊ, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, जयपुर, मैसूर, लाहौर आदि में आर्ट स्कूलों की स्थापना की गई, जहाँ का पदभार अवनीन्द्रनाथ के शिष्यों ने सम्भाला। गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने शान्तिनिकेतन में 'कला–भवन' के नाम से एक आर्ट स्कूल की स्थापना की जहाँ नन्दलाल बोस को मुख्य अध्यापक की जिम्मेदारी दी गई। गांधीवादी भावनाओं और विचारों से ओत–प्रोत नन्दलाल ने अपनी रंग–रेखाओं और आकारों द्वारा अंग्रेजों का खुलकर विरोध किया। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में उनके द्वारा सजाया गया पण्डाल था। गांधी जी के अनुरोध पर उन्होंने अपने कुछ शिष्यों को साथ लेकर भारतीय कला और उसकी सुन्दरता को पण्डाल की दीवारों पर अपनी रंग–रेखाओं से उकेरकर विशेष प्रकार से सजाया था। बाँस और पटसन की चटाइयों पर की गई चित्रकारी तो देखने लायक थी। निस्संदेह कला के माध्यम से बंगाल स्कूल के कलाकारों ने देश को अभिव्यक्ति की गुलामी से बचाया है।

MAIN FEATURES OF THE BENGAL SCHOOL

The base of Bengal School was full of Indian traditions. Therefore, the linear delicacy, rhythm and grace of Ajanta and Bagh are clearly visible in the paintings of this school. The artists of Bengal School learnt a lot from Indian traditional art, Chinese and Japanese art. Their preferred mediums were water colour, ink and tempera. The subject matters on which Bengal School painters painted were historical, religious, literary, social, landscapes etc. The Bengal School brought renaissance and attracted the attention of world towards the heritage of Indian art. The 'Wash Technique' was original indigenous style of this school.

The artists of Bengal School put stress to study the theme from all possible view points so that it can be reproduced from memory in a creative manner. Their main aim behind it is to maintain originality of the style. They studied history of Indian art to learn more about the heritage of Indian art. They also encouraged to study anatomy of human body to add life in their paintings. They studied colours, right use and harmonious blending on the basis of composition and also used light, shade and perspective in order to depict depth and to add extra softness and linear delicacy in their paintings as done in Ajanta.

बंगाल शैली की मुख्य विशेषताएँ

बंगाल स्कूल की कलाकृतियों का मुख्य आधार भारतीय जीवन शैली एवं परम्पराओं से ओत–प्रोत था। इसलिए बंगाल स्कूल के चित्रों में अजन्ता और बाघ के चित्रों की रेखीय कोमलता, लय और लालित्य का छाप स्पष्ट दिखाई देती है। बंगाल स्कूल के कलाकारों ने भारतीय पम्परागत कला शैली, चीनी और जापानी कला शैली आदि से प्रेरित होकर उसका गहन अध्ययन किया फिर उसके सम्मिश्रण से बंगाल शैली का सूत्रपात हुआ। उनके पसंदीदा माध्यम जल रंग, स्याही और टेम्पेरा आदि थे। बंगाल स्कूल के कलाकारों के चित्र बनाने की विषय वस्तु ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक, सामाजिक, दृश्य चित्रण और पशु–पक्षियों का चित्रण आदि पर आधारित था। बंगाल स्कूल ने भारतीय कला को पुनर्जाग्रत किया और विश्व का ध्यान भारतीय कला की समृद्ध विरासत की ओर आकर्षित किया। वे लोग चित्रों के तथ्यों को सहज एवं स्पष्ट रूप से बनाते थे। वे लोग आकर्षक रंग योजना से आकृतियों को कोमल तथा लयात्मक बनाते थे। ''वाश तकनीक'' इस स्कूल की मौलिक एवं पूर्ण स्वदेशी देन है।

चित्रों की रचना में वे लोग पहले उसकी विषय वस्तु का गहनतम अध्ययन करके उसे आत्मसात कर लेते थे फिर उसे अपनी तरह से प्रस्तुत करते ताकि इस शैली की मौलिकता कायम रहे। वे मानव चित्रण के लिए उसकी शारीरिक संरचना का विशेष रूप से अध्ययन करते थे ताकि चित्र जीवन्त मालूम पड़े। रंगों का अध्ययन और चित्र संरचना के आधार पर उनका सही चयन करके वे लोग फिर उसका व्यावहारिक प्रयोग करते थे। भारतीय कला विरासत को अच्छी तरह समझने के लिये कला इतिहास के अध्ययन पर विशेष रूप से बल देते थे तथा छाया–प्रकाश और परिपेक्ष्य के प्रयोग से चित्रों में गहराई को दिखाते थे। जिससे उनके चित्रों में अजंता के चित्रों जैसी रेखीय गति, लय और कोमलता बनी रहती थी।

CONTRIBUTION OF INDIAN ARTISTS IN THE STRUGGLE FOR NATIONAL FREEDOM MOVEMENT

Under the planned propaganda, the British were trying to prove that India has no national identity of its own. At no times before, any thing in India had been labelled as Indian. It was the last 150 years of British rule and its impact that led the spirit to search for Indianess (national identity). Bang-Bhang movement brought the new awareness in Indian mind. Aim of the Bengal School was to regenerate the patriotism, to rediscover India's past and to recollect Indian cultural values in the field of art by boycotting foreign trends and means. It was national emotion that made Bengal School nationalistic. Along with the artists this school also inspired scholars, poets, reformers, thinkers, philosophers and musicians etc. to join the mainstream of the struggle for national freedom movement.

Dr. Anand Coomar Swamy, the most noted writer of Indian art, a pioneer historian and scholar published a book 'Art and Swadeshi' in1910 which was regarded as a manifesto of art of India. This book gave a plea to return to those Indian sources and ideas which were being demolished by British political fervor. He also recommended the commitment of the Bengal School and efforts of artists for giving a tremendous moral boosting to the Indian freedom movement. In 1907, Indian Society for Oriental Arts was founded in London by E. B. Havell, Abanindranath and Gaganendranath Thakur. Two monthly magazines 'Modern Review' and 'Pravasi' edited by Ramananda Chatterji and published by the society, printed at Studio, Landon and the Studio International, USA created awakening to art and Indian artistic heritage. This society also organized the exhibition of paintings of Abanindranath Tagore, Nandlal Bose, K. Venkatapa, Gaganendranath Thakur and Shailendra Nath Dey in 1908 on international stages which brought appreciations for Indian art and fulfilled the aim of Bengal School. Prof. E. B. Havell inspired Abanindranath to study Indian miniatures and paintings of Ajanta, Ellora and Bagh caves. Genius and creative Abanindranath did so and put the Indian soul before the world. Paintings and articles of Devi Prosad Roy Chowdhury printed in journals such as 'Prabasi', 'Bharatvarsha' and 'Shanibarer Chitthi' did the same job during freedom movement.

In this series, Nandlal Bose copied the paintings of Ajanta and painted his famous line drawing 'Dandi March of Mahatma Gandhi'. He also painted about 60 paintings on handmade paper for Haripura Congress on the request of Mahatma Gandhi. These paintings were a feast of Indian art and beautification. These paintings were also notable for their economy of means, boldness, vigour and decorative qualities. Through these paintings, Nandlal Bose combined art with nationalism and became the interpreter of Indian colour and its soul. Abanindranath painted Mother India. Gaganendranath painted a caricature on the massacre of Jalianwala Bagh which brought hatred among Indians against naked cruelty of British. The personal style developed by noted artist namely Abanindranath Tagore, Nandlal Bose, K. Venkatapa, Gaganendranath Thakur, Shailendra Nath Dey, Asit Kumar Halder and Devi Prasad Roy Chowdhury etc. saved us from the slavery of expressions and ideas which finally put the foundation of modern trends in the field of art.

राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में भारतीय कलाकारों का योगदान

एक निश्चित योजना के तहत अंग्रेज यह अफवाह फैलाने लगे थे कि भारत का अपना कोई अस्तित्व नहीं है। जबकि इसके पहले किसी भी युग में ऐसा नहीं था कि भारत को अपनी भारतीयता का तमगा लगाना पड़े। यह तो अंग्रेजी शासन के अन्तिम 150 वर्षों का प्रभाव था जिसने हमारी राष्ट्रीय पहचान की खोज के जज्बे को जगाया। उस समय 'बंग–भंग' आन्दोलन से प्रत्येक भारतीय के मन में एक नई जागृति आई थी। बंगाल स्कूल का मुख्य उद्देश्य विदेशी साधनों एवं साध्यों का बहिष्कार करके लोगों के मन में कला के माध्यम से देशभक्ति की भावना जाग्रत करना, भारत के अतीत की पुनः खोज करना तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना करना था। कलाकारों के साथ–साथ इस स्कूल ने विद्वानों, कवियों, समाज सुधारकों, विचारकों, दार्शनिकों तथा संगीतज्ञों को भी राष्ट्रीय स्वतन्त्रता संग्राम की मुख्य धारा में शामिल होने की प्रेरणा दी थी।

सन् 1910 में भारतीय कला के मुख्य समीक्षक, लेखक एवं ऐतिहासिक अन्वेषक डॉ0 आनन्द कुमार स्वामी की एक पुस्तक 'कला और स्वदेशी' प्रकाशित हुई। जिसे भारतीय कला का घोषणा पत्र माना जाने लगा। इस पुस्तक की यही शिक्षा थी कि हमें अपने उन भारतीय स्रोतों और विचारों पर ध्यान देना चाहिए जिसे अंग्रेजी शासन द्वारा नष्ट किया जा रहा था। उन्होंने अपनी पुस्तक में बंगाल स्कूल के उद्देश्यों को अनुमोदित किया था तथा कलाकारों के अनवरत प्रयासों की सराहना की थी जिससे भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन को नैतिक बल मिल रहा था। सन् 1907 में 'इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरियण्टल आर्ट्स' की स्थापना लन्दन में ई0 बी0 हैवेल, गगनेन्द्रनाथ ठाकुर और अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के प्रयासों द्वारा की गई। इस सोसाइटी द्वारा रामानन्द चटर्जी के संपादन मे दो मासिक पत्रिकायें 'प्रवासी' और 'मॉडर्न रिव्यू' छापी जाने लगी जो लन्दन स्टूडियो से और इन्टरनेशनल स्टूडियो से यू0एस0ए0 में मुद्रित होती थी। इससे भारतीय कला और उसकी विरासत के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ी। सन् 1908 में इस सोसाइटी ने अवनीन्द्रनाथ टैगोर, नन्दलाल बोस, के0 वेंकटप्पा, गगनेन्द्रनाथ और शैलेन्द्रनाथ आदि के चित्रों की प्रदर्शनी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करायी जिससे भारतीय कला का गौरव बढ़ा। स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान 'प्रवासी', 'भारतवर्ष' और 'शनिवारेर चिट्ठी' जैसी पत्रिकाओं में छापे गये देवी प्रसाद राय चौधरी के चित्रों और लेखों ने सबको जगाया था।

इसी श्रृंखला में नन्दलाल बोस ने हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन के लिए गांधी जी के आग्रह पर हैण्डमेड पेपर पर लगभग 60 चित्र बनाये थे। ये सभी चित्र भारतीय कला और उसकी सुन्दरता के द्योतक थे। सीमित संसाधनों से बने होने पर भी ये सभी चित्र प्रखर, मानपूर्ण एवं सुन्दर थे। इन सभी चित्रों में नन्दलाल बोस ने भारतीयता को कला से जोड़ा था जिससे वे स्वयं भारतीय रंग और उसकी आत्मा के संवाहक बन गये थे। अवनीन्द्रनाथ ने 'भारत माता' का चित्र बनाया था जबकि गगनेन्द्रनाथ ने जालियां वाला बाग हत्याकाण्ड पर व्यंग्य चित्र बनाकर अंग्रेज़ों की क्रूरता को उजागर किया। इससे अंग्रेजों के प्रति भारतीयों में घृणा के भाव पैदा हुये। इस प्रकार के0 वेंकटप्पा, नन्दलाल बोस, शैलेन्द्र नाथ डे, असित कुमार हलधर देवी प्रसाद राय चौधरी आदि जैसे मुख्य चित्रकारों ने चित्र बनाने की अपनी निजी शैली का विकास किया तथा हमें अभिव्यक्ति की गुलामी से मुक्त किया और भारतीय कला जगत में आधुनिक तत्वों के समावेश का मार्ग भी प्रशस्त किया।

PAINTINGS OF BENGAL SCHOOL

ABANINDRANATH TAGORE
(1871-1951)

Abanindranath Tagore appeared on the Indian art scene at a crucial period. He was the pioneer and the leader of the Indian artistic renaissance. His philosophy existed in rejecting the European art and returning to the Indian traditional art. He lit the torch of re-awakening of swadeshi values. He gave form and character to the historical revivalist movement known as the Bengal School.

He was born on August 7, 1871 at Jorasanko, Calcutta in Tagore's family. He was the nephew of Rabindranath. He was ten years younger than him. Creativity was inherent part of the Tagore residence. It helped him develop his artistic personality. Earlier, he was a student of Sanskrit college from 1881 to 1890. He also learnt music for few years. Then he started learning art under European teachers O. Gilhardi and C. L. Palmer in western academic technique. Later, he came in the contact of E. B. Havell, Principal, Madras School of Art, who inspired him to pursue the techniques followed in the Mughal paintings. He also got an opportunity to understand the art and culture of China and Japan. He synthesized the Mughal, Rajput and Ajanta style with the combination of Chinese and Japanese style, which finally became his original style called, wash technique. He developed more in his wash technique after meeting the Japanese artist Taikan and Hishida. It brought a great technical change in his work. He became the pioneer and the culminator of his style.

In 1907 when he was the Principal of Government School of Art, Calcutta, he formed 'Indian Society of Oriental Art'. This later on became an important platform for the presentation of Indian art. The society exhibited Indian paintings on international stage and enhanced the reputation of Indian art. Being a good teacher, Abanindranath also wanted that every student should develop his own style and should have a sound knowledge of our art and culture. By his efforts, so many Art Schools were opened at different places of the country and mostly his pupils headed the same. His two main gifts to Indian art world are 'A series of natural landscapes' and 'World of portraits' made in pastel and water colours. His famous paintings are 'Birth of Buddha', 'Buddha and Sujata', 'Bharat Mata', 'Tajmahal', 'Death of Shahjahan', 'Santhal Girl' and 'Going towards Kashmir' etc. He wrote approximately 20 books in Bengla language and two books on art in English namely 'Some Notes on Indian Artistic Anatomy' and 'Khadhanga'. He also worked on small statue called 'Kattum-Kuttam' made from waste materials and easily available objects. Abanindranath self established himself as the father of modern Indian painting. He was a real teacher and true artist.

अवनीन्द्रनाथ टैगोर
(1871–1951)

अवनीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय कला के पुनर्जागरण के प्रमुख नेता थे। वे भारतीय कला जगत में संकटकालीन समय में आये थे। उनका दर्शन यूरोपियन कला को अस्वीकृत करना तथा भारतीय परम्परागत कला की ओर जाना था। उन्होंने स्वदेशी भाव की मशाल को प्रज्वलित किया और कला के ऐतिहासिक पुनर्जागरण आन्दोलन की घोषणा कर दी, जिसका आधार बंगाल स्कूल था। उसके स्वरूप एवं लक्ष्य की रूपरेखा अवनीन्द्रनाथ ने स्वयं तैयार की थी।

7 अगस्त 1871 को उनका जन्म टैगोर परिवार में जोरासाकों, कलकत्ता में हुआ था। वे रवीन्द्रनाथ के भतीजे थे और उनसे उम्र में दस वर्ष छोटे थे। सृजनशीलता, टैगोर परिवार का एक अभिन्न अंग था जो उनके कलात्मक व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक सिद्ध हुआ। प्रारम्भ में सन् 1881 से 1890 ई0 तक वे संस्कृत कॉलेज के छात्र थे। उन्होंने कुछ वर्षो तक संगीत भी सीखा था। बाद में उन्होंने यूरोपियन शिक्षक ओ0 गिलहार्डी और सी0 एल0 पामर से पश्चिमी अकादमी तकनीक में कला सीखना शुरू किया। तत्पश्चात वे 'मद्रास स्कूल ऑफ आर्ट' के प्रिंसिपल ई0 बी0 हैवेल के सम्पर्क में आये जिन्होंने उन्हें मुगल पेन्टिग में प्रयुक्त तकनीक में चित्र बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्हें चीन और जापान की कला और संस्कृति का अध्ययन करने का मौका मिला। उन्होंने मुगल, राजपूत, अजन्ता शैली के साथ साथ चीनी और जापानी शैली को मिश्रित करके जिस परिष्कृत मौलिक शैली का निर्माण किया वह 'बंगाल शैली' के रूप में जानी गयी। इस शैली में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से वाश तकनीक का प्रयोग किया। जापानी कलाकार ताइकान और हिशिदा से मिलने के बाद उन्होंने वाश तकनीक को और भी विकसित किया जिससे उनकी चित्र शैली में बहुत बड़ा तकनीकी परिवर्तन आया। वे इस शैली के मुख्य प्रणेता बन गये।

जब सन् 1907 में वे गर्वनमेन्ट आर्ट कॉलेज, कलकत्ता में प्राचार्य थे तभी 'इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरियन्टल आर्ट' नामक संस्था को स्थापित किया जो भारतीय कला को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने वाला मंच बन गया था। इस सोसाइटी ने भारतीय चित्रों को विश्व स्तर पर प्रदर्शित किया और कला का मान बढ़ाया। एक योग्य शिक्षक होने के नाते अवनीन्द्रनाथ चाहते थे कि उनका प्रत्येक छात्र अपनी कला एवं संस्कृति का गहन अध्ययन करे तथा वह अपनी मौलिक चित्र शैली विकसित करे। उनके प्रयासों से देश के विभिन्न भागों में कला स्कूल खोले गये और अधिकांश स्थानों पर उनके छात्र ही प्राचार्य बनाये गये। उनके द्वारा भारतीय कला जगत को दो विशिष्ट उपहार प्राप्त हुए। पहला 'प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण' और दूसरा 'व्यक्ति चित्रण का संसार'। उनके कुछ मुख्य चित्र – 'बुद्ध और सुजाता', 'बुद्ध का जन्म', 'भारत–माता', 'ताजमहल', 'कश्मीर की ओर जाते हुए', 'शाहजहाँ की मौत', 'संथाली युवती' आदि हैं। उन्होंने बंगला भाषा में लगभग 20 पुस्तकें लिखी हैं। अंग्रेजी में कला विषय पर लिखी गई पुस्तक 'सम नोट्स ऑन इण्डियन आर्टिस्टिक एनाटॉमी' और 'षडंग' है। सन् 1940 में उन्होंने छोटी–छोटी मूर्तियाँ बनाई जिसे 'कट्टम–कुट्टम' नाम से जाना जाता है जो बेकार पड़ी वस्तुओं से बनायी गई थी। इस प्रकार अवनीन्द्रनाथ टैगोर का सारा जीवन कला के लिए समर्पित था। वे एक महान कलागुरू, श्रेष्ठ कलाकार, आधुनिक भारतीय कला के पिता होने के साथ–साथ एक सच्चे देश भक्त भी थे।

JOURNEY'S END
(PLATE-19)

This is a symbolic pure Indian painting of Shri Abanindra Nath Tagore done in water colour. It was completed in the best combination of wash and tempera technique on paper in 1937. In this painting an overloaded camel is about to end his life after a long and tiring journey at the end of the day in a desert area. The camel is about to collapse on a hard stony ground. No one is there to help the dying camel. His half closed eyes and tiredness expresses that work done by camel is much more than his capacity. The expression and posture of camel looks real and lively. His front legs are shown bent on his knees while his back legs are upright. His head is painted slightly high from the ground as if he has a desire to get up once again. The colour composition of red, yellow, brown, black and orange is giving the mystical effect to complete work. The sky is shown with the diffused light of sunset in the background and a tint of blue colour is given at the place where the camel died. The whole environment and main object is made the most realistic, which also represents the artist's keen observation of animal study beyond the explicity of pictorial element. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

यात्रा का अन्त

सन् 1937 में अवनीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा बनाया गया यह एक विशुद्ध भारतीय प्रतीकात्मक चित्र है। इसे कागज़ पर वाश एवं टेम्पेरा पद्धति में जल रंग से बनाया गया है। इस चित्र में मरूस्थल का दृश्य है। एक ऊँट अत्यधिक बोझ से लदा एक लम्बी यात्रा के दौरान थक कर चूर–चूर हो गया है और उसकी जीवन–यात्रा का अन्त होने वाला है। उसकी सहायता के लिए वहाँ कोई भी नहीं है। मरुस्थल में पथरीली भूमि पर पड़ा यह ऊँट अपने प्राण त्याग रहा है। उसकी थकी हुई अधखुली आँखें और उसका शरीर इस बात को प्रदर्शित कर रहा है कि उससे उसकी क्षमता से अधिक कार्य लिया गया है। उसके आगे वाले दोनों पैर घुटने से मुड़े हुए हैं जबकि पिछले दोनों पैर सीधी अवस्था में हैं। उसका सिर जमीन से थोड़ा ऊपर उठा हुआ है। ऐसा लग रहा है मानो वह उठना चाह रहा हो। पीछे का दृश्य सूर्यास्त के समय का है। यहाँ आकाश में विवर्तित प्रकाश को बड़ी सुन्दरता से प्रस्तुत किया गया है। जिस स्थान पर ऊँट अपना शरीर त्याग रहा है वहाँ हल्के नीले रंग का प्रयोग किया गया है। चित्र के मुख्य भाग के साथ–साथ पूरा वातावरण बहुत ही स्वाभाविक रूप से चित्रित किया गया है। ऊँट की आकृति को देखकर अवनीन्द्रनाथ के गहनतम पशु अध्ययन का परिचय मिलता है। ऊँट की आकृति और हाव–भाव दोनों वास्तविक एवं सजीव लगते है। इस चित्र में लाल, पीले, नीले, काले, भूरे और नारंगी रंगों का प्रयोग किया गया है जो पूरी चित्र संरचना को आकर्षक एवं जीवन्त बनाते हैं। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रह में है।

NANDLAL BOSE
(1883-1966)

Nandlal Bose was one of the most prominent and leading artists of the Indian renaissance of art. He is known as a second major painter of Bengal School after Abanindranath. His paintings represent an amalgamation of traditions and modernity. He was born on December 03, 1883 at Kharagpur, Monghyr in Bihar. He had inborn artistic talent. Before joining Art College he used to make images of goddess Durga and Tajia-Gonara of Muharram in his village. He liked to copy the works of great artists. He completed his education from Calcutta Art School under the guidance of Abanindranath. He received great support from E. B. Havell, Abanindranath, Sister Nivedita and Gurudev Rabindranath. He got first appreciation in the field of art through his paintings 'Sati' and 'Sati deh tyag' in the first exhibition of The Indian Society of Oriental Art in 1907 where he won a cash prize of Rs.500/-. He spent one year (1910-11) in copying Ajanta painting with Lady Herringham, a British mural painter. He was very much impressed by rhythm and fluency of lines used in Ajanta. In 1911, he made 26 illustrations from Ramayana in Ajanta style. He visited throughout India to study the greatest masterpieces of ancient Indian art which matured his artistic urge.

He worked in his own style enriched by intimate experience of Ajanta, Jain, Rajput and Mughal art and led the message of Swadeshi in practical aspect. He was a great nationalist. He decorated the Pandals for three consecutive sessions of Indian National Congress in 1935, 1936 and 1937 in Lucknow, Faizpur and Haripura on the request of Gandhi Ji and contributed in Freedom Movement. He painted innumerable paintings of Hindu Gods and Goddesses. His works in wash and mural paintings done on the walls of 'Kala-Bhavana', Santiniketan reflect his artistic calibre. His famous line drawings are 'Dandi March' in Lino-cut and 'Veenavadini'. He also illustrated 'Jatak-stories'. He prepared 53 Batik designs for decoration of the books of Tagore Publication. He published his book 'Shilpa-Charcha' based on the techniques used in Indian art.

At the request of Jawahar Lal Nehru, he designed the different forms of Lotus for civilian awards 'Padmashree', 'Padmabhushan' and 'Padmavibhushan'. He also designed 'Bharat Ratna' in the form of small leaf of the Aswtha tree. He was principal at 'Kala-Bhavana' (college of art & crafts), Santiniketan during 1922-1951. He was popularly known as 'Mastermasai' among his students. In 1951 he received the degree of 'Desikottama' (Honorary Doctorate) from 'Visva-Bharati' university, Santiniketan (W.B.). The Government of India awarded him 'Padmavibhushan' in 1954. He received honorary D. Lit. Degree from Banaras Hindu University in 1950, from Calcutta University in 1955 and from Rabindra Bharati University in 1963 for his distinguished art works. The Academy of Fine Arts Calcutta honoured him with a Silver Jubilee Medal in 1958. In 1965 the Asiatic Society of Bengal awarded him the Tagore Birth Centenary Medal. An era was over on April 16, 1966 but will remain source of inspiration for young artist.

नन्दलाल बोस
(1883–1966)

नन्दलाल बोस भारतीय कला के पुनर्जागरण काल के जाने–माने प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक हैं। उन्हें अवनीन्द्रनाथ के बाद बंगाल स्कूल का दूसरा मुख्य कलाकार माना जाता है। उनके चित्र आधुनिक एवं परम्परागत चित्रकला का सम्मिश्रण है। वे अपने छात्रों तथा बंगाल स्कूल में 'मास्टर मोशाय' के उपनाम से प्रसिद्ध थे। उनका जन्म 3 दिसम्बर 1883 को खड्गपुर, मुंगेर (बिहार) में हुआ था। वे जन्म से ही कलात्मक प्रतिभा से सम्पन्न थे। कला महाविद्यालय में प्रवेश से पूर्व वे अपने गाँव में दुर्गा प्रतिमा और मुहर्रम के अवसर पर ताजिया गोनारा बनाया करते थे। उन्हें बड़े–बड़े कलाकारों के चित्रों की नकल करना भी पसन्द था। उन्होंने अपनी कला की शिक्षा कलकत्ता आर्ट स्कूल से अवनीन्द्रनाथ की देख–रेख में पूरी की। उन्हें ई0 बी0 हैवेल, अवनीन्द्रनाथ, सिस्टर निवेदिता और गुरूदेव रवीन्द्रनाथ का पूरा समर्थन प्राप्त था। कला के क्षेत्र में उन्हें पहली सफलता सन् 1907 में मिली जब उनके दो चित्रों 'सती' और 'सती देहत्याग' को इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरियण्टल आर्ट की पहली प्रदर्शनी में पाँच सौ रूपये का पुरस्कार मिला। उन्होंने ब्रिटिश म्युरल पेन्टर, लेडी हेरिंगम के साथ अजन्ता के चित्रों की प्रतिकृति बनाने में (सन् 1910 से 1911 तक का समय) लगभग एक वर्ष बिताया। वे अजन्ता के चित्रों की रेखाओं की गतिमयता और लयात्मकता से बहुत प्रभावित थे। सन् 1911 में उन्होंने अजन्ता शैली में रामायण पर आधारित 26 रेखाचित्र बनाये। तत्पश्चात उन्होंने जातक कथाओं पर आधारित रेखाचित्र भी बनाये हैं।

अपनी कलात्मक प्यास की पूर्ति के लिए उन्होंने अपनी निजी चित्र शैली को विकसित किया जिसमें जैन, राजपूत, मुगल एवं अजन्ता की चित्र शैलियों का गहनतम अध्ययन एवं अनुभवों की प्रचुरता है। इनकी इस मौलिक शैली ने स्वदेशीपन के संदेश को व्यावहारिक रूप प्रदान किया। वे एक महान राष्ट्रवादी कलाकार थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीन सत्रों में 1935 (लखनऊ), 1936 (फैजपुर) तथा 1937 (हरिपुरा) में गांधी जी के आग्रह पर पण्डालों की सजावट करके भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया जो कला एवं कलाकारों के लिए बड़े ही गौरव की बात है। उन्होंने हिन्दू देवी–देवताओं के असंख्य चित्र बनाये। उनके द्वारा वाश पद्धति में बने चित्र तथा 'कला–भवन' शांतिनिकेतन की दीवारों पर बनाये गये भित्ति–चित्र अतुलनीय है। उनके विश्व प्रसिद्ध कृतियों में लिनोकट से बनाया गया 'डाण्डी मार्च' और रेखाचित्र में 'वीणावादिनी' प्रमुख है। उन्होंने टैगोर पब्लिकेशन की पुस्तकों की सजावट के लिए 53 बाटिक चित्रों की रचना की। उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक 'शिल्प चर्चा' कला क्षेत्र के लिए एक अमूल्य वरदान है।

पण्डित नेहरू के आग्रह पर उन्होंने पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण नागरिक सम्मानों के प्रतीक स्वरूप को निर्धारित करने हेतु विभिन्न प्रकार के कमल पुष्पों के डिजाइन बनाये। भारत रत्न उपाधि के लिए उन्होंने अश्वत्थ पेड़ (पीपल) के छोटे पत्ते जैसा डिजाइन बनाया। उन्होंने 1922 से 1951 तक 'कला–भवन', शांतिनिकेतन के प्राचार्य पद को सुशोभित किया। सन् 1951 में उन्हें विश्वभारती केन्द्रीय विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन की ओर से 'देशीकोत्तमा' के मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया। सन् 1950 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, 1955 में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने मानद डी0 लिट डिग्री प्रदान कर उनको गौरवान्वित किया। सन् 1958 में कलकत्ता के अकादमी ऑफ फाईन आर्ट्स संस्था ने सिल्वर जुबली मेडल दिया। सन् 1965 में एशियटिक सोसाइटी बंगाल ने टैगोर बर्थ सेन्टेनरी मेडल से नवाजा। इस प्रकार एक युग का अन्त 16 अप्रैल 1966 को हो गया। लेकिन वे हमेशा ही भावी पीढी के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

PARTHASARATHI
(PLATE-20)

This is one of the best paintings of Nandlal Bose done in wash technique. It is a based on an episode of Mahabharat where Lord Krishna is preaching 'Geeta' to Arjun for preparing him for 'Dharma-Yuddha'. The expression and posture of Krishna painted in 'Parthasarathi' look like a Teacher and Guide of Arjun, as Sarathi who was taking him to battle field of Kurukshetra. His right hand is raised up with his index finger pointing in the Upadesh mudra. In his left hand, he is holding the reins of the chariot's horses. Krishna's face is shown in three quarter profile. His eyes are half closed. He is wearing kundals in his ears, a garland is shown in his neck and a decorated golden crown on his head. In this painting, the dignity and serenity of Lord Krishna's graceful face is depicted nicely. In the background, Arjun is supposed to be seated in a dark shade of brown colour. The only visible part of Arjun's body is his hands which are shown putting on the backrest of Krishna's seat. The soft and monochromic effect of yellow ochre, orange, red, brown and burnt umber is remarkable especially in this composition. The outline of the whole composition is thin, smooth, rhythmic and sharp. Now, it is a collection of Indian Museum, Kolkata.

पार्थसारथी

यह वाश पद्धति में बना नन्दलाल बोस के सर्वोत्तम चित्रों में से एक है। यह चित्र महाभारत के उस सन्दर्भ पर आधारित है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया और अर्जुन को धर्म युद्ध के लिए तैयार किया था। इस चित्र में अंकित श्रीकृष्ण के चेहरे का भाव और मुद्रा अर्जुन के शिक्षक एवं मार्गदर्शक जैसा है न कि एक साधारण सारथी जैसा, जो अर्जुन के रथ को रणभूमि में ले जा रहा हो। उनके ऊपर उठे दाहिने हाथ की तर्जनी उँगली उपदेश देने की मुद्रा में चित्रित है। बायें हाथ से उन्होंने रथ में जुते घोड़ों की रस्सियों को पकड़ रखा है। चित्र में श्री कृष्ण के चेहरे के तीन चौथाई भाग को चित्रित किया गया है। उनकी आँखें अधखुली हैं। उनके दोनों कानों में कुण्डल, गले में माला तथा सिर पर मुकुट सुशोभित है। चित्र में भगवान श्री कृष्ण के चेहरे की दैवी आभा एवं पवित्रता को बड़े ही मनोहारी ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया है। चित्र के पृष्ठ भाग में गहरे भूरे रंग का प्रयोग किया गया है जिसमें अर्जुन बैठे हुये हैं पर उनके शरीर का दृश्य भाग केवल उनका हाथ है जो श्री कृष्ण के पीठ टेकने के स्थान पर रखा हुआ दिखाई दे रहा है। भूरे, नारंगी, लाल और पीले रंगों के मिश्रण से बना यह चित्र एक वर्णीय रंग का प्रभाव उत्पन्न करता है। इस पूरे चित्र संयोजन की बाह्य रेखायें लयात्मक, गतिमय और कोमल हैं। अब यह चित्र इण्डियन म्यूजियम, कलकत्ता के संकलन में है।

M. A. R. CHUGHTAI
(1899-1975)

M. A. R. Chughtai was a gifted artist of Indian renaissance. After the Indo-Pak partition, he became Pakistan's foremost artist. He was born on September 21, 1899 at Lahore in the family of renowned Mughal architects who designed the layouts of Tajmahal, Red fort and Jama Masjid during the reign of Mughal Emperor Shahjahan. His father wanted him to be an engineer. Chughtai himself chose painting as his career.

He took admission in Mayo School of Art, Lahore in 1911. After completing his study he joined as a teacher in Litho department of the same institution in1916. He went London to learn Print making. European style of painting did not impress him. He returned and joined Bengal School under Abanindranath Tagore. He learnt wash painting from Ukil brothers of Delhi. Later on, he left Bengal School but made valiant efforts to keep the traditions of Indian art alive. He painted beauty and romance of traditional Indian miniatures e.g. Rajasthani, Pahari, Mughal and Ajanta etc in wash and tempera technique. His style displays a strong sense of line, scale, and form. Merely, he was a figurative painter. Many of his paintings are much larger in size than Mughal miniature. He was perfect in the technique of delicate drawing and colouring. He illustrated several books with water colour and drawing.

मोहम्मद अब्दुर्रहमान चुगताई
(1899–1975)

मोहम्मद अब्दुर्रहमान चुगताई भारतीय कला के पुनर्जागरण काल के वरद् कलाकार थे। भारत–पाक विभाजन के बाद वे पाकिस्तान चले गये जहाँ उनकी गिनती वहाँ के अग्रिम कलाकारों में थी। उनका जन्म 21 सितम्बर 1899 को लाहौर के उस प्रतिष्ठित वास्तुकार परिवार में हुआ था जिसने मुगल बादशाह शाहजहाँ के शासनकाल में ताजमहल, लाल किला और जामा मस्जिद की रूप रेखा तैयार की थी। उनके पिता उन्हें इंजीनियर बनाना चाहते थे लेकिन चुगताई ने अपना पेशा स्वयं ही कला को चुना।

सन् 1911 में उन्होंने लाहौर के मेयो स्कूल ऑफ आर्ट में अपना नामांकन कराया तथा अपनी कला शिक्षा पूरी करने के पश्चात वे इसी स्कूल में लिथो–विभाग में शिक्षक बन गये। वे प्रिन्टमेकिंग सीखने हेतु लन्दन भी गये। उन्हें यूरोपीय शैली के चित्र नहीं भाते थे। वहाँ से वापस आने के बाद अवनीन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में वे बंगाल स्कूल से जुड़ गये। उन्होंने दिल्ली के उकील बन्धुओं से वाश पेन्टिंग सीखी। एक समय के बाद उन्होंने बंगाल स्कूल छोड़ दिया लेकिन भारतीय परम्परागत कला को जीवित रखने के लिए अपना अथक प्रयास जारी रखा। उन्होंने राजस्थानी, पहाड़ी, मुगल लघु चित्रों और अजन्ता के भित्ति चित्रों आदि में चित्रित सौन्दर्य को वाश पद्धति व टेम्पेरा के माध्यम से बड़े ही सुन्दर ढंग से चित्रित किया है। उनके चित्रों की रेखा, माप और आकार में गहरा समन्वय दिखाई देता है। मूलतः उन्हें आकृति मूलक कलाकारों की श्रेणी में श्रेष्ठ माना जाता है। उनकी अनेक कृतियाँ मुगल लघु चित्रों के आकारों से बड़ी है। वे कोमल रेखाओं के अंकन और आकृति को रंगने में दक्ष थे। उन्होंने जलरंग से अनेक पुस्तकों के लिए दृष्टान्त चित्र भी बनाये हैं।

RADHIKA
(PLATE-21)

Radhika is one of the beautiful wash paintings of M. A. R. Chughtai. In this painting, a very delicate Indian lady is shown coming out of her room. Her face is profile; head is down and eyes are in graceful look with sharp eyebrows. Her left foot is in forward motion. She is holding lotus flowers in her both hands. Her left hand is shown near face while right hand is hanging down in a typical posture. A honeybee is shown sitting on the flower. She is wearing light purple lehnga, red blouse and yellow odhani. Her hair is painted in black and brown combination and reaches up to her back. She is wearing well finished pearl necklace with pendant and thread necklace along with a beautiful pendant. She has bangles in her hands and rings in fingers. In background a lamp along with lampshade is shown with burning flame and smoke. The background is made beautiful by the fusion of red, yellow and black colours. The whole composition is giving a beautiful impression due to its rhythmic form and flexibility. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

राधिका

यह चित्र मोहम्मद अब्दुर्रहमान चुगताई द्वारा वाश पद्धति में बना एक अत्यन्त सुन्दर चित्र है। इस चित्र में एक भारतीय कोमलांगी युवती को अपने कमरे से बाहर आता हुआ दिखाया गया है। युवती का चेहरा पार्श्व, सिर झुका हुआ, पतली भौंहे तथा आभायुक्त तीखी आँखें है। उसका बायाँ पैर आगे चलने की मुद्रा में है। उसके दोनों हाथों में कमल के फूल है। उसका बायाँ हाथ चेहरे के पास और दाहिना हाथ नीचे की ओर है। दाहिने हाथ वाले फूल पर एक मधुमक्खी बैठी हुई है। युवती हल्के बैगनी रंग के लहंगे, लाल ब्लाउज और पीली ओढ़नी से सुसज्जित है। उसके काले व भूरे बाल पीठ की तरफ काफी लम्बे दिख रहे हैं। उसके गले में लॉकेट युक्त मोतियों की माला है। एक लॉकेट लम्बे धागे में गुंथा हुआ है जो उसकी नाभि तक लटक रहा है। उसके हाथों में चूड़ियाँ और उंगलियों में अंगूठियाँ हैं। इस चित्र के पृष्ठ भाग में जलता हुआ एक लैम्प और लैम्पशेड के साथ धुआँ भी दिखाई दे रहा है। पृष्ठ भाग को लाल, पीले और काले रंग के समन्वय से सुन्दर बनाया गया है। यह सम्पूर्ण चित्र संरचना आकारों में कोमलता और लयात्मकता का पूरा प्रभाव प्रस्तुत करती है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

UNIT-4

THE MODERN TRENDS IN INDIAN ART

The Bengal School was a major art movement in the country in first half of 20th century. Its manifesto was the search for national identity i.e. the Indianess. It has succeeded in regenerating patriotism and reflected national emotions. In spite of being fully aware of Bengal School, a few important individual artists were Gaganendranath Tagore, Rabindranath Tagore, Amrita Shergil, Jamini Roy etc. who painted for their personal pleasure and recreation. They did not care for the liking of masses. Devi Prosad Roy Chowdhury, M. A. R. Chugtai, Asit Kumar Halder, Ravi Shankar Rawal, Sharada Charan Ukil etc. did different experiments in foreign techniques with Indian tradition in mind and gave birth to new trends in Indian art. The integration of Indian and European art brought the renaissance.

In this transition period, many artists groups also emerged. First was 'The Calcutta Group' (1943), while 'The Turks' was the second group formed in Bombay in 1945. 'The Progressive Artists Group' Bombay came in existence in 1947 with the aim of the quest for new language of art. The core group members were M. F. Husain, F. N. Souza, S. H. Raza, K. H. Ara, S. K. Bakre, H. A. Gade etc. By the early fifties, this group disintegrated because Souza, Raza and Bakre left India. In this crucial period, Husain and Ara continued their art activities with new associates like Krishen Khanna, Mohan Samant, V. S. Gaitonde, Akbar Padmsee, Tyeb Mehta and Ramkumar. Soon after independence, modern trends in art continued with incredible speed due to introspective tendencies of artists of Baroda university like N. S. Bendre, Sankho Chaudhury, K. G. Subramanyan etc. who inspired to paint visual imaginative and intellectual power of an individual artist. The contribution of K. C. Paniker, an artist from south, brought a significant modernism in Indian art by evolving a fine expressive style based on rhythmic possibilities inherent in Indian drawing.

The artists of new generation were being exposed by new social and political scenario along with the art of impressionist and expressionist of Europe. This exposure opened up new dimensions in the field of art. They started painting for their thrust and urge. The motto of each artist has become to learn every new technique of art, coming out from any part of the world and cultivate one's individual style which is new in treatment and is rooted in one's own personality. This is the beginning of the modern trends in Indian art. As a result, individualism and originality have become the norms of modern art.

भारतीय कला में आधुनिक तत्त्वों का समावेश

20 वीं सदी के प्रथम अर्द्धांश में 'बंगाल स्कूल' देश के कला–आन्दोलन का प्रमुख केन्द्र था। इसका घोषणा पत्र पुनः भारत को अपनी पहचान दिलाना अर्थात भारतीयता की खोज करना था। यह आन्दोलन देश–भक्ति और राष्ट्रीय भावनाओं को पुनर्जाग्रत करने में सफल रहा। गगनेन्द्रनाथ टैगोर, रवीन्द्रनाथ टैगोर, अमृता शेरगिल, जामिनी राय जैसे कुछ प्रमुख कलाकारों ने इस आन्दोलन से परिचित रहने के बावजूद व्यक्तिगत खुशी एवं स्वयं की अभिव्यक्ति के लिए चित्र बनाए। उन्होंने दूसरों के पसन्द–नापसन्द की तनिक भी परवाह नहीं की। देवी प्रसाद राय चौधरी, अब्दुर्रहमान चुगताई, असित कुमार हलधर, रविशंकर रावल, शारदा चरण उकील आदि ने परम्परागत भारतीय कला में विदेशी तकनीकों का समावेश करके विभिन्न प्रयोग किए तथा भारतीय कला के नये स्वरूप को जन्म दिया।

इस परिवर्तन के दौर में अनेक कलाकारों के कई ग्रुप (समूह) बने। सबसे पहला ग्रुप 'कलकत्ता ग्रुप' सन् 1943 में बना फिर दूसरा ग्रुप 'द टर्क' सन् 1945 में बम्बई में बना। कला की नई भाषा खोजने के लिए सन् 1947 में बम्बई में 'प्रोग्रेसिव ग्रुप' नाम की एक संस्था का गठन किया गया, जिसके प्रमुख संस्थापक सदस्य मकबूल फ़िदा हुसैन, फ्रांसिस न्यूटन सूजा, एस0एच0 रजा, के0एच0 आरा, एस0के0 बाकरे, के0के0 हेब्बर, एच0 ए0 गाडे आदि थे। पचास के प्रारम्भिक वर्षों में सूजा, रजा एवं बाकरे आदि के भारत से पलायन कर जाने पर यह ग्रुप विखण्डित हो गया। इस विपरीत परिस्थिति में हुसैन और आरा ने अपनी–अपनी कलात्मक गतिविधियाँ रामकुमार, तैयब मेहता, वी0 एस0 गायतोण्डे, अकबर पद्मसी, किशन खन्ना और मोहन सामन्त जैसे नये सदस्यों के साथ जारी रखी। स्वतन्त्रता प्राप्ति के तुरन्त बाद कला में आधुनिक तत्त्वों के समावेश का दौर बड़ौदा विश्वविद्यालय के बड़े कलाकर एन0 एस0 बेन्द्रे, शंखो चौधरी, के0 जी0 सुब्रह्मण्यम् आदि की अन्तर्वीक्षा प्रवृत्तियों के कारण अविश्वसनीय रूप से बढ़ा। ये सभी कलाकार अपने–अपने आत्मचिन्तन और दृश्य कल्पना के आधार पर चित्रों का सृजन करना चाहते थे। इस क्षेत्र में एक दक्षिण भारतीय कलाकार के0 सी0 एस0 पानिकर का योगदान भी उल्लेखनीय है, जिन्होंने भारतीय कला में अन्तर्निहित छन्दबद्ध संभावनाओं में आधुनिक तत्त्वों का समावेश बहुत ही कुशलता एवं बारीकी से किया।

नई पीढ़ी के कलाकार बदले हुए सामाजिक एवं राजनैतिक परिदृश्य में यूरोप की प्रभाववादी एवं यथार्थवादी कला से प्रभावित होने लगे जिससे कला के क्षेत्र में नये–नये आयाम खुलकर आने लगे। वे लोग अपनी इच्छा एवं अभिव्यक्ति हेतु चित्र बनाने लगे। प्रत्येक कलाकर का मुख्य उद्देश्य विश्व के किसी भी भाग से आने वाली नई कलात्मक तकनीकों को सीखकर उससे अपनी व्यक्तिगत शैली विकसित करना बन गया जो तकनीक में विशिष्ट तथा स्वयं के व्यक्तित्व से प्रभावशाली रूप से जुड़ा हो। इस प्रकार भारतीय कला में आधुनिक तत्त्वों के समावेश के परिणाम स्वरूप व्यक्तिगत मौलिक शैली से काम करना आधुनिक कला का मानदण्ड बन गया।

GAGANENDRANATH TAGORE
(1867-1938)

Gaganendranath was born in 1867 in the Tagore's family in Jorasanko, Calcutta. He was the elder brother of Abanindranath Tagore, founder of Bengal School of renaissance. He lost his father at the age of 14 and had to take the responsibilities of his family affairs. He started painting at an advance age without taking any formal training in art. Though he painted for his personal pleasure as a leisure activity yet he was regarded as the first painter who rejected the principles and concepts of Bengal School. He introduced innovative themes in his paintings and painted in a new experimental style over a fairly long period after being impressed by European cubism.

He did paintings on romantic themes, landscape, portraits, caricatures and abstract painting with a sense of mystery of light and shades. He was the only painter of his time who did work mainly in black and white. The most naturalistic works are his landscapes in which he painted mood of the place, its atmosphere and even the weather condition very successfully. He combined contemporaneous art in Europe in his experimental works through his abstract and cubist creation. He was very much impressed with the works of European artists namely Constable, Turner and Picasso. Undoubtedly his innovative and experimental works will remain a subject of inspiration for the new generation of artists.

गगनेन्द्रनाथ टैगोर
(1867—1938)

गगनेन्द्रनाथ टैगोर का जन्म सन् 1867 में जोरासाँकों में टैगोर परिवार में हुआ था। ये 'बंगाल स्कूल' के संस्थापक अवनीन्द्रनाथ टैगोर के बड़े भाई थे। 14 वर्ष की अवस्था में पिता की मृत्यु के कारण इन्हें अपने पारिवारिक उत्तरदायित्वों का वहन करना पड़ा। बिना किसी विधिवत् शिक्षा के उन्होंने बड़ी आयु में चित्र बनाना शुरू किया। यद्यपि उन्होंने अपने खाली समय में स्वयं की खुशी के लिए चित्र बनाना शुरू किया था लेकिन उन्हें उस प्रथम कलाकार के रूप में जाना जाने लगा जिसने बंगाल स्कूल के सिद्धान्तों एवं स्वरूपों का विरोध किया। उन्होंने अपने चित्रों में नये विषयों को अन्वेषणात्मक रूप में प्रस्तुत किया तथा यूरोपीय घनवाद से प्रभावित होकर प्रायोगिक शैली में एक लम्बे समय तक चित्र बनाये।

उन्होंने अपने चित्रों में प्रेम प्रसंग, दृश्य चित्रण, मानव चित्रण, उपहास चित्रण एवं अमूर्त चित्रण आदि विषयों को छाया एवं प्रकाश के रहस्यात्मक प्रयोग से चित्रित किया। वे अपने समय के अकेले कलाकार थे जिन्होंने अधिकतर चित्र श्वेत एवं श्याम रंगों में बनाये हैं। उनके द्वारा बनाये गये दृश्य चित्र बहुत ही सहज एवं स्वाभाविक लगते हैं जिसमें उन्होंने स्थान, वातावरण एवं मौसम की स्थिति को बड़ी ही गम्भीरता से चित्रित किया है। अपने अमूर्त एवं घनवादी अन्वेषणात्मक चित्रों में यूरोपीय समकालीन कला को जोड़ा है। कॉन्सटेबल, टर्नर एवं पिकासो जैसे यूरोपीय कलाकारों के चित्रों से वे बहुत ज्यादा प्रभावित थे। निस्संदेह उनके अन्वेषणात्मक एवं प्रायोगिक चित्र भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे।

MAGICIAN
(PLATE-22)

No doubt the painting 'Magician' is one of the marvellous works done by a great Indian painter Gaganendranath Tagore. It was made in 20^{th} century when most of Indian artists followed traditionalism and painted pure Indian themes. It is painted in water colour on paper. He used beautiful balanced shades of brown, off white and red successfully. The effect of European Cubism is clearly visible in it. The painting resembles as if it were looked through a prism. The magician is in Japanese dress and has long beard. His grand personality is seen to viewer only due to the use of contrast red colour on the floor. The Queen is shown standing in the centre behind the veil made of wood and glass. She is also in Japanese dress. A male figure in dark brown dress is standing near the stairs in the corridor. The use of light and shade for depicting perspective is very fine. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

जादूगर

निस्संदेह 'जादूगर' चित्र, प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार गगनेन्द्रनाथ टैगोर के सर्वश्रेष्ठ चित्रों में से एक है। 20 वीं सदी में यह अन्वेषणात्मक चित्र तब बना था जब अधिसंख्यक कलाकार भारतीय तथ्यों को परम्परागत रूपों में चित्रित किया करते थे। यह जल रंग से कागज पर बना चित्र है। उन्होंने सुन्दर तथा सन्तुलित रूप से इरा चित्र में भूरे, सफेद, लाल तथा काले रंगो का प्रयोग किया है। इस चित्र पर यूरोपीय कला का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। यह चित्र ऐसा लगता है मानो पूरे परिदृश्य को प्रिज्म के माध्यम से देखते हुए चित्रित किया गया है। इसमें दाढ़ी वाला जादूगर जापानी वेशभूषा में है। फर्श में लगाए गये लाल रंग के विरोधाभास से उसका विशिष्ट व्यक्तित्व दर्शक को अलग से दिखाई देता है। महारानी को लकड़ी एवं काँच के पर्दे के पीछे मध्य में खड़ा दिखाया गया है। वह भी जापानी वेशभूषा में है। सीढ़ियों के पास वाले बरामदे में एक आदमी गहरी भूरी वेशभूषा में खड़ा है। पूरे परिदृश्य को छाया एवं प्रकाश के माध्यम से सफलता पूर्वक चित्रित किया गया है। अब यह चित्र, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

JAMINI ROY
(1887-1972)

Jamini Roy was one of the greatest painters of 20th century whose style of paintings will always remind us that modernity does not mean to go away from our great tradition of art and culture. Art was mission for him. He was born in 1887 at Beliator village in Bankura district of West Bengal in a middle class family. He enrolled himself in the Government School of Art And Craft, Calcutta in 1903 under Abanindranath Tagore. After completing his education, he did not like to work either in traditional style of Bengal School or in European impressionist style.

He started a new style in1921 based on folk art and rural life. For this, he took inspiration from Patua's of Kalighat. He was very much fascinated by the bold sweeping lines and bright colours of Kalighat Pats. Afterwards, he kept himself experimenting continuously to simplify his style by preserving basic forms, colours and patterns of the indigenous art of Kalighat and terracotta of Vishnupur temple. Finally his paintings own international name and fame. Jamini Roy's style has unique novelty and modernity along with traditionalism. Around mid 1930s, he left making paintings on canvas. He used cloth, wood, even mats coated with lime as painting surfaces and painted with natural colours. He painted the themes from Ramayana, Radha-Krishna, Jesus Christ and daily life of rural Bengalis and Santhalis. The Government of India awarded him 'Padmabhushan' in 1955.

जामिनी राय
(1887–1972)

जामिनी राय 20 वीं सदी के महानतम चित्रकारों में से एक है। इनकी कला शैली हमें हमेशा याद दिलाती रहेगी कि आधुनिकता का अर्थ अपनी महान कला एवं संस्कृति की विरासत से दूर भागना नहीं है। इनके लिए कला एक अनन्त यात्रा थी। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के बेलियाटोर गाँव के एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। सन् 1903 में इन्होंने अवनीन्द्रनाथ टैगोर के मार्गदर्शन में गर्वमेन्ट कॉलेज ऑफ आर्ट्स एवं क्राफ्ट्स, कलकत्ता में अपना नामांकन कराया। अपनी कला शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें न तो बंगाल स्कूल की परम्परागत शैली में कार्य करना अच्छा लगा न ही यूरोपीय प्रभाववादी शैली में।

उन्होंने सन् 1921 में अपनी एक नई शैली बनाई जो लोक कला एवं ग्रामीण जीवन पर आधारित थी। इसके लिए उन्होंने कालीघाट के पट चित्रों से प्रेरणा ली। काली घाट के पट चित्रों में प्रयुक्त लहरनुमा मोटी रेखाएँ और चमकदार रंग उन्हें बहुत आकर्षित करते थे। उन्होंने स्वदेशी कालीघाट शैली और विष्णुपुर मन्दिर के टेराकोटा मूर्त्तियों के स्वाभाविक रूप, रंग और आकृति को अपने चित्रों में संरक्षित रखा। बाद में वे अपनी शैली को और भी परिष्कृत करने के लिए लगातार प्रयोग करते रहे। अंततः उनके चित्रों को अंतर्राष्ट्रीय नाम एवं प्रसिद्धि मिली। जामिनी राय की चित्र शैली विशिष्ट, विलक्षण, परम्परागत एवं आधुनिक है। वे चित्र बनाने के लिए कपड़े, लकडी, चटाई आदि पर चूना पोतकर सतह बनाते थे फिर उस पर प्राकृतिक रगों में चित्रकारी करते थे। उनके चित्र रामायण, महाभारत, राधा कृष्ण, ईसा मसीह आदि के संदर्भों एवं ग्रामीण बंगाली एवं संथाली जीवन वृत्तों पर आधारित हैं। भारत सरकार ने सन् 1955 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित करके भारतीय कला जगत को गौरवान्वित किया।

MOTHER AND CHILD
(PLATE-23)

This water colour tempera of 'Mother and Child' was done by the famous artist of Bengal, Jamini Roy in 1930. In this painting, a standing mother is holding her naked child with left hand on her left waist. Both of them have fish shaped open eyes and bold eyebrows. The shape of their faces looks like a cup and has cool and calm expressions of love. They are decorated perfectly with white colour. Mother's right hand palm is red. She is wearing brown saree of green border decorated with black lines. On the left lower part of this vertical work, a flowering stem of the plant is shown. The final decoration done in bold lines is very sharp which makes whole composition very rhythmic and attractive. Perfect use of vermillion, yellow ochre, brown, green, blue, black and white colours is giving extra look to this folk type painting. This work resembles with Kalighat Pat works. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

माता एवं शिशु

प्रस्तुत चित्र 'माता एवं शिशु' बंगाल के प्रसिद्ध चित्रकार जामिनी राय द्वारा सन् 1930 में जल रंग द्वारा टेम्पेरा तकनीक में बनाया गया है। इस चित्र में एक माँ अपने बायें हाथ की गोद में एक नग्न बच्चा लेकर खड़ी है जो उसके बायीं कमर पर टिका हुआ है। माता एवं शिशु दोनों की आँखें मछली के आकार की है तथा पूरी तरह खुली हुई हैं। भौंहें मोटी है उनके चेहरे का आकार कप जैसा है तथा उनके हाव–भाव शांत, सुखद एवं प्रेममय है। उन्हें सजाने के लिए सफ़ेद रंग का प्रयोग किया गया है। माँ के दाहिने हाथ की हथेली लाल है। वह काली रेखाओं से सुसज्जित हरे रंग की कोरदार साड़ी पहनी हुई है। इस उर्ध्वाधर चित्र के बायीं ओर, नीचे की तरफ़ से एक पुष्पित तना दिखाया गया है। इस चित्र को काली मोटी एवं तीखी रेखाओं द्वारा उभारा गया है जो चित्र के पूरे परिदृश्य को स्पष्ट, आकर्षक एवं लयात्मक बनाती हैं। इस चित्र शैली पर बंगाल की लोक कला खासकर कालीघाट पट चित्र का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। इस चित्र में सिन्दूरी लाल रंग, पीले, हरे, नीले, काले, भूरे एवं सफेद रंगों का इस्तेमाल किया गया है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

RABINDRANATH TAGORE
(1861-1941)

The world poet and Asia's first Nobel laureate, Gurudev Rabindranath Tagore was a multitalented personality. He was a poet, a philosopher, a novelist, a story writer, a composer and a painter all combined into one. He was born on May 7, 1861 in Calcutta at Jorasanko mansion. His father Maharshi Devendranath Tagore was founder of Brahm-samaj. He was the youngest child of his parents and grew up in a household of 14 children. The inborn talent of Rabindranath started showing at very tender age. He wrote a poem for the first time at the age of 8 years.

At the age of 67, Rabindranath Tagore started drawing and painting in 1928 in order to replace the cutting in his writing works. He used to decorate and give rhythm to whatever shape appeared in the cuttings by moving tip of the pen. It became his first effort in the field of art and reflected no traditional and pre-judice. He never painted any theme after thinking. His art is instantaneous, modern, individual and Indian in nature. It has certain peculiarities in aesthetics and colouring schemes which distinguish it from those of the other artists. In 1930, his first exhibition of paintings was held in Paris then in London, Berlin and New York. They got appraisal from artists and art critics all over the world. He became the first modern Indian painter at the age of 70 years. He made about 2000 paintings on paper only and painted ugly subjects, ugly faces, unhealthy life style etc. He started his journey as a poet and ended as an artist on August 7, 1941.

रवीन्द्रनाथ टैगोर
(1861–1941)

विश्वकवि एवं एशिया के पहले नॉबेल पुरस्कार विजेता, गुरुदेव श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के स्वामी थे। उनके व्यक्तित्व में कवि, दार्शनिक, उपन्यासकार, कहानीकार, गीतकार एवं चित्रकार आदि के सभी रूप समाहित थे। उनका जन्म कलकत्ता के जोरासांको में 7 मई 1861 को हुआ था। उनके पिता महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर 'ब्रह्म समाज' के संस्थापक थे। अपने माता–पिता की सबसे छोटी चौदहवीं संतान के रूप में उनका लालन–पालन हुआ था। उन्होंने अपनी पहली कविता आठ वर्ष की आयु में लिखी थी।

रेखांकन एवं चित्रांकन की शुरूआत उन्होंने 67 वर्ष की उम्र में सन् 1928 से की। उनके लेखन कार्य में हुई गलतियों के कट्टम–कुट्टम को उचित रूप व आकार देने की आदत से उनकी चित्र शैली की शुरूआत हुई। यही आदत कला के क्षेत्र में उनका प्रथम प्रयास बन गया, जो पूर्व सोच एवं परम्परा से भिन्न था। उन्होंने कभी भी सोचकर किसी तथ्य या सन्दर्भ को चित्रित नहीं किया। उनकी चित्रशैली पूर्णतः व्यक्तिगत, आधुनिक एवं भारतीय है। इसके कलात्मक एवं वर्णात्मक तत्त्व उन्हें अन्य सभी कलाकारों से अलग प्रस्तुत करते हैं। पेरिस में सन् 1930 में उनके चित्रों की पहली प्रदर्शनी लगी फिर लन्दन, न्यूयार्क एवं बर्लिन में भी ये चित्र प्रदर्शित किये गये। उनके चित्रों को दुनिया के सभी कलाकारों एवं कला समीक्षकों से प्रशंसा मिली। वे 70 वर्ष की आयु में भारत के प्रथम आधुनिक चित्रकार बन गये। उन्होंने लगभग 2000 चित्रों की रचना की जो मुख्यतः प्रकृति चित्रण, कुरूप चेहरे, कुरूप तथ्य, निम्नस्तरीय जीवन शैली आदि पर आधारित हैं। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा एक कवि के रूप में शुरू की और 7 अगस्त 1941 को एक कलाकार के रूप में समाप्त की।

WOMAN FACE
(PLATE-24)

This is one of the best paintings of Gurudev Rabindranath Tagore, made with limited lines and colours. In this almost square sized painting, both drawing and colour schemes are very simple. The oval shaped face, looking like a village woman, is painted in light wash of pink and brown ink. The background is shown in horizontal patches of dark brown and pink colours. For differentiating the various parts of the painting, white irregular lines have been left which look as if light were streaking from inside. Her soft and innocent face is made very prominent. The style of covering her head by Saree looks rhythmic. Large but sad eyes, long nose and slightly opened mouth ready to speak something are the speciality of this work. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

नारी मुख

सीमित रंग–रेखाओं में बना 'नारी मुख' गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की उत्कृष्ट कृतियों में से एक है। लगभग वर्गाकार कागज़ पर बने इस चित्र का रेखांकन एवं रंग संयोजन दोनों ही अति सरल है। इसमें एक ग्रामीण स्त्री का अण्डाकार चेहरा हल्के गुलाबी एवं भूरी स्याही के वाश से बनाया गया है। इस चित्र का पृष्ठ भाग भी गहरे भूरे एवं गुलाबी रंगों के धब्बों से बना है। चित्र के विभिन्न भागों को अलग करने के लिए पृष्ठ भाग के सफेद हिस्से को ज्यों का त्यों छोड़ दिया गया है जिससे ऐसा लगता है मानो इसमें प्रकाश अन्दर से स्वतः फूटकर निकल रहा हो। चित्र में स्त्री का कोमल एवं निर्दोष चेहरा तथा साड़ी से ढ़का सिर उभर कर सामने आता हुआ प्रतीत होता है। उसकी वड़ी लेकिन उदास आँखें, लम्बी नाक और कुछ कहने को उत्सुक अधखुला मुख इस चित्र की विशेषताएँ हैं। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

AMRITA SHER-GIL
(1913-1941)

Amrita Sher-Gil was one of the most impressive and genius artists of pre independence era. She was born on January 30, 1913 in Budapest, Hungary. Her father Sardar Umrao Singh was a Sikh scholar in Sanskrit and her mother, a Hungarian singer. She studied art at famous art school, The Ecole Nationale des Beaux Arts, Paris under Lucien Simon. She was deeply influenced by the European post impressionist painters Paul Cezanne, Paul Gaugin and the artist Modigliani.

She returned to India in 1934 and travelled ancient art sites-Ajanta, Ellora and far south for study purpose. She also studied Indian miniatures. Her first show was in Shimla in 1935 and then followed by at Delhi, Bombay, Hyderabad, Allahabad etc. Her works reflect a strong union of the Western and Indian art. We do not find sharp lines in her paintings but lines are created by the juxtaposition of colours. Her paintings reflect charming idleness and dramatic nature. Her remarkable contribution to the Indian art is to introduce new techniques of using bold contrast colours. She painted inner reality of misery, pain and despair of Indian people. The down faces, down cast eyes, simple appearance and helpless hand gestures mirror the uncertain future of Indians. She also worked on nude masses. She made about forty paintings in oil till her death at the age of 29 on December 5, 1941 at Lahore. Her paintings have been declared as National Art Treasures by the Government of India and are in collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

अमृता शेरगिल
(1913–1941)

अमृता शेरगिल आजादी के पूर्वकाल के प्रभावशाली एवं विलक्षण प्रतिभा वाले कलाकारों में से एक थी। उनका जन्म हंगरी के बुडापेस्ट शहर में 30 जनवरी 1913 को हुआ था। उनके सिक्ख पिता सरदार उमराव सिंह संस्कृत के विद्वान थे और उनकी माँ हंगरी की गायिका थी। उन्होंने अपनी कला शिक्षा पेरिस के प्रमुख कला संस्थान 'द इकोल नेशनल दस व्यूक्स आर्ट्स' में लुसियन साइमन की देखरेख में पूरी की। पॉल सेजान, पॉल गॉगीन और मोदिगिलियानी जैसे यूरोपीय उत्तर प्रभाववादी कलाकारों का उनके कार्यों पर गहरा प्रभाव था।

वे सन् 1934 में भारत लौटी और अंजता, एलोरा सहित सूदूर दक्षिण के प्राचीन कला प्रसिद्ध स्थानों का भ्रमण कलात्मक अध्ययन के उद्देश्य से किया। उन्होंने भारतीय लघु चित्रों का भी अध्ययन किया। उनकी पहली प्रदर्शनी सन् 1935 में शिमला में आयोजित हुई फिर बाद में दिल्ली, बम्बई, हैदराबाद, इलाहाबाद आदि स्थानों पर भी लगी। उनके चित्रों में भारतीय एवं पाश्चात्य कला का सुदृढ़ समन्वय प्रतिबिम्बित होता है। उनकी कृतियों में बाह्य रेखाओं का प्रयोग नहीं है लेकिन परस्पर विरोधी रंगों के सामंजस्य से सारी आकृतियाँ उभर कर सामने आती हुई दिखाई देती हैं। इनके चित्र सुन्दर हैं पर मानवाकृतियों में आलस्य के भाव के साथ–साथ नाटकीयता भी दिखाई देती है। भारतीय कला में उनका सबसे बड़ा योगदान नई तकनीक में परस्पर विरोधी रंगों का प्रयोग है। उन्होंने अपने चित्रों में भारत के आम लोगों के दर्द, आन्तरिक वेदना, दुःख एवं निराशा को चित्रित किया है। झुके हुए चेहरे, नीचे देखती निराश आँखें, अति साधारण वेशभूषा, असहाय स्थिति को प्रस्तुत करते हाथों के हाव–भाव आदि आम भारतीयों के अनिश्चित भविष्य को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने नग्न तैल चित्र भी बनाये हैं। 29 वर्ष की अल्पायु में अपनी मृत्यु तक उन्होंने लगभग 40 तैल चित्र बनाये हैं। भारत सरकार ने उनके चित्रों को राष्ट्रीय कला धरोहर घोषित किया है जो राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

THREE GIRLS
(PLATE-25)

This is a famous oil painting of Amrita Sher-Gil, the first female artist of India, done on canvas near about 1935. This realistic, simple, bold and neat composition of three young girls is based on the life of the common Indian females who have no right and freedom in our male dominated society. The pensive face expressions, downcast eyes and helpless hands of these girls clearly reflect emotions of sadness and despair. They are in deep thought as if afraid of their uncertain future. All the three figures are arranged in planes and are defined specially by colours. Its form is made simple and lyrical. In the right of this composition, a fair complexioned girl is shown in fully red salwar, kameej and dupatta. Her hands are in the lap. The girl in left side is of slightly dark complexion. She is wearing white kurta with blue and pink print. She is fully covered with light green dupatta. Her hands are also in her lap. The dark complexioned girl fully covered with pink dupatta has been painted in the centre. In the background, yellow ochre colour has been used. The shadow of these girls is also shown in the contrast. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

तीन लड़कियाँ

प्रस्तुत चित्र भारत की प्रथम महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का है। यह सन् 1935 के आस–पास कैनवास पर तैल रंगों के माध्यम से बनाया गया यथार्थ चित्रण है। चित्र संरचना सरल, स्वच्छ एवं लयात्मक है। यह चित्र भारत की उन तीन साधारण लड़कियों के जीवन पर आधारित है जिन्हें इस पुरुष प्रधान समाज में कोई अधिकार और स्वतन्त्रता प्राप्त नहीं है। इन लड़कियों के चेहरे का भाव निराशापूर्ण हैं, इनकी चिन्ताग्रस्त आँखें नीचे की ओर झुकी हुई हैं और उनके हाथों की असहाय मुद्राओं से उदासी का भाव प्रकट होता है। वे अपने अनिश्चित भविष्य को सोचकर व्याकुल हैं। ये तीनों आकृतियाँ एक ही सतह पर समतल रूप में बनी हुई है जिन्हें अलग–अलग रंगों द्वारा छाया–प्रकाश के माध्यम से उभारा गया है। इस चित्र के दाहिने भाग में एक गोरी लड़की लाल रंग के सलवार, कुर्त्ते एवं दुपट्टे में दिखाई गयी है। इसके बायीं ओर गेहुँए रंग की लड़की है जिसने नीले एवं गुलाबी रंग का छींटदार कुर्त्ता पहना हुआ है और हल्के रंग के दुपट्टे से स्वयं को पूरी तरह ढ़क रखा है। उसके हाथ उसकी गोद में हैं। गुलाबी रंग के दुपट्टे में लिपटी साँवली लड़की को मध्य में दिखाया गया है। चित्र के पृष्ठ भाग में पीले रंग का प्रयोग किया गया है। इन लड़कियों की छाया को गहरे विरोधी रंग में रंगा गया है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

DEVI PROSAD ROY CHOWDHURY
(1899-1975)

He was born in 1899 in a Jamindar family at Tajhat (Now in Bangladesh), Rangpur district Bengal. He had exceptional talent in drawing, painting and clay modeling by birth. His father Uma Prosad Roy Chowdhury took him to Abanindranath Tagore where he learned drawing and painting. As Abanindranath give absolute freedom to his students, he also allowed Devi Prosad to evolve his own way. He learned life drawing and portraiture from Mr. Boiess, an Italian painter in Western technique. Meanwhile he joined the Studio of Hiramon Roy Chowdhury and did modeling under his guidance. He started his work as a freelance artist and soon occupied a leading position among noted Painters and Sculptors of his time. At the age of twenty five, he made his father's clay sculpture which is treated as the super example of impressionist style till now. In 1929, he was appointed as Principal, Government School of Art, Madras. During his three decades of stay in Madras, he did outstanding works in painting and sculpture. He was indeed a versatile genius. 'Triumph of Labour' installed at Madras beach in 1954 and 'Martyrs' Memorial' in Patna are his unparallel and outstanding outdoor sculptures in bronze. He was master of anatomy and expressed himself in plaster, bronze and marble also. He was a real devotee of art and his worldly affairs were managed by his wife Charulata. He was the first Chairman of Lalit Kala Akademi, New Delhi. He was elected as President and Director of UNESCO Art Seminar held in Tokyo. The Government of India honoured him with 'Padmabhushan' in 1958.

देवी प्रसाद राय चौधरी
(1899—1975)

देवी प्रसाद राय चौधरी का जन्म बंगाल के रंगपुर जिले के तेजहाट ग्राम (अब यह बंगलादेश में है) में एक जमींदार परिवार में सन् 1899 में हुआ था। वे बचपन से ही रेखांकन, चित्रांकन और मिट्टी की मूर्तियाँ बनाने में निपुण थे। उनके पिता उमा प्रसाद राय चौधरी उन्हें विधिवत् कला की शिक्षा हेतु अवनीन्द्रनाथ टैगोर के पास ले गये। अवनीन्द्रनाथ अपने सभी छात्रों को उनकी प्रतिभा निखारने की पूरी स्वतन्त्रता देते थे। उन्होंने देवी प्रसाद को भी उसकी कला स्वयं उसके ढंग से निखारने को प्रेरित किया। एक पश्चिमी शैली के इतालवी चित्रकार मिस्टर वॉयस ने उन्हें लाइफ ड्राईंग एवं पोर्ट्रेट बनाने की शिक्षा दी। इसी बीच वे हीरामन राय चौधरी के स्टूडियों में जाने लगे, जहाँ उन्होंने मूर्तिकला की शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात् उन्होंने एक स्वतन्त्र कलाकार के रूप में कार्य करना आरम्भ किया और शीघ्र ही उनका नाम उस समय के प्रतिष्ठित कलाकारों में शामिल हो गया। 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने पिता की मुखाकृति मिट्टी से बनाई थी जो आज भी प्रभाववादी शैली में बनी उत्कृष्ट कृति के रूप में सराही जाती है। सन् 1929 में उनकी नियुक्ति 'गवर्नमेन्ट स्कूल ऑफ आर्ट' मद्रास के प्राचार्य के पद पर हुई। तीन दशकों तक मद्रास में रहते हुए उन्होंने चित्रकला एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में उल्लेखीय कार्य किये। वास्तव में वे बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न थे। मद्रास में समुद्र के किनारे सन् 1854 में स्थापित "श्रम की विजय" और पटना में सन् 1956 में स्थापित 'शहीद स्मारक' नामक मूर्तियाँ उनके द्वारा बनाई गई उत्कृष्टतम उन कृतियों में से हैं जो खुले आकाश के नीचे स्वतन्त्र रूप से खड़ी हैं। वे मानवीय शरीर के रचना शास्त्र में निपुण थे जिसे उन्होंने कांस्य, संगमरमर, प्लास्टर आदि में प्रस्तुत किया है। उनके सांसारिक क्रियाकलापों का निर्वाह उनकी पत्नी चारुलता किया करती थी। वे ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के पहले अध्यक्ष थे। उन्होंने टोकियो मे हुए यूनेस्को कला सेमिनार के अध्यक्ष एवं निदेशक का कार्य बड़ी सफलता से निभाया। भारत सरकार ने उन्हें सन् 1958 में 'पद्मभूषण' से सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाया।

TRIUMPH OF LABOUR
(PLATE-26)

This is an extraordinary realistic bronze sculpture made by Devi Prosad Roy Chowdhury, a famous artist of Bengal School. The subject matter of this sculpture is taken from the life of common man of India. In this composition, artist has depicted 'Triumph of Labour' which means, one remains alive and progressive in unity. Four labourers are shown busy in moving a massive stone block with the help of wooden log by means of putting their maximum physical efforts in some hilly area. These labourers are carved in perfect anatomical body balance. Their very strong muscles mirror their strength and capability. They all are in seminude and their lively action depicts dynamic mobility of this statue. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

श्रम की विजय

यह कृति बंगाल स्कूल के महान कलाकार देवी प्रसाद राय चौधरी द्वारा बनायी गयी असाधारण व यथार्थ कांस्य मूर्ति रचना है। इस मूर्ति शिल्प की विषय वस्तु साधारण भारतवासियों का जीवन है। इस मूर्ति शिल्प में, कलाकार ने श्रम की विजय को अपने ढ़ंग से प्रस्तुत किया है जिसका अर्थ है – एकता में बल है। इसमें चार मज़दूर एक पर्वतीय स्थान पर अपने–अपने सम्पूर्ण शारीरिक क्षमताओं के साथ वहाँ पड़े हुए विशालकाय पत्थर को लकड़ी के कुंदे से हटाने में व्यस्त हैं। इन सभी मज़दूरों की शारीरिक संरचना पूर्ण रूप से संतुलित है। उनकी मज़बूत माँसपेशियाँ उनकी ऊर्जा एवं क्षमता को प्रदर्शित करती हैं। इस अर्द्धनग्न मूर्त्ति शिल्प की संरचना इसकी सजीवता, गतिमयता एवं क्रियाकलाप को प्रकट करने में पूर्ण रूप से सक्षम हैं। अब यह मूर्त्ति शिल्प राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

RAMKINKER BAIJ
(1910-1980)

Ramkinker Baij was the eccentric genius of Santiniketan. He revitalized Indian sculpture and gave it a new dimension in the period of transition from a traditional to a modern art. He has developed his own individual style in the field of sculpture and painting both. Ramkinker was born in a village of Bankura district in West Bengal in 1910. Shri Ramanand Chaterjee, a famous writer and Editor of 'Modern Review' marked his talent, when he visited Ramkinker's village. He recommended him to Gurudev Rabindranath and the boy Ramkinker became a student of art at Santiniketan in 1925 under the guidance of Nandlal Bose. After completing his studies he joined as a faculty member of 'Kala-Bhavana'. He had lived at Santinlketan for over 37 years. His individuality and originality and working style proved him out as one of the true modern Indian sculptors. Each work of Ramkinker radiates his latent energy. His figures and forms are dynamic and energetic. His approach towards the handling of subject is starting from naturalistic, romantic to completely abstract. As a sculptor, he used cement, concrete, stone and plaster which were easily available. In painting, he worked in oil, tempera and water colour. The Santhals living around Santiniketan were his alive models. Ramkinker's outdoor sculptures are created on the locations where these are the part of the rugged beauty and nature. One of his major stone works 32 feet heigh 'Yaksha and Yakshini' installed at the main entrance of Reserve Bank of India, New Delhi is reflecting his creative calibre.

रामकिंकर बैज
(1910—1980)

रामकिंकर बैज शांतिनिकेतन के विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न कलाकर थे। उन्होंने परम्परागत भारतीय मूर्तिकला को एक नया आयाम् तथा पुनर्शक्ति प्रदान कर फिर से जीवित किया है। अतः उन्हें आधुनिक भारतीय मूर्तिकला का जनक कहा जाता है। उन्होंने मूर्तिकला और चित्रकला दोनों ही क्षेत्रों में अपनी निजी शैली विकसित की है। सन् 1910 में उनका जन्म पश्चिम बंगाल में बाँकुरा जिले के एक गाँव में हुआ था। माडर्न रिव्यू पत्रिका के संपादक एवं प्रसिद्ध लेखक श्री रामानन्द चटर्जी जब रामकिंकर के गाँव में गये तब उन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ से उनकी सिफारिश की जिससे बालक रामकिंकर को सन् 1925 में नन्दलाल बोस के अधीन कला शिक्षा हेतु शांतिनिकेतन में बुला लिया गया। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे 'कला–भवन' में मूर्तिकला विभाग के अध्यापक बन गये। उन्होंने शांतिनिकेतन में लगभग 37 वर्षों तक अपना जीवन व्यतीत किया। स्वयं की निजी शैली एवं कार्य करने की अथक क्षमता ने उन्हें भारत की आधुनिक मूर्तिकला का सच्चा साधक बना दिया। रामकिंकर की एक–एक रचना उनकी गुप्त ऊर्जा का परिचय देती है। उनकी आकृतियाँ एवं आकार गतिमय एवं ऊर्जस्वित हैं। किसी भी विषय–वस्तु पर उनकी पकड़ स्वाभाविकता से अमूर्तता की ओर जाती हुई प्रतीत होती है। मूर्तिकार के रूप में उन्होंने आसानी से उपलब्ध होने वाली सामग्रियों सीमेन्ट, कंकरीट, प्लास्टर और पत्थर का प्रयोग किया है। चित्रकला में उन्होंने तैल रंग, जल रंग व टेम्पेरा माध्यम का इस्तेमाल किया है। शांतिनिकेतन के आस–पास रहने वाले संथाली उनके जीवित मॉडल थे। रामकिंकर ने अपनी बाह्य मूर्ति शिल्प की रचना उसी स्थान पर की है जहाँ पर वे मूर्तियाँ स्थापित हैं। ये सारी मूर्तियाँ प्रकृति से घुली–मिली सुन्दर दीखती है। रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के प्रवेश द्वार पर लगी हुई 'यक्ष–यक्षिणी' की 32 फीट ऊँची पत्थर की मूर्ति उनकी सृजनात्मक क्षमता को प्रतिबिम्बित करती है।

SANTHAL FAMILY
(PLATE-27)

Santhal family is a major outdoor free standing sculpture, made of cement and concrete. It is a rough textured composition of santhal couple with a child and a dog. It reflects Ramkinker's feelings and concern for the simplicity of santhal people. This work has tremendous energy and a love of movement. The figures and forms are naturalistic dynamic and earthy. It represents the internal emotions of Santhal family that is moving towards the new destination after leaving behind their home in search of livelihood with full hope and aspiration. This sculpture is installed on the road side in 'Kala-Bhavana' Santiniketan and appears as if it is in pace with every movement of the road and is also matching with the static peace of environment simultaneously.

संथाल परिवार

संथाल परिवार सीमेन्ट एवं कंकरीट में बनी स्वतन्त्र रूप से खड़ी बाह्य मूर्त्ति शिल्प है जो शांतिनिकेतन के 'कला–भवन' के प्रांगण में स्थापित है। खुरदुरी सतह वाले इस मूर्त्ति शिल्प में एक संथाली परिवार के रूप में पति–पत्नी उनका लड़का और पालतू कुत्ता दिखाया गया है। इस मूर्त्ति शिल्प में अपार ऊर्जा व गति है। इसमें बनी हुई आकृतियाँ धरती से जुड़ी हैं। यह कार्य कलाकार रामकिंकर के उन मनोभावों को प्रदर्शित करता है जो उन्हें संथालियों के सहज जीवन से जोड़ता है। इस मूर्त्ति शिल्प में यह संथाल परिवार अपनी आजीविका की खोज में पूरी आशा एवं सम्भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। सड़क के किनारे बने इस मूर्त्ति शिल्प को देखकर ऐसा लगता है मानो यह सड़क की प्रत्येक गतिविधि के साथ जुड़ा हुआ हो और साथ में आस–पास के वातावरण की नैसर्गिक शांति से भी अपना एक अटूट सम्बन्ध स्थापित किए हुए हो।

(PAINTINGS OF CONTEMPORARY INDIAN MODERN ARTISTS)
M. F. HUSAIN

Maqbool Fida Husain is a prolific painter of contemporary Indian art. He, born in Pandharpur, Maharashtra in 1915, had a brief stint at the Indore School of Art. Though he had no formal education, his works have been exhibited all over the world. He is an extra ordinary genius and versatile artist, who received 'Padmashree' in 1968, 'Padmabhushan' in 1973 and 'Padmavibhusan' in 1989. He has painted and sketched in oil, acrylic, water colour, charcoal etc. He painted horses, social life, Ramayana and Mahabharata, Buddha's life, Bangladesh war, Mother Teresa, Madhuri Dixit, Madona etc. He painted women specially with a mixture of poetry and intensity. He started his career as a banner painter of cinema when he migrated to Mumbai in 1936. There, he joined as a member of 'Progressive Artist Group' in 1947 and exhibited his paintings first time in 1950. He developed a new style of his work using strong and powerful lines, bright colours in the garb of Western art. He is an expressive and symbolic artist of independent thinking and imagination. He always tries to experiment in the latest themes and style based, marking new phase in Indian art. He has much creative energy to paint every thing in his own style which is modern in look. He usually transforms something he heard, anything he read, everything he saw in his paintings. His banner painting experiences gave him confidence to handle huge spaces for painting. In a multifaceted approach, he has gone on from film to still photography, from architecture to sculpted furniture, from poster to tapesty, from toy to jewellery.

मकबूल फ़िदा हुसैन

समकालीन भारतीय कला के प्रख्यात कलाकार मकबूल फिदा हुसैन का जन्म सन् 1915 में महाराष्ट्र के पंढरपुर में हुआ था। वे अल्पकाल के लिए ही इन्दौर स्कूल ऑफ आर्ट्स से जुड़े रहे। उन्होंने ललित कला में किसी प्रकार की विधिवत शिक्षा नहीं ली परन्तु उनके कार्यों की प्रदर्शनियाँ पूरे विश्व में लगती रहती हैं। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी विलक्षण कलाकार हैं जिन्हें 1968 में 'पदम्श्री', 1973 में 'पदम्भूषण' तथा 1989 में 'पदम्विभूषण' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अपने चित्रों को तैल रंग, एक्रेलिक रंग, जल रंग, चारकोल आदि माध्यमों में बनाया है। उन्होंने अपने चित्रों में विषय के रूप में घोड़े, सामाजिक जीवन, रामायण, महाभारत, भगवान बुद्ध का जीवन, बंगलादेश युद्ध, मदर टेरेसा, माधुरी दीक्षित, मैडोना आदि को लिया है। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं के चित्र, कला एवं कविता के मिश्रण के रूप में बनाये हैं। सन् 1936 में बम्बई को जीविकोपार्जन के लिए सही स्थान मानकर उन्होंने सिनेमा के बैनर बनाने वाले कलाकार के रूप में कार्य करना शुरू किया। वहीं वे 1947 में 'प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप' के संस्थापक सदस्य बन गये और पहली बार 1950 में अपने चित्रों की एकल प्रदर्शनी की। उन्होंने शक्तिशाली एवं मोटी रेखाओं तथा चटख रंगों के प्रयोग से अपनी निजी शैली विकसित की है। उन्होंने पश्चिमी कला को इस प्रकार आत्मसात किया कि अपनी भारतीयता पूरी तरह बनी रहे। वे स्वतन्त्र सोच, स्वतन्त्र कल्पना वाले अति व्यस्त प्रतीकात्मक कलाकार हैं। वे हमेशा ही समसामायिक विषयों पर अपने चित्र बनाते रहते हैं और भारतीय कला जगत में नित नया अध्याय जोड़ते रहते हैं। अपनी असीम सृजनात्मक ऊर्जा के कारण वे जो सोचते हैं, जो पढ़ते हैं, जो देखते हैं उसे बड़ी सहजता से अपने चित्रों में उतार देते हैं। वे बैनर बनाने के प्रारम्भिक अनुभव के कारण बड़े से बड़ा कैनवास भी एक झटके में पूरे आत्मविश्वास के साथ चित्रित कर देते हैं। अपनी बहुआयामी प्रवृत्ति के कारण उन्हें फोटोग्राफी, वास्तुकला, मूर्तिकला, फर्निचर्स डिजाईन, पोस्टर, खिलौने तथा गहनों के डिजाइन आदि बनाने में महारथ हासिल है।

MOTHER TERESA
(PLATE-28)

Mother Teresa is a well known personality of the world. She is famous for her care, devotion and love for the orphan and destitute. Husain painted this saintly woman in his style in oil on canvas in 1988. Husain divided the whole composition in to three parts by two conical pillars of yellow and light brown colours. The central portion is larger than the left and the right ones. In the left side, Mother Teresa is shown in sitting posture. A child completely nude is shown in her lap in yellow ochre colour. Mother is wearing yellow saree with blue border in a very special style of catholic churches. In this oil painting, Husain painted her face featureless in dark tone. In the middle portion, two sisters or devotees of Mother also having featureless dark faces dressed up like Mother, are shown in white sarees. One has raised her hand in blessing mode. A reclining male figure in Indian red colour is lying in sister's lap covering the whole space of canvas from left to right. His left leg is also in Mother's lap. An attendant is touching his hand. The white veil of one of the sisters is shown extended towards the right portion. Most of the colours look flat but the vibrations of light and dark tone are magically visible. Lines are bold, sharp and full of expression. Basically this painting is Husain's gratitude to her unparallel motherhood. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

मदर टेरेसा

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मदर टेरेसा को आज के युग में कौन नहीं जानता। वे दीन, दुःखी, असहाय एवं अनाथों को अपनी शरण में लेकर उनकी सेवा करना ही अपना धर्म समझती थी। ऐसी संत महिला के जीवन पर आधारित विभिन्न माध्यमों में आज के महान चित्रकार हुसैन ने अनेक चित्र बनाये हैं जो भारतीय कला जगत की अमूल्य धरोहर हैं। प्रस्तुत चित्र सन् 1988 में तैल रंग द्वारा बनाया गया था। इस कलाकृति में उन्होंने पूरे कैनवास को चित्र में अंकित दो स्तम्भों द्वारा तीन भागों में बाँट दिया है। मध्य भाग, दाहिने एवं बायें भाग की अपेक्षा बड़ा है। बायें भाग में मदर बैठी हुई दिखाई गई हैं। पीले–भूरे रंग में चित्रित एक नग्न बच्चा उनकी गोद में है। मदर टेरेसा नीले कोर वाली पीले रंग की साड़ी पहने हुए हैं। इस चित्र में हुसैन ने उनकी मुखाकृति को गहरे रंग से आकृतिहीन बनाया है। मध्य भाग में मदर की दो सहयोगिनियों को सफ़ेद साड़ी में दिखाया गया है। उन दोनों की मुखाकृति भी आकृतिहीन है। एक ने अपना हाथ आशीर्वाद मुद्रा में उठा रखा है। पूरे कैनवास पर बायें से दायीं ओर तक एक आदमी असहाय अवस्था में दोनों सहयोगिनियों की गोद में लेटा हुआ है। यह भारतीय लाल रंग में चित्रित है। इसका बाया पैर मदर की गोद में है। घुटनों के बल बैठी एक लड़की उसके हाथ को स्पर्श कर रही है। इस चित्र की रेखाएँ स्पष्ट हैं। इसमें अधिकतर सपाट रंगों का प्रयोग किया गया है। फिर भी गहरे एवं हल्के रंगों का प्रकम्पन चित्र को जीवन प्रदान करता है। करुणामय भावों से भरा यह चित्र विश्व मातृत्व को हुसैन की ओर से सम्मान देता हुआ प्रतीत होता है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

K. K. HEBBAR
(1912-1996)

Hebbar was born on June 15, 1912 in a scenic village Kattingeri in South India. From his childhood, he painted the village life, village festivals and its folk culture which has been also reflected in his advance work. He took Diploma in Art & Painting from Sir J. J. School of Art, Bombay in 1938 and later he studied Art at Academy Julien, Paris in 1949-50. Earlier, his style was a good combination of Impressionism, Ajanta, Mughal and Rajput style. Further, he used both the rustic imagination and urban sophistication to make his style original. The lines used in his work are simple, bold, lyrical and rhythmic which beautify the space and differentiate him from other artists. Mostly, he painted Indian village life filled with farmers, builders, dancers, musicians, fisherman etc. His contribution in the field of portraitures, murals and creative illustrations is also remarkable. Being a figurative painter, he painted it in a very natural way. Overall Hebbar was a very promising, creative, humanistic and idealistic artist of modern India.

के0 के0 हेब्बर
(1912–1996)

कृष्ण कुमार हेब्बर का जन्म 15 जून 1912 को दक्षिण भारत के एक रमणीय गाँव कटिनगेरी में हुआ था। कला के प्रति गहरी रुचि होने के कारण बचपन में उन्होंने ग्राम्य जीवन, ग्राम्य पर्व–त्योहार और लोक संस्कृति पर आधारित चित्रों की रचना की जिसकी छाप उनके बाद के बने चित्रों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। सन् 1938 में उन्होंने सर जे0 जे0 स्कूल ऑफ आर्ट, बम्बई से पेन्टिंग में डिप्लोमा किया और बाद में सन् 1949–50 में जूलियन अकादमी, पेरिस में कला की शिक्षा ली। आरम्भ में उनकी शैली पर अजन्ता, मुगल, राजपूत एवं प्रभाववाद का मिश्रित प्रभाव था। बाद में उन्होंने ग्राम्य जीवन की सरलता व सहजता तथा शहर के बनावटीपन के सामजंस्य से अपनी एक निजी शैली को जन्म दिया। उनके चित्रों में प्रयुक्त रेखायें स्पष्ट, सरल, सुन्दर, लयात्मक एवं तालबद्ध हैं जो चित्रों को जीवन्त करते हुए उन्हें अन्य कलाकारों से अलग करती हैं। उनके अधिकतर चित्र भारतीय ग्राम्य जीवन से सम्बन्धित हैं जिसमें किसानों, भवन बनाने वाले राज–मजदूरों, नर्तकों, गायकों, मछुआरों इत्यादि को दिखाया गया है। उनका योगदान मानवाकृति, भित्तिचित्र और सृजनात्मक आलेखन आदि में अद्वितीय है। आकृति मूलक कलाकार होने के कारण उन्होंने बड़े ही स्वाभाविक ढंग से चित्रों को बनाया है। कुल मिलाकर हेब्बर मानवतावादी, आदर्शवादी एवं सृजनशील कलाकार थे। रेखाओं पर इनकी दक्षता थी। ये भी प्रोगेसिव आर्टिस्ट ग्रुप, बम्बई के स्दस्य थे।

BIRTH OF POETRY
(PLATE-29)

'Birth of Poetry' is a famous oil painting of K. K. Hebbar, done in impasto technique. This symbolic painting is based on the story of Valmiki's first composed Sanskrit shloka spontaneously, which later on took the shape of Valmiki's Ramayana. In this horizontal painting, the whole space is divided into two parts by using a light coloured tree trunk. A hunter is shown in the dark area on the left of the composition who has just killed a female crounch bird. The male crounch is sitting and fluttering on the tree. It is looking down sadly to the female crounch lying on the earth. The hunter has a bow in his left hand. The right palm is painted red to symbolize his cruelty for representing the act of killing. The rest portion of the left is painted dark red. On the right side of the tree trunk, a blue block is painted in light and dark tones in which Valmiki is visible. He has raised his right hand angrily. He heard the deep agonizing cry of male crounch who has lost his mate while coming back from the Tamasha river after taking bath. This cry shocked him and his anger bursted. He cursed the hunter in the form of first Sanskrit shloka which is the initial line of Valmiki's Ramayana. The whole scenario of the painting explains its name the 'Birth of Poetry' beautifully. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

कविता का जन्म

इम्पास्टो तकनीक से बना तैल चित्र 'कविता का जन्म' के0 के0 हेब्बर का प्रख्यात चित्र है। यह प्रतीकात्मक चित्र महर्षि वाल्मीकि द्वारा अकस्मात् रचे गये पहले उस संस्कृत श्लोक पर आधारित है जिसने बाद में वाल्मीकि रामायण का स्वरूप ग्रहण किया। इस क्षैतिज आकार के कैनवास को हल्के रंग के वृक्ष के तने को अंकित करके दो भागों में बाँटा गया है। प्रस्तुत चित्र संरचना के बायें भाग में अंकित गहरे अंधेरे स्थान में एक शिकारी को चित्रित किया गया है जिसने अभी–अभी एक मादा क्रौंच पक्षी (सारस) को मार गिराया है। नर क्रौंच पक्षी पेड़ पर बैठा हुआ वेदनाभरी आवाजें निकाल रहा है। वह नीचे पड़ी अपनी साथी मादा क्रौंच पक्षी को बड़ी ही विकलता से निहार रहा है। शिकारी के बायें हाथ में एक धनुष है। उसकी क्रूरता को दिखाने के लिए उसकी दाहिनी हथेली को लाल रंग का दिखाया गया है। बायीं तरफ का कैनवास गहरे लाल रंग से रंगा गया है। पेड़ के तने के दाहिने भाग में हल्के एवं गहरे मिश्रित रंगों से बने एक खाँचे में वाल्मीकि दिखाई दे रहे हैं। क्रोध से उन्होंने अपना दाहिना हाथ ऊपर उठा रखा है। तमसा नदी से नहाकर लौटते हुए उन्होंने उस नर क्रौंच पक्षी का कारुणिक विलाप सुना जिसने अभी–अभी अपनी साथी मादा क्रौंच पक्षी को खोया है। उसकी इस आवाज ने उन्हें स्तब्ध कर दिया और उनका क्रोध फूट पड़ा। उन्होंने संस्कृत में पहले श्लोक के रूप में उसे शाप दिया जो वाल्मीकि रामायण की प्रथम पंक्ति है। इस चित्र का पूरा परिदृश्य इसके नाम 'कविता का जन्म' को सार्थक करता है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

N. S. BENDRE
(1910-1992)

Narayan Sridhar Bendre was a doyen of contemporary Indian art world. He was born at Indore on Aug 21, 1910. Initially he got training in art at the State School of Art, Indore and then took Diploma in art from Bombay in 1933. In the beginning of his career, he mainly painted landscapes in mixed style of wash and tempera. He was very much impressed by robustness of colours used in Indian miniature. He has used rich and bright colours in bold brush strokes. He was influenced by European academic style and impressionist. He travelled all over India, West Asia, Europe, London, Japan and USA to enrich his artistic urge.

In 1950, he joined as a Reader & Head of Painting in M. S. University, Baroda. From 1959-1966, he worked there as a Dean of the Faculty of Fine Arts. He experimented with Cubist, Expressionist and Abstract style and produced a new own style. His painting 'Thorn' done in this style won 'National Award' in 1955. The painting 'Sun flower', 'The parrot and chameleon' and 'Buffalo and a crane' are also made in Cubistic style. But his heart never accepted abstraction and western style. Always he experimented to create a well balanced composition in his style and technique. His principle was that creative thought process should be continued in the artist's mind for making original paintings. He has mastered in the technique of using colours without using lines. His paintings are simple, balanced, attractive and original. He was founder of 'Baroda Group' of artists. The President of India awarded him 'Padmashree' in 1969.

एन0 एस0 बेन्द्रे
(1910—1992)

नारायण श्रीधर बेन्द्रे समकालीन भारतीय कला के डॉन माने जाते हैं। उनका जन्म इन्दौर में 21 अगस्त 1910 को हुआ था। आरम्भ में इन्होंने अपनी कला शिक्षा स्टेट स्कूल आफ आर्ट, इन्दौर में ली थी फिर उन्होंने सन् 1933 में बम्बई से कला में डिप्लोमा लिया था। अपने जीवन के प्रारम्भ में इन्होंने मुख्य रूप से वाश और टेम्पेरा पद्धति की मिश्रित शैली में दृश्य चित्र बनाये हैं। वे भारतीय लघुचित्रों में प्रयुक्त हुये रंगों की ताज़गी से बहुत ही प्रभावित थे। अतः उन्होंने अपने चित्रों में गहरे एवं चटख रंगों का प्रयोग किया है। वे यूरोपीय अकादमीक शैली एवं प्रभाववादी शैली से भी प्रभावित थे परन्तु भारतीयता को सदैव ऊपर रखा। अपनी कलात्मक ऊर्जा को जगाने के लिए उन्होंने सम्पूर्ण भारतवर्ष, पश्चिमी एशिया, यूरोप, लन्दन, जापान और अमेरिका की यात्रा की और सभी स्थानों की कलाओं का अध्ययन किया।

सन् 1950 में उनकी नियुक्ति एम0एस0 युनिवर्सिटी, बड़ौदा में रीडर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में हुई जहाँ उन्होंने 1959 से 1966 तक डीन, फैकल्टी ऑफ फाईन आर्ट्स का पदभार सम्भाला। उन्होंने 'सन फ्लावर', 'द पैरेट एण्ड चमेलियन' और 'बुफैलो एण्ड ए क्रेन' आदि चित्रों को घनवादी शैली में बनाया। लेकिन उनके ह्रदय ने कभी अमूर्त्तन एवं पश्चिमी शैली को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने सभी आधुनिक शैलियों पर प्रयोग करके अपनी एक नई शैली को विकसित किया। इस शैली में बने चित्र 'थॉर्न' ने सन् 1955 का राष्ट्रीय कला सम्मान जीता। उन्होंने बग़ैर रेखाओं के प्रयोग से रंगों को उभारने की शैली में दक्षता हासिल की। उनके द्वारा बनाये गये चित्र सरल, संतुलित एवं आकर्षक हैं। उन्होंने कला के विकास के लिए 'बड़ौदा ग्रुप' की स्थापना की। भारत के राष्ट्रपति ने सन् 1969 में उन्हें 'पदमश्री' से सम्मानित किया।

GOSSIP
(PLATE-30)

This vertical oil painting is done by N. S. Bendre, a creative personality of Bombay art world in 1957 on canvas. In this painting, three village girls are shown engaged in gossiping near a pond. They have put their pitchers near their feet. Their elongated features, thin limbs and face complexions mark tribal origin as seen in the earlier works of Bendre. There is no detail in any portion of the composition. Even eyes, nose and mouth are not shown clearly. The whole painting has been finished in bold patches of many colours such as off white, yellow ochre, cadmium yellow, burnt siena, Indian red, light blue, light green and black. Absence of outlines and special style of applying colours have produced rhythm in this painting. It is made in his innovative style of using colours for creating the forms. Now, it is a collection of Chanakya Gallery, New Delhi.

गपशप

सन् 1957 में बम्बई कला जगत के सृजनात्मक कलाकार एन0 एस0 बेन्द्रे ने इस ऊर्ध्वाधर तैल चित्र को कैनवास पर बनाया। अपनी शैली व तकनीक में पूर्ण संतुलित चित्र संरचना के लिए वे हमेशा नये–नये प्रयोग किया करते थे। उनका सिद्धान्त था कि मौलिक चित्र बनाने के लिए हर कलाकार के मन में सृजनात्मक सोच की प्रक्रिया लगातार चलती रहनी चाहिए साथ ही उसका अभ्यास भी करते रहना चाहिए, फिर चित्र निर्माण करना चाहिए। प्रस्तुत चित्र में गाँव की तीन लड़कियाँ तालाब के किनारे गपशप करने में तल्लीन दिखाई गई हैं। उन्होंने अपने–अपने घड़ो को पैरों के पास रखा हुआ है। उनकी लम्बी आकृतियाँ, हल्के बदन और चेहरे का रंग आदिवासियों की तरह दीखता है जैसा कि बेन्द्रे के प्रारम्भिक काल के चित्रों में दिखाई पड़ता है। चित्र संरचना स्पष्ट नहीं होने के कारण आँख, नाक, कान, मुँह आदि साफ नहीं दीखता है। पूरे चित्र को इण्डियन रेड, पीले, चटख पीले, भूरे, हल्के नीले, हल्के हरे, काले और सफेद रंग के ब्रश स्ट्रोकों से बनाया गया है। वाह्य रेखाओं का प्रयोग बिल्कुल नहीं है। रंगों से आकारों को सृजित करने की उनकी यह कलाविधा चित्रों में एक लय और गति के सामंजस्य को पैदा करती है, जो केवल बेन्द्रे के चित्रों में ही दीखती है। अब यह चित्र चाणक्य गैलरी, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

G. R. SANTOSH
(1929-1997)

Gulam Rasool Santosh was a genius and self trained artist born on June 19, 1929 in Srinagar, Kashmir. He started his career as a craftsman, painter and weaver. He was also a noted writer and poet of Kashmiri language. In 1979, he was awarded 'Sahitya Akademy Award' for his book 'Besukh-Rooh'. He completed formal Art education from M. S. University, Baroda under the reputed artist N. S. Bendre after getting Cultural Scholarship of Government of India in 1954.

Initially he painted landscape of Kashmir valley in various mediums like water colour, acrylic and oil but his indigenous attitude inspired him to paint Indian Metaphysical and Spiritual themes in the geometrical shapes. He studied Tantra philosophy, its origin, forms and symbols in detail. All his paintings are spiritual in nature in which various geometrical shapes are used to narrate the story of soul, God and origin of universe. To draw the depicted thought in the painting is the most difficult part of his work. He was a superb colourist. He had a strong belief that final truth can be known through meditation either about self or about God. He painted universal power and sound in the form of Shiva-Shakti and nature. Hence his works are absolute, abstract and representational which narrate hidden mysteries of metaphysical reality. His efficiency to paint three dimensional space and objects in two dimensional surfaces of canvas made him different from other artists. He was honoured with 'Padmashree' in 1976.

जी0 आर0 संतोष
(1929—1997)

स्वप्रशिक्षित एवं विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न कलाकार गुलाम रसूल संतोष का जन्म 19 जून 1929 को श्रीनगर, कश्मीर में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन की शुरूआत एक शिल्पकार, बुनकर एवं चित्रकार के रूप में की थी। वे कश्मीरी भाषा के प्रमुख लेखक एवं कवि भी थे। सन् 1979 में उन्हें 'बेसुख रूह' नामक पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया। भारत सरकार से सांस्कृतिक स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने एम0 एस0 युनिवर्सिटी बड़ौदा से प्रतिष्ठित कलाकार एन0एस0 बेन्द्रे के अधीन चित्रकला की विशेष शिक्षा प्राप्त की, जो 1954 में पूरी हुई।

आरम्भ में उन्होंने कश्मीर घाटी के दृश्य चित्रों को विभिन्न माध्यमों में बनाया लेकिन उनकी अपनी स्वदेशी प्रवृत्ति ने भारतीय पराभौतिक एवं आध्यात्मिक तथ्यों को ज्यामितीय आकारों में बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने तंत्र शास्त्र की उत्पत्ति, इसके आकारों एवं संकेतों का गहन अध्ययन किया। तत्पश्चात उन्होंने अपनी मौलिक शैली का निर्माण किया और अध्यात्म को आधार मानते हुए अनेक चित्रों की रचना की जो भारतीय आधुनिक कला के लिए उनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने अपने चित्रों में ज्यामितीय आकारों का प्रयोग करते हुए आत्मा, परमात्मा एवं ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की कहानी को चित्रित किया है। उनके चित्रों में दिखायी गयी सोच को व्यक्त करना सबसे कठिन कार्य है। उन्हें पूरा विश्वास था कि अपने 'स्व' या 'परमात्मा' के बारे में पूर्ण सत्य को सिर्फ योग के द्वारा ही जाना जा सकता है। उन्होंने सर्वशक्तिमान सत्ता एवं नाद को क्रमशः शिव—शक्ति और प्रकृति के रूप में चित्रित किया है। अतः उनके चित्र निरपेक्ष, अमूर्त एवं प्रतीकात्मक हैं जो पराभौतिक वास्तविकताओं के पीछे छिपे रहस्यों का बयान करते हैं। वे उत्कृष्ट रंगकर्मी थे। सन् 1976 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया।

UNTITLED
(PLATE-31)

This is an abstract painting of G. R. Santosh based on metaphysical and spiritual philosophy of Tantra-Mantra in which Shiva and Shakti are treated as the creator of the universe. In this philosophy, Mantra is sound and Tantra is its spiritual form. This painting has two perspectives-horizontal and vertical. Its horizontal perspective is shown in the lower part of the painting. Here, snowy white oval shaped Lord Shiva is shown in yellow linear outline. It is placed on betel leaf shaped viridian green beautifully decorated 'Argha'. The white light oozing out from Almighty Lord Shiva depicts His spiritual and divine power. This whole horizontal portion is painted on a white triangular table top. Its vertical visible side is decorated with yellow, green, blue and grey semicircles. In its vertical perspective, the symbol of Shakti has been painted as the third eye of Lord Shiva. The black circle in the central part of vertical eye represents its cornea. The multicoloured geometrical shapes like triangles rhombuses, kites have been nicely used to create strong illusion of three dimensional effects. The superb intermingling of colours reflects the mystic power of this divine eye. The yellow linear outline of snowy white eyeball is surrounded by soft, beautiful and divine oval aura. Broad and colourful marginal border adds extra beauty to this painting. Now, it is a collection of Vadhera Art Gallery, New Delhi.

शीर्षकहीन

यह तंत्र–मंत्र के पराभौतिक एवं आध्यात्मिक दर्शन पर आधारित जी0 आर0 संतोष द्वारा बनाया गया एक अमूर्त तैल चित्र है। इसमें शिव एवं शक्ति को ब्रह्माण्ड का सृजक माना गया है। इस दर्शन में मंत्र को ध्वनि तथा तंत्र को इसका आध्यात्मिक आधार मानकर स्वरूप माना गया है इस चित्र में ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज दो परिदृश्य हैं। चित्र के निचले भाग में इसके क्षैतिज स्वरूप को दिखाया गया है। यहाँ धवल वर्फ जैसे सफेद भगवान् शिव को अण्डाकार रूप में पीले घेरे के बीच दिखाया गया है जिसे पान के पत्ते के आकार के हरे रंग में एक सुन्दर सजे हुए अरघे पर रखा है। अन्तर्यामी भगवान् शिव से आता हुआ श्वेत प्रकाश उनके आध्यात्मिक एवं दैवी स्वरूप को प्रदर्शित करता है। यह पूरा क्षैतिज दृश्य सफ़ेद त्रिभुजाकार टेबुल पर दिखाया गया है। इसका ऊर्ध्वाधर दृश्य पीले, हरे, नीले तथा भूरे रंगों की अर्द्धवृत्ताकार आकृतियों से सजा है। इसके ऊर्ध्वाधर स्वरूप में शक्ति को संकेतात्मक रूप से शिव के तीसरे नेत्र के रूप में चित्रित किया गया है। इस नेत्र के मध्य भाग में बना काले रंग का वृत्त इसका कार्निया है। त्रिविमीय दृष्टि भ्रम को उत्पन्न करने के लिए बहुरंगी ज्यामितीय आकारों जैसे त्रिभुजों, चतुर्भुजों, पतंगों आदि का प्रयोग किया गया है। रंगों के उत्कृष्ट संयोजन से बने इस दैवी नेत्र से रहस्यमय शक्तियाँ बाहर निकलती प्रतीत होती हैं। पीले रंग के किनारे से घिरी बर्फ जैसे सफेद नेत्र गोलक के चारों ओर एक सुन्दर कोमल अण्डाकार दैवी आभा मण्डल बना है। रंगीन एवं चौड़ी किनारी इस चित्र की सुन्दरता को और भी बढ़ाती है। अब यह चित्र बढ़ेरा आर्ट गैलरी, नई दिल्ली के संकलन में है।

TYEB MEHTA
(1925-2009)

Tyeb Mehta is one of the internationally recognized and highly rated artists of India. He is known for his exceptionally beautiful, original and creative paintings. His works are to be bought and held as a long term investment. His painting 'Gesture' was sold for 31 million Indian rupees at the Osian's auction in December, 2005. It has record of being the highest priced Indian painting.

Tyeb Mehta was born on July 26, 1925 in Kapadvanj town of Gujarat. He started his career as a film editor but he left that line soon and joined Sir J. J. School of Art, Bombay. He completed his diploma (1947-1952) in arts from there. From the inspirations of Akbar Padamsee, he joined 'Progressive Artist Group' Bombay. In 1954 he went to London and Paris for four months only. His first exhibition was organized in 1959 at Jehangir Art Gallery, Bombay. After that, he became a regular participant of Group Exhibitions organized at national and international levels. He worked in London from 1959 to 1965 and then came back to India. In 1968, he got a scholarship Rockefeller Fellowship from New York, USA. He was a multitalented artist. He painted his philosophy and unseen realities of the society in his own style. His very famous paintings are 'Trussed bull' and 'Celebration'. He was also a brilliant film maker and experimented in films. His film 'Kudal' won the 'Filmfare Critic's Award' in 1970. The Government of Madhya Pradesh awarded him 'Kalidas Samman' in 1988.

तैयब मेहता
(1925–2009)

तैयब मेहता आज भारत के महंगे एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकारों में से एक हैं। इनके चित्र लम्बी अवधि के धन के विनियोग के रूप में खरीदे एवं रखे जाते हैं। ओशियन द्वारा दिसम्बर 2005 में किये गये चित्रों की नीलामी में इनके एक चित्र 'गेस्चर' को 31 करोड़ रूपये में बेचा गया। यह किसी भी भारतीय चित्र का सबसे महँगा रिकार्ड है।

तैयब मेहता का जन्म 26 जुलाई 1925 को गुजरात के कपाटगंज. गाँव में हुआ था। उन्होंने अपनी जीवनवृत्ति का आरम्भ फिल्म संपादक के रूप में किया था पर शीघ्र ही इसे छोड़कर सन् 1947 में सर जे0 जे0 स्कूल ऑफ आर्ट, बम्बई में प्रवेश ले लिया, जहाँ से उन्होंने सन् 1952 में ललित कला में डिप्लोमा प्राप्त किया। अकबर पद्मसी की प्रेरणा से व प्रोग्रेसिव आर्टिस ग्रुप से जुड़ गये। सन् 1954 में मात्र चार महीनों के लिये लंदन एवं पेरिस गये। उनकी पहली प्रदर्शनी जहाँगीर आर्ट गैलरी, बम्बई में सन् 1959 में लगी। इसके बाद वे सभी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सामूहिक प्रदर्शनियों के नियमित भागीदार बन गये। सन् 1959 से 1965 तक उन्होंने लन्दन में काम किया और फिर भारत वापस आ गये। सन् 1968 में उन्हें न्यूयार्क का रॉकफेलर फेलोशिप मिला। वे एक बहुत प्रतिभाशाली कलाकार थे। उन्होंने अपने दर्शन एवं समाज की अनदेखी वास्तविकताओं को अपनी शैली में चित्रित किया है। 'ट्रस्ड बुल' और 'सेलीब्रेशन' उनके प्रसिद्ध चित्रों में से है। वे एक अच्छे फिल्मकार भी थे और उन्होंने फिल्मों में अपनी प्रतिभा का प्रयोग भी किया है। उनकी फिल्म 'कुदाल' को सन् 1970 में आर्ट क्रिटिक अवार्ड मिला था। सन् 1988 में मध्य प्रदेश की सरकार ने उन्हें कालीदास सम्मान से नवाजा।

DIAGONAL
(PLATE-32)

This square shaped oil painting was done by the famous contemporary Indian artist Tyeb Mehta in 1973. This is one of the beautiful, original and creative paintings of 'Diagonal' series. In this painting, he has painted unseen realities of emotions like sorrow, anguish and despair of the present world. For composing this theme, he has divided the whole space of the canvas into two triangles by using diagonal which is painted in light and dark shades of yellow. The figures are shown broken or cut and appear as if they were falling. It gives momentum to the thought 'United we stand and divided we fall'. These broken and falling figures also create an illusion of three dimensional effects and symbolically represent the lack of co-ordination and harmony in those feelings which once held the society together. Orange, pink, blue, black and peach colours are nicely used in this composition. This painting looks abstract, symbolic and message giving. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

कर्ण

इस वर्गाकार तैल चित्र को समकालीन भारत के महान चित्रकार तैयब मेहता ने सन् 1973 में बनाया है। यह 'डॉयगोनल' शृंखला के सुन्दर मौलिक एवं सृजनात्मक चित्रों में से एक है। इस चित्र में उन्होंने तत्कालीन समाज की दुःख, वेदना, पीड़ा एवं निराशा जैसे अनदेखे मनोभावों को चित्रित किया है। इस रचना को बनाने के लिए पूरे कैनवास को हल्के एवं गाढ़े पीले रंग के कर्ण द्वारा दो त्रिभुजाकार भागों में बाँटा गया है। इस चित्र में बनी हुई आकृतियाँ टूटी हुई या कटी हुई हैं। इन्हें देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ये गिर रही हों। यह उस विचार पर बल दे रहा है कि 'मिलकर हमसब एक हैं, बँट कर कुछ भी नहीं'। ये टूटी हुई और गिरती हुई आकृतियाँ त्रिविमीय दृष्टिभ्रम का प्रभाव उत्पन्न करते हैं। आज यह मनुष्यों में प्रतीकात्मक रूप से सहयोग एवं एकता जैसी भावनाओं में आई कमी को भी प्रदर्शित करता है जो कभी समाज में सामंजस्य स्थापित करते थे। इस चित्र संरचना में नारंगी, गुलाबी, नीले, काले और पीले रंगों का सुन्दरता से प्रयोग किया गया है। यह चित्र अमूर्त्त, प्रतीकात्मक एवं संदेशात्मक है। अब यह चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

(GRAPHIC PRINTS OF CONTEMPORARY INDIAN MODERN ARTISTS)

N. KRISHNA REDDY

Krishna Reddy is an outstanding innovator, experimenter and master artist in intaglio printmaking. He is internationally acclaimed reputed Graphic designer and genius sculptor. He was born on July 15, 1925 at Chitoor, Andhra Pradesh. He completed diploma in Fine Arts from Visva-Bharati University, Santiniketan (W.B.) in1946. He further took a certificate in Fine Arts during (1951-52) from Slade School of Fine Arts, London. O. Zadkine acknowledged his geniuses and advised him to study engraving with S. W. Hayter, Paris at Atelier-17 workshop. He did so during 1953-1955 which also sharpened his skills. He has introduced a new technique of making multicoloured graphic prints by controlling viscosity of paints or colours. In this style, prints are taken from the same etched, scraped and engraved zinc or copper plate. He has combined etching and intaglio both. Intaglio is a process of making prints in which designs are engraved on hard surface like zinc and copper plates. His creativeness brought international fame and acclamation. His graphic prints are full of lyrical embossed lines and impregnated colours, which compel viewers to look at, to touch and to think over it many times. He received approximately 75 awards. Government of India also awarded him 'Padamshree' and 'Padmabhushan'. There is a permanent print gallery of his works in the Banglore museum. His works inspire every printmaker of India and abroad. He has been a splendid person as a teacher and a guide.

एन0 कृष्णा रेड्डी

कृष्णा रेड्डी इनटैगलियो तकनीक से छापाचित्र बनाने वाले प्रतिभा सम्पन्न अन्वेषक, प्रयोगधर्मी एवं दक्ष कलाकार हैं। इस विधा में उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। जिंक या कॉपर प्लेट जैसी कड़ी सतहों पर डिजाइनों को कुरेद कर छापा चित्र बनाने की प्रक्रिया को इनटैगलियो विधि कहते हैं। इसके अलावा वे एक प्रतिभाशाली मूर्तिकार भी हैं। उनका जन्म 15 जुलाई 1925 को आन्ध्र प्रदेश के चितूर में हुआ था। सन् 1946 में उन्होंने 'कला–भवन', शांतिनिकेतन से ललित कला में डिप्लोमा किया। फिर 1951–52 में उन्होंने स्लेड स्कूल ऑफ फाईन आर्ट्स, लंदन से ललित कला में एक प्रमाण–पत्र हासिल किया। ओ0 जैडकिन ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और एस0 डब्लू हेटर के पेरिस स्थित कार्यशाला में अध्ययन करने की सलाह दी। रेड्डी ने सन् 1953 से 1955 तक ऐसा ही किया, जिससे उनकी सृजनशीलता में और भी निखार आया। उन्होंने पेन्टों व रंगों की श्यानता (घर्षण) नियन्त्रित करके बहुरंगी छापाचित्र बनाने की एक नई टेकनीक का विकास किया। इस विधा में एक ही निक्षारित, कुरेदे या उभारे गये जिंक या कॉपर प्लेट से प्रिन्ट बनाया जाता है। उन्होंने निक्षारण एवं इनटैगलियों को मिश्रित किया है। इस सृजनशीलता के कारण उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि एवं प्रशंसा मिली है। उनके छापाचित्रों की उभरी रेखाओं की आकृतियाँ एवं अन्दर तक भरे गए रंग दर्शकों को बार–बार देखने छूने एवं सोचने के लिए विवश कर देते हैं। अब तक उन्होंने लगभग 75 अवार्ड प्राप्त किये हैं। बैंगलोर संग्रहालय में इनके छापा चित्रों की स्थायी गैलरी बनी है। उनके कार्य अपने देश के तथा विदेश के सभी छापा चित्रकारों को प्रेरित करते हैं। वे एक शिक्षक और मार्गदर्शक के रूप में श्रेष्ठ हैं। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित किया है।

WHIRLPOOL
(PLATE-33)

This is an exclusive etching work of N. Krishna Reddy done on zinc plate in intaglio technique. Krishna Reddy is internationally known printmaker for his own distinct style in the field of Graphic art. In this etching work, he has shown an impression of whirlpool in his innovative and experimental style. First he catches the whirling motion of water in his imaginative mind, then he has created it successfully on his print. The tumultuous water is shown coming from all sides towards its centre where it is looks like a spinning point going inside and creates the image of whirlpool. In this itching work closed nets depict front perspective. Beautiful, attractive and lively textures of blue and green colours coming out through the forceful movement of the water produce shiny effect in this Graphic print. In this print, dynamic wavy nature of real whirlpool has been njcely depicted. Now it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

भँवर

यह एन0 कृष्णा रेड्डी द्वारा बनाया गया एक उत्कृष्ट छापा चित्र है जो जिंक प्लेट पर इनटैगलियो तकनीक में बना है। इस चित्र में जल भंवर को अन्वेषणात्मक एवं प्रायोगिक शैली में दिखाया गया है। सर्वप्रथम उन्होंने अपने मन की कल्पना में भँवर के घूर्णी गति को पकड़ा फिर सफलतापूर्वक इसे छापा चित्र में उतारा है। इसमें चारो तरफ से चक्कर काटता हुआ तेजी से आता हुआ जल एक केन्द्र बिन्दु पर पहुँच कर भँवर का निर्माण करता है। इसमें बने बन्द जाल–पथ अग्र परिदृश्य को निरूपित करते हैं। जल के तीव्र बहाव से उत्पन्न नीले तथा हरे रंग के सुन्दर, आकर्षक एवं जीवन्त टैक्सचर इस छापा चित्र में चमक पैदा करते प्रतीत होते हैं। इस चित्र में भँवर की वास्तविक गतिमय एवं लयात्मक प्रकृति को सुन्दरता से दिखाया गया है। अब यह छापा चित्र राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संग्रहण में है।

SOMNATH HORE
(1921-2006)

Somnath Hore was a versatile creative personality in the realm of contemporary art of India. He reflected his creativeness in various modes of expressions e.g. drawing, printmaking, sculpting etc. He was the master of the relief printing media like wood cut, wood engraving, linocut and multicoloured wood cut. He also experimented in intaglio technique and became a self trained matured master of intaglio. He was born in April 1921 in Chittagong in the undivided Bengal. He lost his father Rebati Mohan Hore at the age of 13 years. His mother inspired him to join Communist party. In 1945, he joined Government School of Art, Calcutta. When Communist party was banned in 1949 his academic career got interrupted. Finally he took his diploma from same College in 1957 as an external candidate. In 1958 he joined as a lecturer in Delhi Polytechnic. He got three 'National Awards' in 1960, 1962 and 1963 by Lalit Kala Akademi, New Delhi. In 1969 Somnath became a Professor of Graphic art in Kala-Bhavana, Santiniketan. His efforts and dedication made this department one of the finest Printmaking departments in India. As an artist 'Suffering Humanity' was his main theme. Bengal famine of 1943, the Bangladesh War in 1971 and the Vietnam War in 1975 left deep wounds on his heart and mind. He took these incidents as a crime against humanity. He used skeletal human beings and animal figures with prominent cage of ribs on their thorax for reflecting the emotions of wounded humanity. Their large skull, small face, sticks like legs express the effect of malnutrition on human anatomy.

सोमनाथ होर
(1921–2006)

सोमनाथ होर समकालीन भारतीय कला के माने हुए कलाकार थे। उन्होंने अपनी सृजनशीलता को कई माध्यमों में बिखेरा है, जैसे रेखांकन, चित्रांकन, छापा चित्रण, मूर्ति–शिल्प आदि। लकड़ी को काटना, उसपर नक्काशी करना, लिनो–कट, वुड–कट, बहुरंगी वुड–कट आदि से उभारे हुए छापा चित्र बनाने की कला में इन्होंने महारथ हासिल की थी। उन्होंने इनटैगलियो तकनीक में भी प्रयोग किया तथा इस तकनीक के स्वप्रशिक्षित निपुण कलाकार बन गये। इनका जन्म सन् 1921 के अप्रैल महीने में विखण्डित बंगाल के चटगाँव में हुआ था। उन्होंने 13 वर्ष की आयु में अपने पिता रेवती मोहन होर को खो दिया था। माँ की प्रेरणा से वे कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ गये। सन् 1945 में उन्होंने गवर्नमेन्ट आर्ट्स कॉलेज, कलकत्ता में प्रवेश लिया। जब 1949 में कम्युनिस्ट पार्टी पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया तो उनकी पढ़ाई छूट गई। अन्त में उसी कॉलेज से सन् 1957 में प्राइवेट छात्र के रूप में डिप्लोमा प्राप्त किया। सन् 1958 में उनकी नियुक्ति दिल्ली पॉलीटेक्नीक में लेक्चरर के पद पर हो गई। उन्हें ललित कला अकादमी, नई दिल्ली से तीन बार क्रमशः 1960, 1962 एवं 1963 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सन् 1969 में सोमनाथ 'कला–भवन', शांतिनिकेतन में ग्राफिक कला के प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हो गये जहाँ उनके समर्पण एवं प्रयासों से वहाँ का ग्राफिक कला विभाग देश का सर्वोत्तम छापा चित्र विभागों में एक बन गया। एक कलाकार के रूप में उनका मुख्य विषय पीड़ित मानवता थी। सन् 1943 का बंगाल का भयंकर अकाल, सन् 1971 का बंगलादेश युद्ध और सन् 1975 के वियतनाम युद्ध से उनके दिल व दिमाग पर एक अदृश्य गहरा घाव बन गया। वे इन घटनाओं को मानवता के विरुद्ध अपराध समझते थे। उन्होंने कंकालनुमा मानवाकृति एवं पशु आकृतियों का प्रयोग पीड़ित मानवता के मनोभावों को दर्शाने के लिए किया है। इन आकृतियों में छाती की पसलियों को स्पष्ट रूप से उभारकर चित्रित किया है। मानवाकृति के बड़े शरीर, छोटे चेहरे, छड़ी की तरह पतली टांगे उनके कुपोषण का प्रतीक है जिसके लिए सारा समाज दोषी है, ऐसा कलाकार का मानना है।

CHILDREN
(PLATE-34)

This black and white composition of etching with aquatint was done by famous printmaker artist Somnath Hore in 1958. Basically, theme of this work reflects the injustice to innocent and poor people of our society. This is a close-knit isolated composition of five standing members of a Poor family. Two boys are standing closely with their mother. They are looking helplessly towards a girl standing in their right side. This girl might be their sister whose back portion is visible. One front looking child is shown at the top of the painting. The visible parts of his body are face and hands. All members are shown in torn clothing. A thread is shown in the neck of front standing boy. Their bloated stomach, large head, small faces, protruding eyes, ribs of thorax and cheek bones are speaking about their inner restlessness and gushing wounds. The mother has put her protective hand on their shoulders sympathetically. This much defined geometrical composition represents the most vulnerable section of humanity. In totality, the whole aspect of the print mirrors the sufferings of the poor. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

बच्चे

'बच्चे' प्रसिद्ध छापा चित्रकार सोमनाथ होर के द्वारा सन् 1958 में बनाया गया हल्का पनीला निक्षारित छापा चित्र है। इसका आधारभूत तथ्य हमारे समाज के गरीब एवं निर्दोष लोगों पर होने वाला अन्याय है। इस छापा चित्र में एक गरीब परिवार के पाँच सदस्यों को दिखाया गया है जिसमें दो बच्चे अपनी माँ के पास असहाय मुद्रा में खड़े हैं तथा दाहिनी ओर खड़ी लड़की सम्भवतः उन दोनों बच्चों की बहन हो सकती है। लड़की के शरीर का पिछला हिस्सा पीठ, उसका आधा चेहरा एवं हाथ दिखाई पड़ रहा हैं। सभी मानवाकृतियाँ फटे–चिथड़े कपडों में हैं। छापा चित्र में ऊपर की ओर सामने देखता हुआ एक बच्चा दिखाया गया है। सबसे आगे वाले बच्चे के गले में एक धागा है। उसके फूले हुए पेट, बड़े आकार का मस्तक, छोटा चेहरा, बाहर की ओर निकली हुई आँखें, छाती की पसलियाँ एवं गालों की हड्डियाँ उनकी अन्तर्व्यथा और गहरे घावों के सम्बन्ध में बोल रही हैं। सहानुभूतिवश माँ ने अपना एक हाथ उसके कंधे पर रखा हुआ है। मानवता के अति निम्नवर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली यह अति परिभाषित चित्र संरचना है जो गरीबों की वेदना को प्रदर्शित करती है। अब यह कृति राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली के संकलन में है।

JYOTI BHATT

A noted Graphic printmaker and reputed photographer Jyoti Bhatt is a product of Gujarat. He was born at Bhawnagar in Gujarat in 1934. He took diploma in painting with Graphic art in 1954 and Post diploma in creative painting in 1956 from M. S. University, Baroda under Stalwarts like N. S. Bendre, K. G. Subramanyan and Sankho Chaudhury. He also did two years course in Graphic printmaking from Pratt Institute, USA. His main mission as an artist is to preserve and to seek inspiration from folk art tradition of ruler India. The photographic documentation 'Living Traditions of Folk Art and Tribal Art in India' is his great achievement in this regard. He worked as a painter from 1954-1969 and taught as the faculty of Fine Arts in M. S. University, Baroda.

In 1970 he learned intaglio method and screen painting. Then, he became a prominent etcher. His etchings are very fine and have capacity of giving messages. These are well planned in execution and design. Their texture is very artistic. He has natural command over lines and creates fine pattern in embossed intaglio printing in his own style. He won Gold Plaque at National Exhibition in 1956 and National Award in 1964 by Lalit Kala Akademi, New Delhi. He also got First Prize for designing Postage stamp in a competition organized by Indian Government to mark Silver Jubilee of India's Independence.

ज्योति भट्ट

देश के जाने–माने छापा चित्रकार और प्रसिद्ध फोटोग्राफर ज्योति भट्ट का जन्म गुजरात में भावनगर में सन् 1934 में हुआ था। उन्होंने सन् 1954 में ग्राफिक कला में डिप्लोमा प्राप्त करने के तुरन्त बाद 1956 में सृजनात्मक कला में पोस्ट डिप्लोमा का कोर्स एम0 एस0 युनिवर्सिटी, बड़ौदा से किया। जहाँ उनके मार्गदर्शक एन0 एस0 बेन्द्रे, के0 जी0 सुब्रह्मण्यम और शंखो चौधरी जैसे महान कलाकार थे। उन्होंने दो वर्षो का प्रिन्ट बनाने का कोर्स भी प्राट यूनिवर्सिटी, यू0 एस0 ए0 से किया। कलाकार के रूप में उनका मुख्य ध्येय ग्रामीण भारत की परम्परागत लोक कलाओं को संरक्षित करना तथा उनसे प्रेरणा लेना है। इस सन्दर्भ में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि उनका फोटोग्राफिक वृत्त चित्र 'लिविंग ट्रेडिशन्स ऑफ फोक आर्ट एण्ड ट्राइबल इन इण्डिया' है। 1954 से 1969 तक उन्होंने एक स्वतन्त्र कलाकार के रूप में कार्य किया, फिर एम0एस0 यूनिवर्सिटी बड़ौदा के ललित कला संकाय में अध्यापन का कार्य करने लगे।

सन् 1970 में उन्होंने इनटैगलियो तकनीक एवं स्क्रीन पेंटिग बनाना सीखा। तत्पश्चात् वे भारत के प्रख्यात छापा चित्रकार बन गये। उनके छापा चित्र उत्कृष्ट एवं गूढ़ संदेश देने वाले हैं। उन्होंने छापा चित्रों को बड़े ही योजनाबद्ध तरीके से बनाया है। इनके छापा–चित्रों के टेक्सचर्स बहुत ही कलात्मक हैं। रेखाओं पर पूर्ण नियन्त्रण होने से वे उभरे हुए इनटैगलियो छापा चित्र की रचना अपनी निजी शैली में कर पाने में सक्षम है। उन्हें 1956 की राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में गोल्ड–प्लेक तथा 1964 में ललित कला अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। भारतीय स्वतन्त्रता की रजत जयन्ती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित डाक विभाग के लिए टिकट डिजाईन बनाने की प्रतियोगिता में उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया।

DEVI
(PLATE-35)

'Devi' is an excellent image of deep etching done by a famous Indian Graphic artist Jyoti Bhatt. He creates an attractive texture of serpentine form in intaglio technique. This work is based on the concept of Kundalini power which lies in the Muladhar chakra (end point of spine) in all human beings. Any one of us can get empowered with the power of this Kundalini by meditation under the guidance of Siddha Guru. When this power arises in a person, it generates immense power to feel divine pleasure and light for ever.

Jyoti Bhatta shows the female fertility power in the lower part of this composition and male power in the heart of Devi. The spiritual grace of Devi is depicted by two flowers shown on her cheeks. She is shown wearing flowers in her ears. On her symbolically depicted right palm three words 'Pseudo', 'Tantrik' and 'Kundalini' are written in English script while one word 'Devi' is written in Devnagari script. Similarly, on her left palm, the artist has written his name in English and three words 'Tantrik', 'Ram-Ram' and 'Shree' in Devnagari script. In the midst of serpentine kundalini the word 'Ram-Ram' is also written. On the forehead or Bhrikuti (where soul resides) of Devi a brilliant vermillion colour Bindi makes it beautiful. Her large open eyes resemble the image of Goddess Durga. Now, it is a collection of National Gallery of Modern Art, New Delhi.

देवी

'देवी' प्रसिद्ध भारतीय छापा चित्रकार ज्योति भट्ट द्वारा बनाया गया सर्वोत्कृष्ट गहरा निक्षारित प्रतिबिम्ब है। इसमें उन्होंने इन्टैगलियो टेकनीक में आकर्षक टेक्सचर वाली सर्पाकार आकृति की रचना की है। यह कृति कुण्डलिनी शक्ति के संदर्भ पर आधारित है, जो सभी मनुष्यों के मूलाधार चक्र, रीढ़ की हड्डी के सबसे नीचे की ओर रहता है। कोई भी मनुष्य सिद्ध गुरु के मार्गदर्शन में योगासन द्वारा इस कुण्डलिनी शक्ति को जगा सकता है। जब यह शक्ति जाग जाती है तो व्यंक्ति हर पल दैवी ज्योति एवं परम आनन्द में निर्लिप्त रहता है।

